श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 200, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज शनिवार 19 अगस्त 2023 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# 'युवाओं ने हर कालखंड में दी समाज को नई दिशा'

## यूथ-20 समिट के उद्घाटन में शामिल हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ,हमें विशिष्ट बनाती है डेमोग्रॉफी, डेमोक्रेसी व डायवर्सिटी की त्रिवेणी: योगी

**लखनऊ/वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब मैं युवा साथियों के बारे में सोचता हूं, कहीं से लगता है कि युवाओं की प्रतिभा पर प्रश्न खड़ा करने का प्रयास किया जाता है तो मुझे इस बात का दुख होता है कि कौन सा ऐसा कालखंड नहीं था, जब युवाओं ने अपनी प्रतिभा व ऊर्जा से समाज को नई दिशा न दी हो। प्राचीन काल से भारत की व्यवस्था को देखें तो युवाओं ने अपने समय में अनेक कार्य किए। युवा शक्ति के रूप में मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम भी याद आते हैं, उन्होंने संकल्प लिया था 'निसचर हीन करऊं महि, भुज उठाई पन कीन्ह'... जब भारत की धरती से उन्होंने राक्षसी प्रवृत्ति को पूरी तरह समाप्त करने का आह्वान किया था, तब राम युवा ही थे। मथुरा को कंस व राक्षसों के अत्याचार से मुक्त करने वाले 'परित्राणाय साधुनाम्, विनाशाय च दुष्कृताम्' का आह्वान करने वाले श्रीकृष्ण भी युवा ही थे। दुनिया को निर्माण का संदेश देने वाले महात्मा बुद्ध, ज्ञान प्राप्त करने के बाद पहला उपदेश इसी सारनाथ में देते हैं, तब वे भी युवा ही थे। यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को वाराणसी में कहीं। वे रुद्राक्ष इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर, सिगरा में जी-20 के तहत आयोजित यूथ-20 समिट के उद्घाटन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।





### 'उच्च चरित्र वाले लोग समस्त संसार को ही परिवार मानते हैं'

**प्राचीन** काल से धर्म व अध्यात्म की नगरी होने के साथ ही भारत के अध्यात्म दर्शन, शिक्षा, साहित्य और कला की भूमि के रूप में भी यह प्राचीन नगरी के रूप में जानी जाती रही है। वाराणसी उत्तर प्रदेश के प्रमुख महानगरीय होने का सौभाग्य प्राप्त करती है। इसमें न केवल उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक व आध्यात्मिक परंपरा, बल्कि कला, संगीत व शिक्षा की प्रमुख नगरी के रूप में भी वाराणसी समेत उप्र के अनेक नगरों को यह सौभाग्य प्राप्त हुआ है कि वह भारत के हृदय स्थल के रूप में पहचान बनाने में सफल हुए हैं। वाराणसी इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि भगवान बुद्ध ने सारनाथ में पहला उपदेश दिया था, जो आज भी बौद्ध अनुयायियों के लिए पवित्र व आकर्षण का केंद्र बना है। सीएम योगी ने कहा कि जी-20 की थीम वन अर्थ, वन फैमिली, वन फ्यूचर यह भारत की उस प्राचीन व्यवस्था को प्रस्तुत करता है, जिसने हजारों वर्ष पहले दुनिया को वसुधैव कुटुम्बकम् का संदेश दिया था यानी परिवार को पूरी दुनिया मानने वाली व्यवस्था। यह मेरा, यह तेरा संकुचित लोगों की सोच है। उच्च चरित्र वाले लोग समस्त संसार को ही परिवार मानते हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री व वाराणसी के सांसद व नरेंद्र मोदी का आभारी हूं, जिन्होंने जी-20 समिट से जुड़े कई समिट के आयोजन का अवसर यूपी को दिया। इसमें वाई-20 का मुख्य समिट वाराणसी में आयोजित हो रहा है। सीएम ने उम्मीद जताई कि वाई-20 का यह समिट दुनिया भर के युवाओं के लिए नई प्रेरणा का संदेश देकर जाएगा। रानी लक्ष्मीबाई, महाराणा प्रताप, अभिमन्यु, वीर सावरकर भी युवा ही थे। सीएम ने कहा कि भारत के अंदर चार कोनों में चार पीठों की स्थापना करने वाले व भारत की सांस्कृतिक एकता को मजबूती प्रदान करने वाले आदि शंकर मात्र 32 वर्ष तक ही जीवित रहे। स्वामी विवेकानंद ने भारत की प्रतिष्ठा को बढ़ाने का कार्य किया। उन्होंने महज 39 वर्ष ही जीवन जिया। स्वामी प्रणवानंद ने मात्र 42 वर्ष का जीवन जीया था। 'सवा लाख से एक लड़ाऊं' का उद्घोष करने वाले गुरु गोविंद सिंह, महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी जी महाराज भी युवा ही थे। रानी लक्ष्मीबाई काशी में जन्मी थीं। मात्र 23 वर्ष की आयु में झांसी की आजादी के लिए युद्ध लड़ा था। 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा' का उद्घोष करने वाले नेताजी सुभाष चंद्र बोस भी युवा ही थे। भारत की आजादी के लिए क्रांतिदूत बनकर बलिदान देने वाले चंद्रशेखर आजाद, राम प्रसाद बिस्मिल, सुखदेव, राजगुरु, अशफाक उल्ला खां, ठाकुर रोशन सिंह आदि क्रांतिकारी युवा ही थे। विनायक दामोदर सावरकर को मात्र 28 वर्ष की आयु में दो बार आजीवन कारावास की सजा हुई, वे भी युवा ही थे।

### विविधता व एकता के कारण भारत दुनिया के नागरिकों के लिए आकर्षण का केंद्र: सीएम

**सीएम** ने कहा कि **डेमोग्रॉफी**, डेमोक्रेसी व डायवर्सिटी की त्रिवेणी हमें विशिष्ट बनाती है सीएम ने कहा कि सांस्कृतिक विविधता व एकता के कारण भारत दुनिया के नागरिकों के लिए आकर्षण का केंद्र है।

लोकतांत्रिक परंपराओं पर विश्वास करते हुए 140 करोड़ की आबादी जिस भाव-भंगिमा के साथ एकता व अखंडता के लिए यशस्वी नेतृत्व में कार्य कर रही है, वह भारत को दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी के रूप में भी प्रस्तुत करती है। डेमोग्रॉफी, डेमोक्रेसी व डायवर्सिटी की यह त्रिवेणी हमें विशिष्ट बनाती है।

नित्य नूतन व चिर पुरातन संस्कृति की सुदृढ़ नींव पर हमारा देश अपने स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरा करते हुए अमृतकाल के प्रथम वर्ष में जी-20 के इस आयोजन की अध्यक्षता कर रहा है।

हर भारतवासी न केवल इन आयोजनों के प्रति लालायित है, बल्कि वैश्विक मंच पर उभरते भारत के रूप में प्रस्तुत करते हुए गौरवान्वित महसूस करता है। अध्यात्म दर्शन, शिक्षा, साहित्य और कला की भूमि के रूप में जानी जाती रही है वाराणसी सीएम ने कहा कि वाराणसी बाबा विश्वनाथ का पावन धाम है।

### शीशम के 4.52 तो सागौन के 4.37 करोड़ पौधरोपण कर यूपी ने रचा कीर्तिमान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को हरा-भरा करने की योगी आदित्यनाथ की पहल रंग लाई। योगी आदित्यनाथ ने वृक्षारोपण महाअभियान-2023 के तहत स्वयं पौधरोपण कर इसका शुभारंभ किया। इसमें जनप्रतिनिधियों, सरकारी विभागों, सामाजिक-सांस्कृतिक संगठनों समेत सभी के सहयोग से योगी के यूपी में कुल 36 करोड़, 15 लाख, 98,954 पौधे लगाए गए। प्रकृति व परमात्मा की कृपा वाले यूपी में इन पौधों से अब चहुंओर हरियाली ही दिखेगी। उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक शीशम के 4.52 करोड़ व सागौन के 4.37 करोड़ से अधिक पौधे लगाए गए।

## आपदा में पक्ष-विपक्ष को मिलकर प्रदेश को पटरी पर लाना होगा : हिमाचल भाजपा


**शिमला:** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश में आई मानसूनी आपदा में राहत पहुंचाना प्रदेश सरकार की जिम्मेदारी है, लेकिन इस भीषण में सत्ता पक्ष और प्रतिपक्ष दोनों को मिलकर काम कर प्रदेश को दोबारा से पटरी पर लाना होगा। राजीव बिंदल ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि आपदा राहत की दृष्टि से केन्द्र की मोदी सरकार लगातार प्रदेश की मदद कर रही है। केंद्र सरकार ने प्रदेश में आपदा की घड़ी में 254 सड़कों के निर्माण एवं सुधार हेतु 2643 करोड़ रु की राशि एकमुश्त स्वीकृत की। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना मद के अंतर्गत 2643 करोड़ रू की स्वीकृति हिमाचल प्रदेश की सड़कों के निर्माण एवं सुधार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि चंद दिन पहले ही भूतल परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने हिमाचल प्रदेश के दौरे के दौरान फोरलेन, नेशनल हाईवेज को पूरी तरह ठीक करने का की घोषणा की थी। इन फोरलेन, नेशनल हाईवेज को सही स्थिति में लाने पर हजारों करोड़ रू खर्च होंगे और यह धनराशि केन्द्र की मोदी सरकार से आएगा। उन्होंने कहा कि एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, एयरफोर्स, मिलट्री पूरी मुस्तैदी के साथ राहत एवं बचाव कार्यों में केन्द्र सरकार के दिशा-निर्देशों पर कार्य कर रही है। कांगड़ा में एयरफोर्स द्वारा सबसे बड़ा बचाव अभियान चलाया गया जिसके परिणामस्वरूप सैंकड़ों लोगों को जलमग्न भूमि से निकाला जा सका।

## जेयू कांड: गिरफ्तार सप्तक को लेकर मेन हॉस्टल पहुंची पुलिस

**कोलकाता।** जादवपुर विश्वविद्यालय में बांग्ला विभाग के प्रथम वर्ष के छात्र स्वप्नदीप कुंडू की छत से गिर कर मौत मामले में गिरफ्तार नौ छात्रों में से एक सप्तक कामिला को लेकर पुलिस की टीम शुक्रवार दोपहर विश्वविद्यालय के मेन हॉस्टल में पहुंची है। इसी हॉस्टल की चौथी मंजिल से गिरने की वजह से स्वप्नदीप के जबड़े टूट गए थे और बहुत अधिक खून बह जाने की वजह से केपीसी अस्पताल में उसने दम तोड़ दिया। इस मामले में गिरफ्तार सप्तक प्रत्यक्षदर्शी था।

## हिमाचल की सड़कों में ड्रेनेज और क्रॉस ड्रेनेज बनाना अनिवार्य: मुख्यमंत्री

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में बनने वाली सभी सड़कों में ड्रेनेज और क्रॉस ड्रेनेज बनाना अनिवार्य किया जाएगा। इसकी निगरानी के लिए एक उच्च स्तरीय कमेटी और निगरानी टीमें भी गठित की जाएंगी। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शिमला में आयोजित एक उच्च स्तरीय बैठक में यह जानकारी दी।



मुख्यमंत्री ने कहा कि ड्रेनेज और क्रॉस ड्रेनेज न होने के कारण सड़कें क्षतिग्रस्त हो जाती हैं। उन्होंने कहा कि जिन सड़कों में निर्माण के समय ड्रेनेज नहीं होगी, उन्हें पास भी नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्माण के समय ही गुणवत्तापूर्ण कार्य से सड़कों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है। उन्होंने प्रदेश में भारी बारिश के कारण हुए नुकसान की विस्तृत रिपोर्ट लेकर अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बाधित सड़कों को 24 घंटे कार्य कर बहाल किया जाए। मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग को भूस्खलन से क्षतिग्रस्त सड़कों को खोलने के लिए भारी मशीनरी और उपकरणों का उपयोग सुनिश्चित करने को भी कहा। उन्होंने कहा कि जिला मंडी में बाधित प्रमुख सड़कों को खोलने के लिए अतिरिक्त कार्य बल और मशीनरी की आवश्यकता है। सड़कें पहाड़ की जीवन रेखाएं हैं और इन्हें सुचारू बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है।

## ड्रग्स मामले में फरार पंजाब पुलिस के बर्खास्त एआईजी राजजीत सिंह भगोड़ा करार

**चंडीगढ़।** ड्रग्स मामले में फरार पंजाब पुलिस के बर्खास्त असिस्टेंट इंस्पेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (एआईजी) राजजीत सिंह को कोर्ट ने भगोड़ा घोषित कर दिया गया है। शुक्रवार को मोहाली की जिला अदालत ने एआईजी को भगोड़ा करार दिया है। कोर्ट ने पिछले माह राजजीत सिंह के खिलाफ इश्तिहार लगाने की इजाजत दी थी। पंजाब पुलिस ने एआईजी राजजीत के खिलाफ ड्रग्स मामले में केस दर्ज किया है। इसके बाद से ही फरार होने के बाद से उनकी तलाश के लिए पुलिस ने



लुकआउट सर्कुलर भी जारी किया है। बर्खास्त एआईजी की धरपकड़ के लिए एसटीएफ और पंजाब पुलिस ने प्रदेश समेत अन्य राज्यों में छापमारी की, लेकिन लंबे समय से उसका कोई सुराग हाथ नहीं लगा है। राजजीत सिंह पर कई जिलों में एसएसपी रहते हुए ड्रग्स तस्करों से सांठगांठ का आरोप है। एआईजी पर तरनतारन में एसएसपी रहते हुए नशे के मामलों की जांच हेड कांस्टेबल इंद्रजीत से करवाने का आरोप है। यह भी दावा किया जा रहा है कि एआईजी की मदद करने वाले अधिकारियों की जानकारी पंजाब सरकार के पास है, लेकिन जांच जारी होने के चलते इन नामों को सार्वजनिक नहीं किया गया। राजजीत सिंह को आपराधिक साजिश, रिकॉर्ड में हेराफेरी व जबरन वसूली की धाराओं के तहत भी नामजद किया गया है।

## विपक्ष 2024 के चुनाव मैदान में कहीं हैं ही नहीं : केशव प्रसाद मौर्य

**मुरादाबाद।** विपक्ष 2024 के चुनाव मैदान में कहीं हैं ही नहीं। इनका गठबंधन पार्टी का गठबंधन है। परिवारवाद का गठबंधन है। भ्रष्टाचार का गठबंधन है। तुष्टिकरण का गठबंधन है। देशभर में एकतरफा नरेन्द्र मोदी की लहर चल रही है। 24 घंटे, 24 कैरेट, 24 की तैयारी है और पूरा भारत मोदीमय है।तीसरी बार नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने की तैयारी है। यह बातें उत्तर प्रदेश सरकार में उपमुख्मंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शुक्रवार को मुरादाबाद के पंचायत भवन सभागार में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कही। दो दिवसीय दौरे पर मुरादाबाद पहुंचे उपमुख्मंत्री ने कहा कि समाजवादी पार्टी क समाप्तवादी पार्टी बनना सुनिश्चित है। सपा डूबता हुआ जहाज है। बसपा समाप्ति की ओर है। कांग्रेस मुक्त भारत हो रहा है, जिसकी शुरूआत बहुत पहले उत्तर प्रदेश से ही हुई थी। गुलामनबी आजाद द्वारा यह कहना कि हमारे सभी पूर्वज हिंदू थे, इस पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यह सत्य है।

## लश्कर से जुड़े आतंकियों के दो सहयोगी गिरफ्तार

**बारामूला।** प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े आतंकवादियों के दो सहयोगियों को सुरक्षा बलों ने शुक्रवार को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से दो ग्रेनेड और आठ पिस्तौल के राउंड और अन्य आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद की गई है। पुलिस द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि जिले के शेर कॉलोनी तारजू में सेना की 52 आरआर के साथ पुलिस कर्मियों द्वारा स्थापित एक संयुक्त नाका चौकी पर दो संदिग्ध व्यक्तियों को तलाशी के लिए रुकने को कहा



गया। संदिग्धों ने सुरक्षा बलों को देखते ही मौके से भागने की कोशिश की लेकिन सतर्क जवानों ने दोनों को पकड़ लिया। पकड़े गए संदिग्धों की पहचान मंजूर अहमद भट और तनवीर अहमद लोन, निवासी दारनाम्बल तारजू के रूप में हुई है। दोनों प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े हुए हैं। बयान में कहा गया है कि तलाशी के दौरान उनके कब्जे से 02 ग्रेनेड और 8 पिस्तौल राउंड और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई है।

पुलिस ने इस संदर्भ में कानून की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

## मोतिहारी में नक्सली कमांडर के घर एनआईए ने की छापेमारी



**पूर्वी चंपारण।** जिले के मधुबन थाना क्षेत्र में एनआईए की टीम ने नक्सली कमांडर रामबाबू राम के घर पर छापेमारी की है।

शुक्रवार सुबह 5 बजे ही एनआईए की टीम उनके आवास पर छापेमारी करने पहुंची। जहां घंटों चले सर्च अभियान के दौरान एनआईए ने कई आपत्तिजनक कागजात बरामद किये हैं। इसके साथ ही एनआईए ने रामबाबू के भाई के घर पर भी दबिश दी। वहां भी सर्च अभियान में टीम ने कई कागजात बरामद किए हैं। हालांकि किस प्रकार के कागजात वहां से बरामद हुए हैं, उनका विस्तृत ब्योरा प्राप्त नहीं हो सका है लेकिन बताया जा रहा है सभी कागजातों को जब्त कर एनआईए की टीम लौट गई है। उल्लेखनीय है कि मधुबन थाना क्षेत्र के कौरिया गांव का रहने वाला रामबाबू 90 के दशक में काफी सक्रिय था। उसने पूर्वी चंपारण जिले में काफी आतंक मचा रखा था।

## लोकसभा से निलंबित अधीर रंजन को बुला सकती है विशेषाधिकार समिति

### लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी को 10 अगस्त को सदन की कार्यवाही से निलंबित कर दिया था

**नई दिल्ली।** लोकसभा की विशेषाधिकार समिति ने कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी को अपनी बात रखने का अवसर देने फैसला किया है। उन्हें 30 अगस्त को समिति के समक्ष पेश होने के लिए कहा जा सकता है। लोकसभा की विशेषाधिकार समिति की आज बैठक हुई। सूत्रों के मुताबिक समिति ने कांग्रेस नेता को एक मौका देने का फैसला किया है। उन्हें समिति की 30 अगस्त को होने वाली बैठक में पेश होने के लिए कहा जा सकता है। सांसद सुनील सिंह विशेषाधिकार समिति के अध्यक्ष हैं। उल्लेखनीय है कि लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी को 10 अगस्त को सदन की कार्यवाही से निलंबित कर दिया गया था। उनपर सदन की कार्यवाही में बार-बार व्यवधान डालने का मामला उठाया गया था।



## भाजपा नारों से जनता को कर रही गुमराह : अखिलेश यादव

**फतेहपुर। आ**ने वाले समय में जो चुनौतियां हमारे सामने आने वाली हैं। उसके निपटने के लिए तैयार रहें। भाजपा लगातार लोगों को नये नये नारों से गुमराह कर रही है। ना किसान की आय दोगुनी हुई, न युवाओं को रोजगार मिला। उक्त बातें शुक्रवार को फतेहपुर जनपद में आयोजित लोक जागरण कार्यक्रम में पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कही। अखिलेश यादव फतेहपुर में लोक जागरण अभियान के अन्तर्गत दो दिवसीय समाजवादी प्रशिक्षण शिविर में शामिल होने पहुंचे थे।



उन्होंने प्रशिक्षण शिविर में मंच से पार्टी कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया और जमकर भाजपा की डबल इंजन सरकार पर निशाना साधा। कार्यक्रम समापन के बाद लखनऊ वापस जाते समय सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पत्रकारों से बातचीत की।

उन्होंने उत्तर प्रदेश व केन्द्र सरकार पर हमला बोला। सपा अध्यक्ष ने कहा कि झूठ बोलने वालों का बोलबाला है। कभी-कभी झूठ वालों को लाभ मिल जाता है। जनता को लगा कि बीजेपी वाले सोना देंगे, लोगों को लगा कि इनकी सरकार आएगी तो बिजली सस्ती मिलेगी और 24 घंटे बिजली मिलेगी। लेकिन 09 साल बाद लोगों की उम्मीदें पूरी होने के बजाए पानी फिर गया है।

# सिटी आस-पास संदेश

## खबर संक्षेप

### राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य का सहसों में आगमन आज

**सहसों।** सिक्किम प्रदेश के राज्यपाल महामहिम लक्ष्मण आचार्य का आगमन आज सहसों के कसेरूआ कला स्थित जिला कोषाध्यक्ष भाजपा गंगापार आशीष केसरवानी के आवास पर एक विशेष मुलाकात कार्यक्रम हेतु सायंकाल हो रहा है। उक्त आशय की जानकारी मनीष केसरवानी जी ने दिया है।

### निष्क्रियता के चलते चार लोगों को पद से हटाया

**झूंसी।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा गंगापार के चार पदाधिकारियो को पद से मुक्त कर दिया गया। यह जानकारी शुक्रवार को किसान मोर्चा गंगापार के जिलाध्यक्ष लक्ष्मीकांत उपाध्याय ने पत्र जारी कर दी बताया कि पार्टी के कार्यो में रुचि न लेने व चल रहे सदस्यता अभियान, किसान सम्मेलन आदि कार्यक्रमो में निष्क्रियता बरतने की वजह से अजय शर्मा, लाल चंद गुप्ता, अनिल कुमार त्रिपाठी, आयुष श्रीवास्तव को किसान मोर्चा के पद से मुक्त कर दिया गया।

# कपड़ा व्यवसायी ने फांसी लगाकर दी जान, परिवार में मचा कोहराम

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** शहर के मुट्ठीगंज में कपड़ा व्यवसायी ने फांसी लगाकर जान दे दी। सुबह देर तक दरवाजा न खुलने पर परिजनों ने जब खिड़की से देखा तो उनकी लाश फंदे से लटकती मिली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। व्यापारी ने किन कारणों से यह कदम उठाया पुलिस इसकी छानबीन कर रही है। मुट्ठीगंज निवासी सुशील अग्रवाल (48) कपड़ा की दुकान चलाते थे। बीतीरात वह खाना पीना खाकर अपने कमरे में सोने चले गए। सुबह देर तक न उठने पर परिजनों को चिंता होने लगी। दरवाजा भी अंदर से बंद था। परिजनों ने जब खिड़की से अंदर देखा तो उनकी लाश फंदे से लटक रही थी। शोरगुल होने पर आसपास से लोग जुट गए। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारा। घटना के कारणों का पता नहीं चल सका है। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



### मानसिक विक्षिप्त अज्ञात महिला का मिला शव

**मेजा रोड।** मेजा थाना क्षेत्र के लखनपुर नहर के पास एक मानसिक रूप से विक्षिप्त अज्ञात महिला का शव पड़ा मिला। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची इलाकाई पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर लिखापढ़ी कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह मेजा थाना क्षेत्र के मेजारोड पुलिस चौकी अंतर्गत लखनपुर गांव के समीप नहर के पास एक अज्ञात महिला का शव पाया गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर चौकी प्रभारी मेजारोड विकास कुमार सिंह पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचें और शव की शिनाख्त की कोशिश की लेकिन शिनाख्त नहीं हो पाई। चौकी प्रभारी विकास कुमार सिंह ने बताया कि स्थानीय लोगों ने बताया कि महिला मानसिक रूप से विक्षिप्त थी और तीन-चार दिनों से यहीं आस-पास घूम रही थी।

### बड़ोदरा में काम कर रहे सिंगरा मऊ निवासी युवक की मौत



**सहसों।** सिंगरामऊ गांव निवासी शिव शंकर दूबे पुत्र स्वर्गीय हरि नारायण दूबे 53 वर्षीय गुजरात के बड़ोदरा में रहकर एक निजी कंपनी में कम कर रहे थे। जिससे अपने व परिवार का जीवन यापन भरण पोषण करते थे। गुरुवार की सुबह अचानक तबियत खराब हुई तो वहां पर मौजूद स्वजनों ने इलाज के लिए एक निजी चिकित्सालय में उपचार हेतु ले गए जहां पर डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी मिलते ही परिजनों में रोना पिटना मच गया। मृतक शिव शंकर दूबे के शव का पोस्टमार्टम के पश्चात निजी एंबुलेंस से शव को सिंगरामऊ आवास पर लाया गया जहां पर शव को देखते ही परिजनों में कोहराम मच गया। जिनका अंतिम संस्कार छतनाग घाट पर कर दिया गया। शिव शंकर दूबे के पीछे पत्नी पुष्पा देवी बड़ा बेटा सूरज दूबे व छोटा बेटा सत्यम दूबे सहित अन्य परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।



### संरक्षण में चल रहे खनन पर रोक नहीं लगाई गई तो हों सकती हैं पूर्व घटना की पुनरावृत्ति

**करछना।** प्रयागराज यमुनापार परिक्षेत्र स्थित कोहडार,मेजा थाना क्षेत्र पहाड़ी इलाकों में बड़े पैमाने पर गिट्टी,बालू एवं मोरंग का अवैध खनन निरंतर जारी है और यह सब संरक्षण की आड़ में फल फूल रहा है, सूत्रों की मानें तो इस कार्य में लिप्त माफिया भी पुलिस से भी भारी पड़ रहें हैं उदाहरण स्वरूप बतादे कि 30 जनवरी 2023 को खनन पर अंकुश लगाने वाले धरवारा गांव निवासी युवक ध्रुव सिंह पुत्र प्रदीप सिंह की पीट कर हत्या कर दी गई थी,जिसको लेकर कयी दिन तक लम्बा धरना प्रदर्शन एवं चक्का जाम से पुलिस ने नाकों चने चबाना पड़ा था अगर खनन पर जल्द लगाम नहीं लगाई गई तो किसी भी समय परिणाम भयानक रूप ले सकता है, खनन की मोटी कमाई में लिप्त माफियाओं की बदौलत कभी भी अप्रिय अनहोनी को नजरंदाज नहीं किया जा सकता दूसरी ओर देखा जाए तो सरकार की मंशा माफियाओं पर अंकुश लगाने में जुटी है वहीं दूसरी ओर देखा जाए तो प्रशासन पर भारी माफिया है या फिर मामले को नजरंदाज कर सरकार के मंशा के खिलाफ प्रशासन की कमाऊ नीति भारी पड़ रही है, हालांकि इस संबंध में जानकारी स्थानीय प्रशासन से संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन संपर्क नहीं हो सका।

### यमुनापार में पहली बार घुटने का सफल प्रत्यारोपण : डॉ आर पी पांडे



**करछना।** प्रयागराज यमुनापार स्थित अस्पताल अक्षयवट एवं ट्रामा सेंटर नैनी प्रयागराज में घुटने का सफल प्रत्यारोपण किया गया बड़ोखर , कोराव, प्रयागराज निवासी रोगी नीरज देवी उम्र 37 वर्ष विगत 7 वर्षों से बाय घुटने में संक्रमण के कारण खराब हो गया था और पिछले कई वर्षो से मरीज को चलने में बहुत दिक्कत आ रही थी तब वह नैनी स्थितअक्षयवट अस्पताल में परामर्श के लिए लिए आयी और डॉक्टर आर पी पांडे से परामर्श प्राप्त की जिसमें घुटने के प्रत्यारोपण की सलाह दी गई और घुटने का सफल प्रत्यारोपण किया गया प्रत्यारोपण होने के पश्चात रोगी एवं मरीज के परिजनों ने सफल प्रत्यारोपण के लिए डॉक्टर आर पी पांडे का सादर आभार व्यक्त किया डॉक्टर आर पी पांडे ने बताया कि यह पहला यमुना पार में घुटने से पीड़ित रोगियों के लिए लाभदायक होगा जो कि घुटने के प्रत्यारोपण के लिए बड़े शहरों में जाना पड़ता था ' यह पहल अपने यमुनापार के लोगों के लिए मील का पत्थर साबित होगा उनकी टीम में डॉक्टर मुकेश डॉक्टर इंतेखाब आलम डॉक्टर के के शुक्ला ,डॉक्टर सुमित तिवारी ,संजय अग्रवाल आदि का विशेष योगदान रहा।

### मंडलीय खेल प्रतियोगिता में दिखेगी योगिता केसरवानी की प्रतिभा



**शंकरगढ़।** 27 अगस्त से होने जा रही मंडलीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में शंकरगढ़ की योगिता केसरवानी बैडमिंटन और खो-खो प्रतियोगिता में भाग लेंगी। यह प्रतियोगिता अटेवा कौशांबी स्टेडियम में होगी। योगिता केसरवानी संविलियन विद्यालय शंकरगढ़ में कक्षा आठ की छात्रा हैं। छात्रा के चयन पर शिक्षकों में खासा उत्साह है। संविलियन विद्यालय शंकरगढ़ की कक्षा 8 की छात्रा योगिता केसरवानी नगर पंचायत शंकरगढ़ के निवासी सतीशचंद्र केसरवानी की पुत्री हैं और बैडमिंटन और खो-खो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया था। योगिता के प्रदर्शन की बदौलत उसका चयन मंडलीय प्रतियोगिता में किया गया है। खेल प्रशिक्षक अजय सिंह ने बताया कि योगिता केसरवानी प्रतिभावान है। यदि उसे अच्छा प्लेटफार्म मिला तो अपने क्षेत्र अपना नाम जरूर रोशन करेगी। खंड शिक्षा अधिकारी शिव अवतार सिंह ने योगिता को बधाई दी है और उज्वल भविष्य की कामना की है। बीईओ ने कहा, हम सबको ऐसे प्रतिभावान बच्चों को खोज कर उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना चाहिए। विद्यालय के समस्त अध्यापक छात्रा की उज्जवल भविष्य की कामना की।

### पैक्स सदस्यता महा अभियान : बनाया जा रहा समिति का सदस्य




**जसरा।** विकास खंड जसरा में बी पैक्स सदस्यता महा अभियान 2023 के सम्बन्ध में अपर जिला सहकारी अधिकारी बारा/ करछना संजय कुमार पांडेय ने बताया कि अब क्षेत्र का कोई भी कृषक, अकृषक, कुशल एवं अकुशल श्रमिक, पशु पालक एवं मत्स्य पालक आदि सदस्यता का फार्म भरकर अथवा टोल फ्री नंबर पर काल कर-के अथवा आनलाइन आवेदन करके समिति का निर्धारित शुल्क जमा करने पर समिति का सदस्य बनाया जा रहा है। इन सदस्यों को समिति के पदाधिकारी के रूप में चयनित होने एवं मतदान का पूरा अधिकार होगा। समिति द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त करने का किसानों को अवसर भी प्राप्त होगा। यह अभियान एक सितम्बर से 30 सितम्बर तक चलाया जाएगा। गोष्ठी में निदेशक अनिल मिश्रा,एडीओ सहकारिता राकेश सिंह,लल्लन प्रसाद,अनिल शुक्ला,ज्ञानेन्द पाठक,विजय यादव सहित दर्जन भर समितियों के सचिव मौजूद रहे।

### विश्व हिन्दू परिषद द्वारा अखंड भारत संकल्प दिवस मनाया गया



**धनूपुर।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल जिला गंगापार धनूपुर प्रखंड में पंडित रमाकांत शुक्ला महाविद्यालय शुकुलपुर में बजरंग दल धनूपुर प्रखंड द्वारा अखंड भारत संकल्प दिवस का कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता के रूप में बजरंग दल काशी प्रांत के प्रांत संयोजक सत्यप्रकाश भाईसाहब ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि 14 अगस्त 1947 को भारत माता के धार्मिक आधार पर दो टुकड़े हुए जिसके परिणाम स्वरूप एवं लाखों लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। आजादी से पूर्व एक दिन में इतनी बड़ी कुबार्नी देकर हमें आजादी मिली, जिसका जश्न पूरा देश 15 अगस्त के रूप में मनाता है। परंतु विघटन का दर्द इस जश्न से भी गहरा है इस जख्म को भरने के लिए विश्व हिन्दू परिषद व उसके सहयोगी संगठन बजरंग दल का एक-एक कार्यकर्ता अखंड भारत निर्माण के लिए संकल्पित है। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंडित ह्रदय नारायण शुक्ला एवं भूमिका बजरंग दल जिला संयोजक पवन पांडेय तथा संचालन दुर्गेश शुक्ला जिला धर्म प्रसार विश्व हिंदू परिषद गंगापार के द्वारा हुआ। इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष धनूपुर पंकज शुक्ला, बजरंग दल प्रखंड संयोजक शुभम तिवारी, प्रखंड सह संयोजक सत्यम तिवारी, प्रखंड उपाध्यक्ष विकास जायसवाल, प्रमिल मिश्रा, प्रवीण पांडेय, राघवेंद्र शुक्ला, विवेक सिंह, गोलू पांडेय, अग्निदेव पांडेय एवं विद्यालय के शिक्षक गण व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### समग्र शिक्षा अभियान तथा समेकित शिक्षा योजना की बैठक सम्पन्न



**मऊआइमा।** समग्र शिक्षा अभियान के तहत मऊआइमा संसाधन केन्द्र पर एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों ने हिस्सा लिए। मऊआइमा क्षेत्र के ब्लाक संसाधन केन्द्र हरिसेनगंज में समग्र शिक्षा अभियान के तहत दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों की काउंसिलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार तिवारी द्वारा दीप प्रज्जवलन करके किया गया। अभिभावकों को परणामूलक शब्दों से उत्साहित एंव लाभान्वित किया गया ।कार्यक्रम में कुल 48 अभिभवकों व उनके बच्चों ने भाग लिए। बच्चों ने कविता, गाना प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को समपन्न कराने में लालबहादुर, कुसमा द्विवेदी ने बच्चों और उनके अभिभावकों को भोजन परोसे गए।



### नैनी पुलिस ने चोरी के अभियोग से संबंधित एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

#### नैनी चौकी कस्बा इंचार्ज ने माल किया बरामद

**नैनी।** नैनी कोतवाली क्षेत्र में पुलिस ने चोरी के अभियोग से संबंधित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से चोरी का सामान बरामद बरामद किया गया बता दें कि शुक्रवार को थाना प्रभारी नैनी के नेतृत्व में दरोगा उमाशंकर सिंह चौकी प्रभारी कस्बा ने पुलिस सिपाहियों के साथ चोरी के अभियोग में अन्नू पुत्र भगवती निवासी सब्जी मण्डी थाना नैनी को मुखबिर की सूचना पर जल निगम आफिस के आगे बने शौचालय के पास थाना क्षेत्र नैनी से गिरफ्तार किया गया। थाना प्रभारी नैनी ने बताया कि अभियुक्त उपरोतक्त के कब्जे से चोरी की दो स्टील थाली, एक लोटा स्टील, एक एल्मुनियम की पतीली, एक स्टील डिब्बा, दो स्टील की कटोरी, एक स्टील प्लेट, दो स्टील के ढक्कन, एक लोटा तांबा व 720 रुपए बरामद किये गए और नियमानुसार अग्रेम विधिक कार्यवाही की गई।

# छापर हरदोई में चौपाल लगाकर बीडीओ ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं



अखंड भारत संदेश

**कोरांव।** प्रयागराज खंड विकास अधिकारी धीरेंद्र सिंह यादव ने विकास खंड के छापर हरदौन गांव में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। इस दौरान उन्होंने आवास, शौचालय, मनरेगा, वृद्धा, विधवा, दिब्यांग पेंशन आदि योजनाओं की समीक्षा की। साथ ही शिकायतकताओं की शिकायत सुनते हुए उन्होंने शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया। चौपाल कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीडीओ धीरेंद्र सिंह यादव ने कहा कि ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत सचिव ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं के क्रियान्वयन में कोई लापरवाही ना बरतें। पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाएं जिससे सरकार के लक्ष्य के अनुसार विकास परक योजनाएं धरातल पर फलीभूत हो सके। चौपाल कार्यक्रम में सहायक विकास अधिकारी पंचायत दिनेश चंद्र पाठक, एडीओ आईएसबी रामेश्वर सिंह, ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव समेत भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



### ग्राम चौपाल लगाकर सुनी गई समस्या किया गया निस्तारण

**सहसों।** विकास खण्ड सहसों के ग्राम सभा चक काशीराम स्थित पंचायत भवन में शुक्रवार को ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख गीता सिंह ने कहा कि ग्राम चौपाल सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। इसके माध्यम से गांव में बनाई गई मिनी सचिवालय में ग्रामीणों की समस्या का निदान किया जा रहा है। इसमें ब्लॉक प्रमुख, विकास खण्ड अधिकारी, ग्राम प्रधान, ग्राम सचिव, कोटेदार, लेखपाल एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी सहित सभी लोग मौजूद रहते हैं। जिनकी उपस्थिति में ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर हर संभव निपटाने का प्रयास किया जाता है। चौपाल में रामकरन, विनोद कुमार समेत छह लोगों द्वारा नाली की पाइप टूटने व आवास की मांग आदि समस्या के लिए प्रार्थना पत्र दिया गया। जिस पर विचार करते हुए चार समस्या का मौके पर ही निस्तारण किया गया। इस मौके पर ग्राम प्रधान लवलेश मिश्रा, सेक्रेटरी शशी यादव, प्रमुख प्रतिनिधि शिवनारायण सिंह गप्पू , पद्मेंद्र सिंह, कमलेश मिश्रा, शुभम पांडे, संग्राम मौर्य, चन्द्र प्रकाश तिवारी, पवन तिवारी समेत काफी संख्या में ग्रामीण व पात्र लाभार्थी मौजूद रहे।

## श्रद्धा सुमन के साथ पुण्यतिथि पर याद किए गए सुभाष चन्द्र बोस

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** क्षेत्र के गुलालपुर स्थित श्री राजाराम तिवारी पूर्व माध्यमिक विद्यालय में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की पुण्यतिथि पर उनके तैलीय चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उन्हें याद कर शत-शत नमन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य शिव प्रकाश तिवारी ने श्रद्धा सुमन के साथ नमन कर उनके जीवन के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सुभाष चन्द्र बोस राजनीति के अद्भुत खिलाड़ी व व्यक्तित्व के धनी थे। जो कि सैन्य सेवाकाल में रहते हुए देश की राजनीति में दिलचस्प भूमिका निभाते हुए इस अखंड भारत भूमि के लिए आजाद हिन्द फौज का गठन करते हुए इस महान भारत देश का नेतृत्व किया। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक रमेश कुमार द्विवेदी, कमलाकांत शुक्ला शाहिद आदि शिक्षकों सहित छात्राएं मौजूद रहे। इसी प्रकार भरद्वाज गुरुकुलम संस्थान रुदापुर देवनहरी में आजाद हिन्द फौज के नायक नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए याद किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक वरिष्ठ अधिवक्ता देवराज उपाध्याय ने कहा कि भारत के इतिहास में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के समान कोई दूसरा व्यक्ति या व्यक्तित्व नहीं हुआ। जो एक महान सेनापति, वीर सैनिक एवं राजनीति के अद्भुत खिलाड़ी और अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त नेताओं के समकक्ष बैठकर चर्चा करने वाला हो। इस अवसर पर विनय उपाध्याय, सुभाष चन्द्र, शिवम, सौरभ एवं विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# आखिर किसके दम पर कोटेदारो से हो रही वसूली...

अखंड भारत संदेश

**रत्योरा।** सूबे की योगी सरकार भले ही अवैध वसूली पर पूरी तरीके से अंकुश लगाने के कड़े निर्देश दिए हो लेकिन कोरांव तहसील क्षेत्र में तू डाल-डाल तो मैं पात पात की कहावत चरितार्थ होते देखी जा रही है। अवैध वसूली के खेल में फंसे कोटेदार जहां कार्डधारकों का शोषण कर रहे हैं, वहीं जिम्मेदार अधिकारी कोटेदारों का शोषण करने पर तुले हुए हैं। जिसका नतीजा है कि प्रत्येक गांव के कोटेदार गरीब कार्ड धारकों को मिलने वाले राशन में प्रति यूनिट डेढ़ किलो से दो किलो तक की कटौती करते हैं। कोटेदार प्रत्येक महीने 3500 रुपए अधिकारियों को देने का काम कर रहे हैं। आपूर्ति विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों के इस वसूली के खेल की अगर कोई कोटेदार शिकायत करता है तो उसे उन

**3500 रुपए प्रति माह प्रत्येक कोटेदार से वसूली के चर्चाओं का बाजार गर्म, शिकायत करने वाले कोटेदार अधिकारियों के कोप भाजन का होते हैं शिकार**

अधिकारियों के कार्रवाई का को कोप भाजन होना पड़ता है। कोटेदार संघ के पूर्व में अध्यक्ष रहे भगेसर गांव के कोटेदार राम भजन सिंह ने इस अवैध वसूली के विरोध में आवाज उठाई थी कई कोटेदारों ने विरोध प्रदर्शन भी किया था। जिसके दृष्टिगत विभागीय अधिकारियों ने कोटेदार संघ के अध्यक्ष कोटेदार राम भजन सिंह की दुकान को निलंबित कर दिया था। ऐसे में ग्रामीण गरीब कार्ड धारक भी कोटेदारों से जब कटौती की बात करते हैं तो कोटेदार सीधे कहते हैं कि 3500 रुपए प्रति महीने अधिकारियों को देना पड़ता है। इसलिए अनाज में ही डेढ़ से दो किलो तक की कटौती कर अधिकारियों को पैसा दिया जाता है। कोराव तहसील क्षेत्र के कई कोटेदारों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि प्रत्येक महीने वसूली की रकम न देने पर कोटेदारों पर कार्रवाई की धौंस दी जाती है। कोटेदारों के मुताबिक अधिकारियों के द्वारा वसूली के लिए एजेंट नियुक्त कर दिए गए हैं। एजेंट आए दिन कोटेदारों का शोषण कर उन तक माहवारी शुल्क पहुंचने का काम कर रहे हैं। इस संदर्भ में एडीएम आपूर्ति प्रयागराज से बात की गई तो उन्होंने बताया कि कोटेदारों के यहां पहुंच कर स्थलीय सत्यापन करने के दौरान अगर विभागीय वसूली की बात सामने आती है तो जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज झरोखा

### देश को अखंड भारत बनाकर ही दम लेंगे- नितिन जी



**सहसों।** बजरंग दल द्वारा आयोजित अखंड भारत संकल्प दिवस कार्यक्रम बुधवार को छत्रपति शिवाजी डिग्री कॉलेज सहसों में कॉलेज के प्रबंधक एवं जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार अनिरुद्ध सिंह पटेल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि प्रांत संगठन मंत्री काशी प्रांत नितिन जी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपस्थित लोगों को भारत माता को अखंड बनाने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि क्योंकि देश का बंटवारा 14 अगस्त 1947 को हुआ था जो कि कत्तई मंजूर नहीं है। हम सब एक बार फिर भारत माता की पावन धरा को अखंड भारत बना कर-के ही दम लेंगे। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नितिन जी को अनिरुद्ध सिंह पटेल ने राम दरबार की प्रतिमा भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री विवेक कुमार तिवारी ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष आशुतोष तिवारी, अनिल विश्वकर्मा, आशुतोष शुक्ला, दीपक, पवन पांडे, गौरव जी एवं प्रखंड टोली सहित आदि मौजूद रहे।

### अपने बारे में नहीं, देश के बारे में सोचे : एसबी सिंह



**शंकरगढ़।** आजादी का पावन पर्व एसबीएस एके-डमी मोदीनगर शंकरगढ़ में धूमधाम से मनाया गया। ध्वजारोहण के पश्चात बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इसके पूर्व एसबीएस एकेडमी के चेयरमैन एसबी सिंह ने लोगों से आह्वान किया कि वह अपने बारे में न सोचकर देश के बारे में सोचें तब हमारे देश का नाम होगा। उन्होंने कहा कि आजादी के पूर्व यदि हमारे अमर शहीदों ने केवल अपने बारे में सोचा होता तो आज हम आजाद फिजा में सांस नहीं ले रहे होते। आज भी हम अंग्रेजों के गुलाम होते। उन्होंने कहा कि पूर्व के समय में हमारे देश की शिक्षण व्यवस्था इतनी सुदृढ़ थी कि संपूर्ण विश्व हमारे यहां शिक्षा ग्रहण करने के लिए बेताब रहता था। अंग्रेजों ने इस व्यवस्था को नष्ट करने की नीयत से इंडियन एजुकेशन एक्ट लागू कर हमारी शिक्षा प्रणाली पर कुठाराघात किया। उन्होंने कर्नल कूट की कटी हुई नाक का उदाहरण देते हुए बताया कि हमारे देश के सर्जन ऐसे थे कि कर्नल कूट की कटी हुई नाक ऐसे जोड़ दी थी, जिसे ब्रिटिश पार्लियामेंट में कोई भी नहीं बता पाया था कि कर्नल कूट की नाक कभी कटी भी थी।

### धूमधाम से मनाया गया 77 वां स्वतंत्रता दिवस



**जारी।** श्रीमती इंदिरा गांधी इण्टर कॉलेज में 77 वां स्वतंत्रता दिवस बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अकोढ़ा ग्राम प्रधान मनोज कुशवाहा ने ध्वजारोहण किया तथा राष्ट्रगान के साथ तिरंगे को सलामी दिया।विशिष्ट अतिथि एवं समाजसेवी समर बहादुर सिंह एवं जिला पंचायत सदस्य कौंधियारा राजेश कनौजिया ने छात्र-छात्राओं को स्वतंत्रता दिवस की शुभ शुभकामनाएं दी।विद्यालय के प्रधानाचार्य अमित पाण्डेय ने आए हुए सभी अतिथियों व छात्र-छात्राओं का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन आशीष शुक्ल ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

### सहसों चौराहे पर किया गया पौधारोपण



**सहसों।** स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर अमृत महोत्सव की बेला में मेरी माटी मेरा देश का संकल्प लेते हुए सामाजिक उत्थान संस्थान प्रयागराज के तत्वावधान में छत्रपति साहू जी महाराज पार्क गोल चौराहा सहसों के प्रांगण के सामने वाराणसी मार्ग की तिकोनिया पर अमर मेमोरियल हॉस्पिटल के सौजन्य से पूर्व ब्लाक प्रमुख बहादुरपुर राजकुमार सिंह रिंकू के कर कमलों द्वारा 4 पौधे टी गार्ड सहित आदि प्रकार के पौधों का पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर पूर्व प्रमुख ने कहा कि प्राकृतिक हरियाली, शुद्ध वातावरण, शुद्ध प्राणवायु तथा प्रदूषण मुक्त वायुमंडल के लिए हम सबको पौधारोपण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर पौधों को बड़ा होने तक उनके संरक्षण एवं बचाव के लिए संकल्प लेते हैं। इस मौके पर अमर मेमोरियल हॉस्पिटल के समस्त कर्मचारी एवं सामाजिक उत्थान संस्थान प्रयागराज के कार्यकताओं ने सहयोग करते हुए पौधों की निगरानी करने का संकल्प के साथ उपस्थित रहे।

### अमिलिया तरहार सरकारी महिला हॉस्पिटल में नहीं हुआ ध्वजारोहण



**लालापुर।** क्षेत्र के अमिलिया तरहार में लाखों रुपये खर्च कर के सरकार ने महिला हॉस्पिटल तैयार किया लेकिन सौभाग्य दिखिए की इस हॉस्पिटल में आज तक कोई महिला डॉक्टर नियक्ति नहीं हुई अगर हुई है तो आई नहीं इन दिनों कई महीने से जारी से एक महिला नियुक्ति हुई लेकिन आज तक अमिलिया हॉस्पिटल आई नहीं जिसको लेकर जनता में नराजगी है। वही 15 अगस्त को हर घर स्वतंत्रता दिवस मनाया गया लेकिन इस महिला हॉस्पिटल में कोई भी अधिकारी ध्यान नहीं दिए।जिसको लेकर जनता ने अधिकारियो पर अपना गुस्सा भी जाहिर किये।

## खबर संक्षेप

### नूह में हुई घटना का वीडियो वायरल करने वाले के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**झूंसी।** हरियाणा नूह में हुई घटना से सम्बंधित वीडियो वायरल करने वाले एक युवक के खिलाफ शुक्रवार को झूंसी थाने में शिकायत दर्ज कराई गई तो पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुट गई। कोहना निवासी इरफान ने यूपी पुलिस को ट्वीट कर व झूँसी पुलिस से लिखित शिकायत करते हुए बताया कि कोहना का ही इरशाद नूह में हुई घटना से सम्बंधित विडियो वायरल कर रहा है साथ ही सरकार व पुलिस के प्रति आपत्ति जनक पोस्ट कर सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश कर रहा है। पुलिस ने इरफान की शिकायत पर इरशाद के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश में छापेमारी कर रही है।

### व्यापारियों में दहशत, सीसी टीवी में नजर आए संदिग्ध

**झूंसी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के पुरानी जीटी रोड राम लीला मैदान के पास स्थित व्यापारियों के घरों व दुकानो का गुरुवार की देर रात दो सन्दिग्ध युवकों द्वारा दरवाजा खटखटाये जाने से व्यापारियों में दहशत है। पूरा मामला सीसी टीवी फुटेज में कैद हुआ है। जिसमे एक बिना नंबर की कार रेकी करती नजर आई है। हफ्ते भर पहले हेतापट्टी में हुई घटना को लेकर व्यापारी पहले ही दहशत में है। हेतापट्टी से लगी पुरानी जीटी रोड पर कुछ व्यापारियों के दरवाजों को खटखटाने का मामला प्रकाश में आया है। सीसी टीवी में एक बिना नंबर की कार कई चक्कर लगाती दिखी। फिर दो युवक आये है और दुकान व व्यापारियों के दरवाजों को खटखटाते नजर आए। इस घटना से व्यापारी काफी भयभीत है।

# डीएम ने की स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज-2 के कार्यो की समीक्षा बैठक

## कार्यो में लापरवाही पाये जाने पर कई बीडीओ एवं एडीओ पंचायतो के विरूद्ध की कार्रवाई
## डीएम ने 08 पंचायत सहायको को यूपीआई तथा 05 ग्राम पंचायत अधिकारियों को वितरित किये लैपटॉप

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज-2 के कार्यो की समीक्षा करते हुए उन्होंने व्यक्तिगत शौचालय निर्माण कार्य एवं जीओं टैगिग कार्यो को शीघ्रता से पूर्ण कराने का निर्देश दिया है। उन्होंने कार्यो की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने एवं उसका निरंतर अनुश्रवण करते रहने का भी निर्देश दिया है। शौचालय के निर्माण कार्य की प्रगति धीमी पाये जाने पर जिलाधिकारी ने एडीओ पंचायत कोरांव से स्पष्टीकरण एवं एडीओ पंचायत धनुपुर एवं प्रतापपुर का वेतन रोके जाने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही साथ उन्होंने कार्यो में लापरवाही



पाये जाने पर श्रृगवेरपुर के खण्ड विकास अधिकारी का वेतन रोकने एवं माण्डा तथा भगवतपुर के खण्ड विकास अधिकारी से स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। उन्होंने खण्ड विकास अधिकारियों एवं एडीओ पंचायतो को कार्यो को गुणवत्ता के साथ शीघ्रता से पूर्ण कराने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने कराये जा रहे कार्यो का टीम द्वारा जांच भी कराये जाने का निर्देश भी दिया है। गांव में ठोस एवं तरल कूडे को इक्टठा किये जाने के कार्यो में लापरवाही पाये जाने पर सहसो के खण्ड विकास अधिकारी का वेतन रोके जाने का निर्देश दिया है। इस के साथ ही साथ जिलाधिकारी ने चरागाहों में नेपियर घांस की बुआई लक्ष्य के सापेक्ष्य शत-प्रतिशत किये जाने एवं आयुष्मान कार्ड को भी शीघ्रता से बनवाये जाने के निर्देश दिये है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने 08 पंचायत सहायको को यू0पी0आई0 तथा 05 ग्राम पंचायत अधिकारियों को लैपटॉप वितरित किये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार सहित जिला पंचायत राज अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी तथा एडीओ पंचायत सहित अन्य सम्बन्धित विभागो के अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## तिगनौता में एक घर में मिला आठ फीट लंबा अजगर

### पड़ोसी डाक्टर ने पकड़कर बोरी में भरा वन विभाग की टीम ने ले जाकर जंगल में छोड़ा

**नैनी।** नैनी कोतवाली अंतर्गत तिगनौता वार्ड नंबर 29 पुरानी कब्रिस्तान के समीप रहने वाले घड़ीसाज विमलेश कुमार शर्मा के घर में शुक्रवार को भोर में अजगर मिला। उस वक्त अंधेरा था। विमलेश ने घर के गेट पर ही उसे देख लिया। करीब आठ पफीट के अजगर को पकड़कर जंगल में छोड़ दिया गया। नैनी कोतवाली अ्तगत तिगनौता मोहल्ला निवासी विमलेश



कुमार शर्मा की गंगोत्री नगर तिराहे पर घड़ी की दुकान है। आज भोर में वह अपने मेन गेट से बाहर निकल रहे थे। उसी दौरान उनकी निगाह अजगर पर पड़ी। जिसे देखकर उनकी चीख निकल गई। शोर सुनकर घर के अन्य लोग अ गए। सभी लोगो ने शोर मचाना शुरू कर दिया। पड़ोसी डॉ सूरज के कानों तक आवाज गई तो वह फौरन आकर अपने सूझबूझ के साथ अजगर को पकड़कर एक बोरी में डाल दिए। उसके बाद 112 नंबर डायल किया। डायल 112 पुलिस आ गई। सुबह 7:00 बजे वन विभाग की टीम आई और अजगर को उठा ले गई। डा. सूरज ने बताया अजगर करीब आठ फीट लंबा था। ऐसा लग रहा था की वह बच्चा है।

## एक शाम शहीदों के नाम आयोजित किया गया कार्यक्रम

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी में 15 अगस्त को विशाल तिरंगायात्रा के बाद 17 अगस्त को बलिदानियों को नमन वंदन करने हेतु शहीद चंद्रशेखर आजाद स्मारक समिति ने मिजार्पुर रोड स्थिति शिर्डी साई इलेक्ट्रिकल लिमिटेड के गेट पर एक शाम शहीदों के नाम का कार्यक्रम आयोजित किया,आनंद शर्मा म्यूजिकल ग्रुप द्वारा संगीत के माध्यम से शहीदों को याद किया गया,कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी सुधीर शर्मा जिला परिषद अध्यक्ष अरवल बिहार और समाजसेवी सुजीत सिंह अध्यक्ष सेवा भारती प्रयागराज ने माधव ज्ञान केन्द्र ,सेंट जान कोएड नैनी,एस.एस. कान्वेंट नैनी,सरस्वती शिशु विद्या मंदिर नैनी,पी एन पब्लिक नैनी के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के हाई रैंकिंग बच्चों को आजाद जी की फोटो, और भागवत गीता और डाबर इंडिया की तरफ से शंखपुष्पी भेंट करके सम्मानित किया गया इसके अलावा वेथनी कॉन्वेन्ट की बच्ची अनुप्रिया यादव इंटरनेशनल चैंपियन अंडर-7 और उनकी बहन को मुख्य अतिथि के द्वारा आजाद की फोटो भागवतगीता और एक साल तक डाबर



इंडिया द्वारा के सेल्स हेड आनन्द पाण्डेय की तरफ से एक वर्ष तक अनुप्रिया यादव को शंखपुष्पी मुफ्त देने का वादा किया गया,नैनी क्षेत्र के नवनिर्वाचित सभासद राकेश जायसवाल, मयंक यादव,पार्षद पति पवन यादव (सोनू) और यमुनापार महिला जिलाध्यक्ष सविता शर्मा को आजाद जी की फोटो,अंगवस्त्र,और भागवत गीता देकर सम्मानित किया । इसके पहले कार्यक्रम के संयोजक सुधीर पाण्डेय ,विपिन पाण्डेय,सुनील पाण्डेय, दिलीप शुक्ला और कृष्णानंद पाण्डेय ने मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि का माल्यापर्ण और आजाद जी की फोटो अंगवस्त्र देकर कर स्वागत किया गया,समिति के विशेष सहयोगी,गोलू ठाकुर, अतुल ठाकुर,अतुल सिंह,सौम्या पाण्डेय,धात्री और यशी पाण्डेय को उनके विशेष सहयोग के लिए सम्मानित किया गया, प्रस्तावित कार्यक्रम बारिश होने के कारण डेढ़ घंटे देर साढ़े 9 बजे रात्रि से शुरू होकर 1 बजे रात्रि तक चला कार्यक्रम के अंत मे समिति के संस्थापक अध्यक्ष मुन्ना पाण्डेय आजाद ने आये हुए सभी सम्मानित जनों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए,नौजवानों से बलिदानी परंपरा से सीख लेने और नशामुक्त रहने की सलाह दी,समिति के मीडिया प्रभारी ने प्रशासनिक सहयोग के लिए यमुनापार प्रशासन को धन्यवाद दिया।

## बाइकसवार उच्चके ने अधिवक्ता से छीना मोबाइल

**प्रयागराज।** कचहरी में वकालत करने जा रहे अधिवक्ता की रास्ते में बाइकसवार उच्चके ने मोबाइल छीनने का प्रयास किया। परन्तु अधिवक्ता की सक्रियता से बदमाश के हाथों से मोबाइल छूटकर नीचे जा गिरा। सहसो क्षेत्र के बसमहुआ गांव निवासी मदन सरोज जनपद न्यायालय में वकालत करते हैं। शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे वो जार्जटाउन थाना क्षेत्र के संगम पेट्रोल पंप के पास पहुंचे तो फोन आने पर सड़क किनारे रूककर अधिवक्ता साथी से फोन पर बात करने लगे। बातचीत में मशगूल देखकर उचक्के ने हाथ से मोबाइल झपटना चाहा परन्तु छीनाझपटी में मोबाइल नीचे जा गिरा। एडवोकेट मदन सरोज ने बताया की उनके द्वारा बदमाश का पीछा कर का गाड़ी नम्बर नोट कर लिया गया था। उन्होंने घटना की लिखित सूचना जार्जटाउन थाने में देकर कार्रवाई की मांग की।

## शिक्षक ही बच्चों में पैदा कर सकता है विवेक, साहस व संयम : नीलम

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** निपुण भारत मिशन के तहत बच्चों के सीखने की प्रक्रिया को तेज करने के लिए शुरू किए गए शासन के निर्देश पर शिक्षा चौपाल का आयोजन विष्णु वाटिका गेस्ट हाउस पौसिया में आयोजित किया गया।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व विधायक नीलम करवरिया ने कहा कि निपुण भारत मिशन में शिक्षा चौपाल से जनभागीदारी व समुदाय के जुड़ने से सीखने में गति मिलेगी तथा आम लोगो की शैक्षणिक कार्यक्रमो में जुड़ाव भी बढ़ेगा।उन्होंने कहा कि शिक्षक ही बच्चों में विवेक,साहस और संयम पैदा कर सकते हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी ने शिक्षकों से कहा कि निपुण भारत मिशन को सफल बनाने के लिए शिक्षकों को ही महत्वपूर्ण भूमिका निभानी पड़ेगी। परिषदीय स्कूलों में आमूलचूल परिवर्तन लाने के लिए अपने बच्चों की ही तरह सभी अध्यापकों को अब जिम्मेदारी निभानी पड़ेगी। जनप्रतिनिधियों से भी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने अपील करते हुए कहा

### निपुण भारत मिशन के तहत पौसिया में शिक्षा चौपाल व शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित



कि विद्यालयों को स्मार्ट बनाने व सभी मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने में सहयोग दें ।प्रवीण कुमार तिवारी ने कहा मेजा में अधिकांश स्कूलों में जल्द ही स्मार्ट क्लासेस की व्यवस्था की जा रही है उन्होंने चौपाल में उपस्थित टी एल एम प्रदर्शनी की तारीफ की और शिक्षकों से निपुण लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पूरे मनोयोग से कार्य करने की भी नसीहत दी। शिक्षा चौपाल में भाजपा नेता योगेश शुक्ल ने कहा कि गुरु द्रोण ने अर्जुन जैसा व परशुराम ने कर्ण जैसा शिष्य दिया। उन्होंने गुरु की महिमा के बारे विस्तार से बताते हुए कहा कि गुरु अपने कर्तव्यों व आदर्शो के कारण ही सदा से ही वंदनीय रहा है ।शिक्षा चौपाल में उत्कृष्ट शिक्षकों जनप्रतिनिधियों तथा अवकाश प्राप्त शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया ।प्राथमिक विद्यालय बुद्धिमान सिंह के पूरा के सभी बच्चे के निपुण होने पर शैलजा सिंह सहित अनामिका पाण्डे, अनवर अहमद,चंद्रजीत सिंह,सुरेंद्र कुमार,सीरत नसीम को सम्मानित भी किया गया। चौपाल में सिविलियन विद्यालय अमोरा के छात्रों ने निपुण गीत व नृत्य प्रस्तुत कर सबका मनमोह लिया। कार्यक्रम में आये अतिथियों का स्वागत खण्ड शिक्षा अधिकारी कैलाश सिंह व अध्यक्षता जिलाध्यक्ष देवेंद्र श्रीवास्तव ने किया।शिक्षा चौपाल में स्मृति चिन्ह भेंटकर अध्यक्ष मनीष तिवारी ने सम्मिलित सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि गंगा प्रसाद मिश्र, सुशील मिश्र, राजीव त्रिपाठी,बी ईओ माण्डा राजीव प्रताप सिंह, प्रधान संघ अध्यक्ष सुरेश तिवारी, पूर्व प्रमुख मेजा मुन्नन शुक्ल, जिला पंचायत सदस्य देशराज सिंह,पप्पू उपाध्याय,अनिल शुक्ल,गिरीश तिवारी,गोपाल कृष्ण यादव,विनोद पांडे, बीके मिश्र, हसीब सिद्दीकी, पुष्पराज यादव, राम शंकर पांडेय, प्रवीण दुबे, बैकुंठ गिरी, आशीष मिश्र, शशि प्रकाश मिश्र, सुनील, संदीप, अमित शुक्ल, कैलाश सिंह, संतोष अहिरवार, अनिल कुमार, हसन अब्बास, हरिश्चंद्र यादव, अशोक तिवारी, सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।

## डीएम की अध्यक्षता में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक संपन्न



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में शुक्रवार को संगम सभागार में मतदेय स्थलों की सूची को अंतिम रूप दिए जाने के पूर्व समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई क बैठक में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के द्वारा दर्ज करायी गयी आपत्तियों की जांच संबंधित क्षेत्रों के उप जिलाधिकारी, तहसीलदार से कराने के उपरांत आपत्तियों के निस्तारण से प्रतिनिधियों को अवगत कराया गया क बैठक में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में सम्भाजन के पश्चात नवीन बनाए गए मतदेय स्थलों जिनमे कुछ भवन परिवर्तन एवं कुछ नए प्रस्तावित मतदेय स्थल हैं , को अंतिम रूप देने के पूर्व माननीय प्रतिनिधियों को प्रस्तावित मतदेय स्थल के भवन नाम, नवीन भवन में सम्मिलित किए गए मत देय स्थलों की संख्या व क्रमांक एवं परिवर्तन के कारण से अवगत कराया गया कजिलाधिकारी के द्वारा बैठक मे उपस्थित सभी उप जिलाधिकारियों को बीएलओ ऐप पर तेजी से डोर टू डोर सत्यापन की कार्यवाही एवं कंट्रोल टेबल से संबंधित कार्य कराने के लिए निर्देशित किया है कबैठक में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के अतिरिक्त अपर जिलाधिकारी- प्रशासन हर्षदेव पांडे व उप जिलाधिकारीगण उपस्थिति रहे।

## तेज बहादुर सप्रू चिकित्सालय का डीएम ने किया निरीक्षण

### अस्पताल में भर्ती मरीजों का बेहतर से बेहतर उपचार सुनिश्चित रहे, मरीजो को किसी भी प्रकार की परेशानी न होने पाये

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री शुकवार को तेज बहादुर सप्रू (बेली हास्पिटल) का निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान उन्होंने वायरल फीवर मरीजो की जानकारी ली तथा प्रतिदिन कितने ओ0पी0डी0 चल रहे है तथा औसतन कुल कितने मरीजो की देखा जाता है। कि जानकारी ली उन्होंने शुल्क पटल का निरीक्षण करते हुए जानकारी ली कि कुल कितने पर्ची काटी गयी है तथा किस-किस एक्स-रे तथा एम0आर0आई0 के कितनी पर्ची हैं। निरीक्षण के दौरान फाइलेरिया इन्सपेक्टर सन्तोष कुमार सिंह द्वारा कार्यो में लापरवाही पाये जाने पर उन्हें जिलाधिकारी कार्यालय से सम्बद्ध किये जाने के निर्देश दिये हैं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ओटी कक्ष, पीएसीरूम, ईसीजी, अल्ट्रासाऊण्ड, एक्स-रे तथा रेडियोलाजी विभाग का



निरीक्षण किया, जिलाधिकारी ने रजिस्टर तथा लगायी गयी मशीनो की क्रियाशीलता को भी देखा, तथा वहा पर अभिलेखो का भी निरीक्षण किया। फायर सेफ्टी को अपडेट कराये जाने के लिए कहा, जिलाधिकारी ने ओ0टी0 कक्ष का निरीक्षण करते जानकारी ली कि किस प्रकार के मरीजो का आंपरेशन ज्यादा किया जाता हैं। मेडिसीन की जानकारी ली तथा मरीजो से भी कुशलक्षेम जाना, उन्होंने ओपीडी कक्षो में बाल रोग कक्ष, चर्मरोग, डेगूं वार्ड, पीकू वार्ड, महिला वार्ड एवं बाल रोग कक्ष का भी निरीक्षण किया वहॉ पर प्रतिदिन ओपीडी में देखे जाने वाले मरीजो की संख्या तथा रजिस्टर आदि को भी देखा तथा वार्डो में भर्ती मरीजो से भी दवाओ सहित अन्य सुविधाओ की जानकारी ली, जिलाधिकारी ने कहा कि इमरजेंसी वार्ड में कितने मरीज आ रहे इसकी लगातार निगरानी करते रहे व उनका इलाज बेहतर ढ़ग से हो ये सुनिश्चित रहे, वार्ड में प्रकाश एवं प्रयोग किये जाने वाले यन्त्र की साफ सफाई ठीक रहे। जिलाधिकारी ने वहां पर चिकित्सकों को भर्ती हुए मरीजों का ठीक ढंग से उपचार करने तथा उनकी उचित देखभाल किए जाने के लिए कहा है। डीएम ने चिकित्सालय में दवाओं की उपलब्धता एवं बेड़ों की उपलब्धता के बारे में भी जानकारी ली। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि दवाओं की कोई कमी नहीं है तथा बेड भी आवश्यकता अनुसार उपलब्ध है। जिलाधिकारी ने चिकित्सकों को निर्देशित किया कि अस्पताल में आने वाले सभी मरीजों का बेहतर से बेहतर उपचार सुनिश्चित हो। भर्ती मरीजों को किसी भी प्रकार की परेशानी न होने पाये। इसके साथ ही उन्होंने अस्पताल में आने वाले मरीजों के साथ अच्छा व्यवहार किए जाने के लिए भी कहा है।

## भाजपा ने पंच प्रतिज्ञा लेकर निकाली अमृत कलश यात्रा

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत मीरापुर मंडल में स्थानीय पार्षद साहिल अरोरा के नेतृत्व में अमृत कलश यात्रा निकाली गई एवं क्रांतिकारी सुभाष चंद्र बोस जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष प्रयागराज के महापौर गणेश केसरवानी विशिष्ट अतिथि के रूप में महानगर उपाध्यक्ष अनिल केसरवानी जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महापौर गणेश केसरवानी ने कलश लेकर घर घर संपर्क कर घरों को मिट्टी एकत्रित की। जिलाध्यक्ष गणेश केसरवानी ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए अपने राष्ट्र के प्रति सबको जिम्मेदारी रहने की बात की। अध्यक्षता कर रहे मंडल अध्यक्ष रणविजय सिंह ने कार्यकताओं को इस अभियान को प्रत्येक घरों तक पहुंचाने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम सहसंयोजक दीप द्विवेदी ने किया एवम उपस्थित सभी कार्यकताओं



को राष्ट्र के प्रति मोदी जी द्वारा दी गई पंच प्रतिज्ञा भी करवाई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष रणविजय सिंह मंडल उपाध्यक्ष ज्ञान कुशवाहा अभिषेक ठाकुर मंडल मंत्री अनिल पांडे अलका सक्सेना योगेंद्र कुशवाहा कार्यक्रम प्रभारी सुमित सिंह सहसंयोजक शुभेंद्र सहसंयोजक अजय श्रीवास्तव के नेतृत्व में कार्यक्रम व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ कार्यक्रम में महिला मोर्चा अध्यक्ष रेखा कनौजिया मधुमिता नाथ पुष्पा विश्वकर्मा स्मृति श्रीवास्तव अंकित भोला मीरापुर वार्ड अध्यक्ष सुभाष तिवारी शक्ति केंद्र संयोजक अरुण निषाद सत्येंद्र शर्मा संध्या श्रीवास्तव किरण कपूर महेश निषाद कंचन मौर्य नीरज मोरिया राजेंद्र सिंह शक्ति केंद्र संयोजक मनोज श्रीवास्तव राजेंद्र पांडे विजय चावला शरद मालवीय जावेद भाई डॉक्टर एस एन सिंह आंचल मालवीय मंडल कोषाध्यक्ष दिनेश कनौजिया कुलदीप केसरवानी देवेंद्र त्रिपाठी युवा कार्यकर्ता शिवराज निषाद बक्शी राजा साहू ज्योति भारतीय शाहिद काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## फाफामऊ सिक्स लेन पुल के 63 पिलर बनकर तैयार, छतों की ढलाई का काम शुरू

**प्रयागराज।** महाकुंभ-2025 की बड़ी परियोजनाओं में शामिल सिक्सलेन पुल पर स्पैन रखने का शुरू हो गया है। पुल के 63 पिलर बनकर तैयार हो गए हैं। इसी के साथ छतों की ढलाई का काम शुरू कर दिया गया है। सबकुछ ठीक रहा तो अक्तूबर 2024 तक इस सेतु का निर्माण पूरा हो जाएगा। सिक्स लेन



सेतु का 52 फीसदी काम पूरा कर लिया गया है। एनएचएआई की ओर से शासन को भेजी गई प्रगति रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। तीन चरणों में होने वाले इस सेतु के सभी पिलर बनकर तैयार हो चुके हैं। अब एनएचएआई के सामने महाकुंभ से पहले पुल का निर्माण कार्य पूरा कराने की चुनौती है। अफसरों का दावा है कि पुल अक्तूबर 2024 तक बनकर तैयार हो जाएगा। मलाक चौराहे से राजापुर तक बनने वाले इस पुल लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, प्रतापगढ़, फैजाबाद जाने का रास्ता आसान हो जाएगा।मुख्य सचिव दुगार्शंकर मिश्र की अध्यक्षता में हाल में ही लखनऊ में हुई महाकुंभ की परियोजनाओं की समीक्षा बैठक में सिक्स पुल का निर्माण निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा कराने के लिए कहा गया। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की ओर से 1948.25 करोड़ की लागत से बनाए जा रहे इस सेतु की लंबाई 9.90 किमी है।मलाक हरहर उपरहार तिराहे से शुरू होकर यह सेतु लगभग 500 मीटर प्रतापगढ़ की तरफ होगा। शहर में लाला लाजपत राय मार्ग पर त्रिपाठी चौराहा के पास इसका आखिर छोर होगा। इस सेतु का निर्माण करने वाली सिंगला एंड कंपनी के एमडी सुनील सिंगला ने बृहस्पतिवार को बताया कि पिलरों के निर्माण के बाद अब स्पैन रखा जा रहा है। छत की ढलाई भी शुरू करा दी गई है। कुंभ और माघ मेला के समय यातायात प्रबंधन में भी इससे मदद मिलेगी।

## स्वत्रंत्रता दिवस पर देशभक्ति कार्यक्रमों की रही धूम

अखंड भारत संदेश

**सिरसा।** मेजा क्षेत्र के अंतर्गत स्वंतत्रता दिवस बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मेजा क्षेत्र आजादी के जश्न में ऐसा डूब की हर घर, चौराहे, सरकारी कार्यालयों और निजी संस्थानों और विभिन्न स्कूलों बच्चों व सामाजिक संस्थाओं पर स्वभिमान के साथ तिरंगा फहराया गया। स्वतंत्रता दिवस अमर रहे..15 अगस्त अमर रहे..भारत माता की जय के नारे के साथ प्रभात फेरी एवं एनसीसी,नेवल स्काउड स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा रैली निकाली गयी। इस दौरान सभी ने राष्ट्रगान व झंडे को सलामी दी। बच्चो ने विभिन्न नृतकाओ की प्रस्तुति के माध्यम से देश प्रेम का संदेश दिया। वही नैनिहलो ने देश भक्ति की कविताओं के माध्यम से खूब तालियां बटोरी। 15 अगस्त 1947 में हमे अंग्रेजी शासन से मुक्ति मिली थी। इसी दिन भारत एक स्वतंत्र देश गिने जाने लगा। तब से लेकर हर वर्ष 15 अगस्त स्वतंत्र दिवस के रूप में मनाया जाता हैं। स्वतंत्रता दिवस का राष्ट्रीय पर्व हमे देश के प्रति अपने कर्तब्यों को याद दिलाता हैं। हमारा कर्तब्य हैं कि उन देश भक्तों की कुबार्नी को न भूले जिन्होंने अपने मस्तक देकर हमे स्वतंत्रता का उपहार प्रदान किया। इस दिन हमे देश की एकता और अखंडता की रक्षा का प्रण लेना चाहिए। अनेक संस्थाओं में सांस्कृतिक कार्यक्रमों भी आयोजन श्री राम प्रताप इंटर कालेज सिरसा, सेंट पीटर्स स्कूल सिरसा, सरस्वती ज्ञान मन्दिर सिरसा, लाल राम लाल अग्रवाल इण्टर कालेज सिरसा, लाल लक्ष्मी नारायण डिग्री कालेज सिरसा, श्री के एस चौधरी कन्या इंटर कालेज सिरसा, एस डी पब्लिक

### रंगारंग कार्यक्रमों के बीच मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



स्कूल एंड कालेज रामनगर, ज्ञान दिप इंटरनेशनल स्कूल रामनगर,आर ए मार्डन पब्लिक स्कूल लोहारी, नगरपंचायत सिरसा, पुलिस चौकी सिरसा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर, एन जे मेमोरियल पब्लिक स्कूल रामनगर, टेरा कोटा वर्कर गोनौरा रामनगर, श्री श्रीधर सिंह यादव पीजी कालेज गोशौरा कलां, दुर्गावती इंटरनेशनल स्कूल एवं कालेज गोशौरा कलां, वी आर पब्लिक स्कूल रामनगर, श्रीमती शकुंतला देवी यादव कन्या इंटर कालेज रामनगर,एम एल पब्लिक स्कूल एंड कालेज खानपुर/चौकी सिरसा, चौधरी माता प्रसाद जूनियर हाई स्कूल सिरसा, वासुदेव सिंह महिला महाविद्यालय तरवाई रामनगर,गंगा पब्लिक स्कूल रामनगर,माता दान सिंह इंटर कालेज तरवाई एवं पूरे क्षेत्र में स्वतंत्रता दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया।

## हिंदुस्तान मुदार्बाद का नारा लगाने पर मुकदमा दर्ज

**पट्टी, प्रतापगढ़।** स्वतंत्रता दिवस के दिन तिरंगा यात्रा के दौरान युवक द्वारा हिंदुस्तान मुदार्बाद का नारा लगाने पर उसके विरुद्ध देशद्रोह का मामला दर्ज किया गया है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के उड़ैयाडीह बाजार में 15 अगस्त के दिन तिरंगा यात्रा निकाली गई थी, जिसमें लगभग 200 से अधिक लोग शामिल थे। जिसमें भारत माता की जय तथा हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाये जा रहे थे। इसी दौरान बाजार का रहने वाला दीपक गुप्ता पुत्र रमाशंकर गुप्ता ने हिंदुस्तान मुदार्बाद का नारा लगा दिया। उसकी इस करतूत का वीडियो मोबाइल कैमरे में कैद हो गया। बुधवार की रात सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ तो पुलिस ने इसे संज्ञान में लिया और दीपक गुप्ता व जैद अंसारी तथा 10-12 अज्ञात लोगों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया है।

# घुघुरी लोक उत्सव में विशिष्ट महिलाओं को किया जायेगा गुडिया सम्मान से सम्मानित

## भयहरणनाथ धाम में बिहारी लाल अम्बर सहित एक दर्जन कवियों की सजेगी महफिल

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** प्रसिद्ध पांडव कालीन भयहरणनाथ धाम में नागपंचमी के अवसर पर घुघुरी लोक उत्सव में डेढ दर्जन विशिष्ट बालिकाओं व महिलाओं को गुडिया सम्मान से सम्मानित किया जायेगा। जिसमें सम्मानित होने वालों में नगर पंचायत कटरा गुलाब सिंह की नवनिर्वाचित प्रथम महिला सभासदों को भी शामिल किया गया है। घुघुरी लोक उत्सव में पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ श्री सतपाल अन्तिल को प्रतापगढ गौरव सम्मान से अलंकृत किया जायेगा।

महासचिव समाज शेखर ने बताया कि उत्सव के सन्दर्भ में प्रबन्ध समिति व व्यवस्था समिति के साथ कार्यक्रमों को अन्तिम रूप दिया गया। जिसमें देश व समाज के समक्ष उत्कृष्ठ कार्य करने वाली 18 महिलाओं को गुडिया सम्मान से सम्मानित किया जायेगा जिसमें नाम डा0 नीलिमा मिश्रा कवियित्री व इतिहासकार प्रयागराज, प्रतिमा मिश्रा सुप्रसिद्ध लोक गायिका प्रतापगढ, सेजल ठाकुर प्रसिद्ध लोक गायिका, वाराणसी एवं प्रतापगढ श्रुति सिंह चैहान प्रसिद्ध लोक गायिका जौनपुर प्रयागराज,एषा सिंह जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे प्रयागराज, समापिका सिंह सुप्रसिद्ध मंच संचालिका व लोक गायिका प्रतापगढ एवं प्रयागराज, स्निग्धा पाण्डेय प्रधानाचार्य अमर जनता इन्टर कालेज प्रतापगढ, रेनू मिश्रा सुप्रसिद्ध कवियित्री व प्राध्यापिका खेल गांव पब्लिक स्कूल प्रयागराज, खुशबू सिंह उप प्रधानाचार्य एम0बी0डी0 स्कूल कटरा गुलाब सिंह प्रतापगढ,



घुघुरी लोक उत्सव की तैयारी बैठक में मौजूद पदाधिकारीगण।

सारिका श्रीवास्तव उत्कृष्ठ अभिभावक एवं सामाजिक कार्यकत्री प्रतापगढ, रीता सरोज मनरेगा मेठ व समूह संचालिका कल्याणपुर प्रयागराज, डा0 मधुलिका पाण्डेय प्रसिद्ध फिजियोथैरेप्स्टि कटरा गुलाब सिंह प्रतापगढ, सुनीता देवी सभासद पूरे तोरई नगर पंचायत कटरा गुलाब सिंह प्रतापगढ, केतकी सिंह सभासद सराय भूपति नगर पंचायत कटरा गुलाब सिंह प्रतापगढ, श्रीमती कुसुम देवी सभासद बगियापुर नगर पंचायत कटरा गुलाब सिंह प्रतापगढ, निकहत जहां सभासद गोकुला नगर पंचायत कटरा गुलाब सिंह प्रतापगढ, गीता जायसवाल सभासद कटरा गुलाब सिंह नगर पंचायत कटरा गुलाब सिंह प्रतापगढ, फूलकुमारी सभासद गौरा नगर पंचायत कटरा गुलाब सिंह प्रतापगढ के नामउल्लेखनीय हैं। वहीं जनपद के लोकप्रिय पुलिस अधीक्षक सतपाल अन्तिल को प्रतापगढ गौरव सम्मान से सम्मानित किया जायेगा।

वहीं वरिष्ठ पत्रकार शैलेन्द्र मिश्र को महानक्रान्तिकारी राजा बाबू गुलाब सिंह समाजरत्न सम्मान से सम्मानित किया जायेगा। बैठक में तय हुआ कि मौसम को देखते हुए कार्यक्रम का आयोजन पर्यटन विभाग के सभागार में आयोजित होंगे। इस अवसर पर विविध धार्मिक,सामाजिक तथा लोक सांस्कृतिक आयोजन होगें। वहीं गुडडा गुडिया प्रतियोगिता फुलझडी प्रतियोगिता तथा दो किमी0 तेज दौड प्रतियोगिता का आयोजन होगा। कार्यक्रम की शुरूवात भोले बाबा का पूजन करके घुघुरी प्रसाद चढाकर होगी। इस अवसर पर क्षेत्रीय लोक कलाकारों तथा विशिष्ट नामी कलाकारों द्वारा लोक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होगी।

वहीं विराट कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन होगा जिसका केन्द्रीय विषय समान नागरिक कानून व अधिकार तथा राष्ट्र धर्म होगा। आमंत्रित कवि गण जन कवि प्रकाश, उमेश श्रीवास्तव, योगेन्द्र मिश्र, बिहारी लाल अम्बर, डा0 नीलिमा मिश्रा, नजर इलाहाबादी, रेनू मिश्रा, डा0 अशोक अग्रहरि, आलोक बैरागी, शिवम् भगवती, प्रशान्त भरूहिया, आभा मिश्रा आदि शामिल रहेंगे। वहीं विविध विभागों द्वारा जागरूकता परक कार्यक्रम तथा जिला विधिक साक्षता शिविर के आयोजन होगें। कार्यक्रम में उद्घाटन अतिथि के रूप में विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल तथा मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी प्रतापगढ को आमंत्रित किया गया है। स्वागताध्यक्ष के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष मुन्ना यादव होंगे। बैठक में प्रमुख रूप से अध्यक्ष राज कुमार शुक्ल, मुख्य मन्दिर के पुजारी भोला नाथ तिवारी, कोषाध्यक्ष लालजी सिंह, सहकोषाध्यक्ष कमलेश बैश्य, उपाध्यक्ष कार्यक्रम उमाकान्त पाण्डेय, सचिव कार्यक्रम आलोक बैरागी, सचिव चिन्तामणि त्रिपाठी उप सचिव कार्यक्रम राम कृष्ण अग्रहरि, अनिल मिश्र कार्यालय प्रभारी नीरज मिश्र तथा भयहरणनाथ धाम कांवरिया संघ के अध्यक्ष रामू तिवारी, सचिव धोनू सिंह, उपाध्यक्ष अनिल अग्रहरि आदि शामिल रहे।

# संत कबीर मतानुयायी सन्तों का हुआ दो दिवसीय समागम

## कबीर दर्शन पर हुई बौद्धिक संगोष्ठी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** संडवा चन्दिका के ग्राम लोहंग पट्टी में संत कबीर मतानुयायी सन्तों का दो दिवसीय समागम हुआ। खंझड़ी, ढोल, मंजीरा तथा हारमोनियम के संगीत के साथ झीनी झीनी बीनी चदरिया, माटी कहे कुम्हार से, मोको कहां ढूढ़त बंदे, कृस्न करीम एक है, पोथी पढ़ि पढ़ि जग मुआ इत्यादि भजन गाकर सन्तों सबको अभिमंत्रित कर दिया। भक्तजन भावविभोर हो गये।

कबीर विज्ञान आश्रम सुलतानपुर के महंत निमोर्ही साहेब ने कबीर के पदों, साखी, शबद तथा रमैनी के उद्धरण देते हुए कहा कि कबीर दर्शन



बौद्धिक संगोष्ठी में मौजूद संतगण।

आत्मसात करने से ही विश्व कल्याण संभव है। संचालन करते हुए पूर्व बाल न्यायाधीश एवं वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. दयाराम मौर्य रत्न ने कहा कि मानव हितकारी कर्म से लोक परलोक सुधरता है न कि कर्मकांड से। कबीर तत्वज्ञानी थे। उन्होंने सेवा को धर्म बताया। इस अवसर पर संत कोतवाल दास, संत मनोजानन्द, संत रामनेवाज दास ने कबीर गूढ़ दर्शन को सरल भाषा में समझाया। संत राजाराम दास ने ढोल तथा गृहस्थ पप्पू ने मंजीरा बजाया। बड़ी संख्या में भक्तगण अम्मा साहेब ट्रस्ट के ट्रस्टी आनन्द मोहन ओझा, रामचंद्र, जीतलाल, राजेश, अरविंद, वीरेंद्र कुमार, जितेंद्र कुमार, वृजभानु, ऊषा देवी, रामजी मौर्य, चन्द्रगुप्त सुभाष आदिक ने सहभागिता की।

## दबंगों ने युवक को पीटकर किया जख्मी

**पट्टी, प्रतापगढ़।** नाश्ता करने के लिए गए युवक को दबंगों ने मारपीट कर जख्मी कर दिया। पट्टी नगर सिविल लाइन के रहने वाले रोहित बरनवाल तथा शिवानंद बरनवाल ने बताया कि गुरुवार की शाम के समय वह एक दुकान पर चाऊमीन खाने के लिए गया था तभी आधा दर्जन लोग वहां पहुंचे और पीड़ित की जेब से तीन हजार रुपये निकाल कर मोबाइल छीन लिया तथा विरोध करने पर लोहे की रॉड से मारपीट कर जख्मी कर दिया पीड़ित ने आधा दर्जन नामजद तथा चार अज्ञात लोगों के विरुद्ध कोतवाली में शिकायती पत्र दिया है।

# कृष्ण की लीलाओं की कथा सुनकर भाव-विभोर हुए श्रोतागण

## कथा व्यास ने रुकमणि विवाह कृष्ण का गोकुल लौटना आदि का किया रोचक वर्णन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** शहर में रेलवे स्टेशन रोड पर चल रही संगीतमयी भागवत कथा के छठें दिन कथावाचक आचार्य कृष्ण कुमार मिश्र व्यास जी ने कृष्ण की लीलाओं का रोचक वर्णन करते हुए रुकमणि विवाह, कृष्ण का गोकुल लौटना व गुरु संदीपन के पुत्र पुनर्दत्त को यमलोक से लाने का विस्तृत वर्णन किया जिसे सुनकर श्रोतागण भाव विभोर हो गये।

रुकमणि विवाह की कथा में महिलाओं ने विभिन्न कार्यक्रमों में रुकमणि विवाह का दान भी दिया। कोई साड़ी दान कर रहा था तो कोई पाव पूजी की व्यवस्था किये हुए था। इसके अलावा व्यास जी ने बताया कि कंस द्वारा कृष्ण को मारने के लिये कृष्ण के चाचा



कथा कहते कथावाचक आचार्य कृष्ण कुमार मिश्र व्यासजी।

अंकुर से रंगशाला में कृष्ण और बलराम को आमंत्रित कर वहां एक नियोजित तरीके से दोनों को मार डालने की योजना बनाई थी लेकिन चाचा के आमंत्रण पर जब भगवान कृष्ण व बलराम पहुंचे तो उस समय यमुना नदी में चाचा यकू डुबकी लगा रहे थे। जब पहली डुबकी लगाई तो जल के अंदर कृष्ण दिखाई पडे.और बाहर देखा तो वह बलराम के साथ खड़े थे।

यह देखकर उन्हें आभास हो गया कि कृष्ण मनुष्य नहीं, भगवान हैं। इनकी हत्या करना महापाप है और कंस की योजना धरी की धरी रह गई। इसके अलावा व्यास जी ने गुरुकुल में भगवान के लौटने, गुरु संदीपन के पुत्र पुनर्दत्त को यमलोक से लाने का रोचक वर्णन किया। कृष्ण के द्वारिका धाम लौटने पर वहां के लोग खुश रहने की व्याख्या विधिवत किया। अंतिम सोपान में कथा व्यास ने रुकमणि विवाह का सजीव वर्णन कर लोगों को आनंद विभोर कर दिया। बता दें कि 13 अगस्त से शुरू हुई इस कथा में डाक्टर, अधिवक्ता, शिक्षक, नेता व महिलाएं बड़ी संख्या में भाग ले रही हैं। मुख्य यजमान आशा मिश्रा के परिजन शैलेन्द्र मिश्र, कंचन मिश्रा, डा0 संजय मिश्रा, श्वेता, अशोक कुमार मिश्र, नीलम मिश्रा, डा0 अनुराग मिश्रा, दीपिका कथा को व्यवस्थित रुप से संपादित करने में व्यस्त दिखाई दिये।

# अनेकता में एकता को समेटे है हमारा भारतः मुख्तार अहमद हबीबी

## मदरसा दारुल उलूम गुलशने मदीना में धूमधाम से मना स्वतंत्रता दिवस

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** पल्टन बाजार स्थित मदरसा दारुल उलूम गुलशने मदीना में स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त) पर धूमधाम से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मदरसे में ध्वजारोहण प्रबंधक जनाब मेराज अहमद हबीबी ने किया। ध्वजारोहण के बाद मदरसा के बच्चों ने विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किये जिसे सुनकर आए हुए अभिभावकों ने खुशी



मदरसा दारुल उलूम गुलशने मदीना में आयोजित कार्यक्रम में नात सुनाते छात्र।

जाहिर की। छात्रों द्वारा जहां नाते-शरीफ पढ़ा गया वहीं छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय गीत गाया गया। इस दौरान प्रबंधक जनाब मेराज अहमद हबीबी ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम करने से बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा में निखार आता है। ऐसे कार्यक्रम करने से बच्चों में नया उत्साह आता है। इस दौरान प्रधानाचार्य मौलाना जनाब मुख्तार अहमद हबीबी ने शहीद हुये वीर सपूतों को नमन किया और कहा कि हमारा भारत देश अनेकता में एकता को समेटे हुये है। उन्होने कहा कि बच्चे देश के भविष्य है, अपने माता पिता की सेवा करें, उनका आदर करें तभी तरक्की होगी, उन्होंने बच्चों से ईमानदारी और लगन पूर्वक कार्य करते रहने की अपील की। इस मौके पर मौलाना सलीम, मो0 इरशाद, रेहान अहमद, मौलाना अख्तर, मौलाना अनीस, हाफिज दाऊद, महताब आलम, एजाज अहमद, रिजवान अहमद, कदीम अहमद, फिरोज अहमद आदि लोग मौजूद रहे।

## अधेड़ ने लगाई सुरक्षा की गुहार

**पट्टी, प्रतापगढ़।** अपनी पत्नी और अपने बेटे के उत्पीड़न से परेशान होकर एक अधेड़ ने पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र देकर अपने ही पत्नी तथा बेटे के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के मरियमपुर गांव का रहने वाला श्रीराम पाल पुत्र स्वर्गीय फेरई का कहना है कि उसकी पत्नी और उसके बेटे आए दिन उसका उत्पीड़न करते रहते हैं उसे डांट फटकार कर जान से मारने की धमकी देते हैं इसका विरोध करने पर उसे मारने दौड़ते हैं। खाना-पीना भी नहीं देते हैं। पीड़ित ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र देकर अपनी पत्नी और बेटे के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

# भूपेन्द्र नाथ शुक्ल बने न्यासी मण्डल के अध्यक्ष

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जूनियर बार एसोसिएशन पुरातन प्रतापगढ़ का भूपेन्द्र नाथ शुक्ल एडवोकेट को न्यासी मण्डल का अध्यक्ष चुने जाने पर अधिवक्ताओं ने जूनियर बार एसोसिएशन के सभागार में भूपेन्द्र नाथ शुक्ल एडवोकेट का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

माल्यार्पण करने वालों में जूबाए पुरातन के पूर्व महामंत्री जय प्रकाश मिश्र जेपी, रुलर बार एसोसिएशन के मुक्तेश्वरनाथ ओझा, जूनियर बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष विजय शंकर त्रिपाठी, नीरज सरोज, पूर्व उपाध्यक्ष द्वारिका





भूपेन्द्र नाथ शुक्ल का स्वागत करते अधिवक्तागण।

प्रसाद मिश्र, रुलर्स बार एसोसिएशन जिलाध्यक्ष अंजनी सिंह बाबा, उपाध्यक्ष जूनियर बार एसोसिएशन विवेक शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे। इस मौके पर भूपेन्द्र नाथ शुक्ल एडवोकेट के न्यासी मण्डल के अध्यक्ष मनोनीत होने पर अधिवक्ताओं ने खुशी जताई है।

# स्वामी करपात्री जी के विचार दर्शन में भारतीय संस्कृति का है गौरवः डीएम

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** धर्मसम्राट स्वामी करपात्री जी महराज की एक सौ सोलहवीं जयंती पर शुक्रवार को पैतृक गांव भटनी में अनुयायियों ने उन्हें भावांजलि अर्पित की। डीएम प्रकाशचंद्र श्रीवास्तव ने स्वामी करपात्री जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन तथा पुष्पांजलि अर्पित कर जन्मोत्सव का शुभारंभ किया।

जन्मोत्सव समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिले के डीएम प्रकाशचंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि स्वामी करपात्री जी ने धर्म को मानवीय कल्याण के प्रति निरूपित किया है। उन्होने कहा कि स्वामी करपात्री जी के विचार दर्शन में भारतीय संस्कृति का अदभुत एवं अनुपम गौरव प्रकाशवान है। डीएम प्रकाशचंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि शांति व सदभावना के साथ विकास ही सबसे बड़ा कर्तव्य पथ है। उन्होने कहा कि स्वामी करपात्री जी ने अनेकानेक प्रेरणास्पद एवं पथ प्रदर्शक ग्रन्थों की रचना कर विश्व को सनातन संस्कृति के करूणाभाव से सुपरिचित कराया। जिलाधिकारी ने कहा कि आध्यात्म हमारे चिंतन तथा विचारों की शुद्धता का सबसे बड़ा सम्बल है। उन्होने भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र की महिमा का भी बखान करते हुए कहा कि श्रीरामचरितमानस में

### भटनी में स्वामी करपात्री जन्मोत्सव में डीएम प्रकाशचंद्र ने भारत के आध्यात्म पर डाला प्रकाश

प्रत्येक महिला पात्र अपने तप के बल से किसी न किसी के प्रति त्याग की निर्मल भावना का द्योतक है।

उन्होने कहा कि नारी शक्ति के त्याग से ही हर कालखण्ड में धर्म और मानवीय मूल्यों की रक्षा हुई है। कार्यक्रम में एसडीएम लालगंज लालधर सिंह यादव ने भी स्वामी करपात्री जी को पुष्पांजलि अर्पित की। वरिष्ठ साहित्यकार अनूप अनुपम ने अपने काव्यपाठ से जन्मोत्सव समारोह को भव्यता प्रदान की। कार्यक्रम का संयोजन आयोजक शिवराम ओझा ने किया। इसके पूर्व जन्मस्थली पर पादुका पूजन, पार्थिव पूजन एवं रूद्राभिषेक के भी आयोजन किये गये। धार्मिक एवं शास्त्रीय परिचर्चा व विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के मध्य धर्म सम्राट स्वामी करपात्री जी महराज के विश्व बंधुत्व के संदेश का शंखनाद हुआ। इस मौके पर गोकरन नाथ ओझा, आशुतोष ओझा, रौनक, दिनेश मिश्र, जगराम यादव आदि रहे।

## चंद्रिकन धाम के करीब मिला टैक्सी चालक का शव, हत्या की आशंका

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** अंतू थाना क्षेत्र के पूरे अंती निवासी सुभाष पांडेय ;26द्ध का शव बृहस्पतिवार की सुबह चंद्रिकन जंगल तिवारीपुर के करीब मिला। खबर मिलते ही घर में कोहराम मच गया। मृतक की बाइक गायब होने के चलते लोग हत्या कर शव फेंकने की आशंका जताने लगे। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस छानबीन के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पूरे अंती निवासी मनोज पांडेय का सुभाष इकलौता बेटा था। उससे छोटी बेटी रिया थी। जिसकी शादी हो चुकी है। सुभाष दिल्ली में टैक्सी चलाता था। सप्ताह भर पहले ही वह घर आया था।

## गंगा का जल स्तर बढ़ने से राजभवन की सीढी डूबी

**परियावां, प्रतापगढ़।** पूर्व प्रतापगढ़ सांसद राजकुमारी रत्ना सिंह के स्थिति आवास कालाकांकर राजभवन से जुड़ा गंगा नदी का जल स्तर इन दिनों काफी वेग से बढ़ रहा है जो राज भवन की चहारदीवारी को छूते हुए पक्की डूबी तक पहुंच गयी है पिछली अमावस्या पर जिस जगह श्रद्धालुओ ने स्नान किया था उसके आगे तक पानी बढ़ आया है जिससे स्नान करने वालो को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सुरक्षा को देखते हुए गंगातट किनारे एक प्लाटून पी ए सी लगी हुई है जो लगभग डेढ़ माह से पड़ी हुई है घाट किनारे स्टीमर तैनात किया गया है जो किसी अनहोनी को रोक सके। गंगा का जल स्तर बढ़ने से कछार एरिया सोनामऊ, मुरस्सापुर, पीरानगर व कालाकांकर संग्रामपुर गंगा तट बसे गांव के लोगो के लिए खतरा बने रहने की संभावना हो सकती है यदि गंगा का जल स्तर इसी तरह बढ़ता रहा तो राजभवन के पीछे वाले गेट के पास पीपल के पेड तक पानी पहुँच सकता है। शाम को आस पास के लोग पिकनिक मनाने के लिए व बढ़ती गंगा का रौद्र रूप देखने के लिए लोग पहुँच जाते हैं जहा गंगातट किनारे सुरक्षा कर्मी अपनी नजर से देखते रहते हैं।

# अजय राय को प्रदेश कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष बनाए जाने से खुशी की लहर

## कांग्रेस कार्यकताओं ने मिठाई खिलाकर मनाया जश्न

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व की तरफ से उत्तर प्रदेश में किए गए एक बड़े संगठनात्मक फेरबदल के तहत कद्दावर जननेता एवं वाराणसी के पिंडरा विधानसभा से पांच बार के विधायक एवम मंत्री रहे श्री अजय राय को प्रदेश कांग्रेस कमेटी का नया अध्यक्ष चुना गया है। सूचना मिलते ही जिला कांग्रेस कार्यालय पर कांग्रेस कार्यकताओं द्वारा नारेबाजी करते हुए एक दूसरे को मिठाई खिलाकर पटाखे दगाकर जश्न मनाया गया।

उसके उपरान्त एक महत्वपूर्ण बैठक कांग्रेस कार्यालय पर संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष डॉ.लालजी त्रिपाठी एवम संचालन नगर अध्यक्ष इरफान अली ने किया। अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष डॉ.लालजी त्रिपाठी ने कहा कि पूर्वांचल के कद्दावर कांग्रेस नेता अजय राय एक जमीनी नेता माने जाते रहे हैं। उनके प्रदेश अध्यक्ष बनने से पूर्वांचल में कांग्रेस अपनी पकड़ और मजबूत बनाएगी। यूथ कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष



जिला कार्यालय पर जश्न मनाते कांग्रेस कार्यकर्ता।

डॉ.नीरज त्रिपाठी ने कहा कि अजय राय का जनता से रिश्ता सिर्फ राजनीति तक ही नहीं बल्कि वे जनता के घर से घाट तक का रिश्ता रखने वाले जमीनी नेता माने जाते हैं। नगर अध्यक्ष इरफान अली ने कहा कि अजय राय को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने से पूरे उत्तर प्रदेश में कांग्रेस पार्टी मजबूत होगी। पी सी सी सदस्य डॉ0 प्रशान्त देव शुक्ला ने कहा कि अजय राय का जीवन संघर्षों और आंदोलनधर्मी स्वभाव का रहा है। इस दौरान जिला कांग्रेस कोषाध्यक्ष वेदान्त तिवारी, सेवादल प्रदेश सचिव प्रेम शंकर दिवेदी, सेवादल जिलाध्यक्ष महेंद्र शुक्ला, प्रमोद तिवारी यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष दानिश माबूद, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष उत्सव भूषण पाल,राम शिरोमणि वर्मा, राम रतन तिवारी, फतेह बहादुर सिंह,आशुतोष तिवारी, मोहम्मद इश्तियाक, विश्वास सिंह, अवध राज यादव, ढनगू यादव, सुमित तिवारी समेत कई लोग मौजूद रहे।

## सर्पदंश से किशोर की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** रात के समय खाना खाकर सो रहे किशोर की सर्पदंश से मौत हो गई हालांकि परिजन उसे अस्पताल ले गए लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के महदहा गांव का रहने वाला अभयराज का बेटा रविंद्र कुमार 11 वर्ष गुरुवार की रात खाना खाकर सो गया रात करीब दो बजे अचानक किसी जहरीले जंतु में उसे काट लिया जिससे वह चीख पड़ा । परिजन उठे तो उसे आनन फानन में जिला अस्पताल ले गए जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई रविंद्र की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

## खबर संक्षेप

### अजय राय बने प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेसियों ने दी बधाई

**कौशाम्बी।** कांग्रेस राष्ट्रीय नेतृत्व ने अजय राय को उत्तर प्रदेश कांग्रेस का अध्यक्ष घोषित किया है यह खबर जैसे ही कौशाम्बी कांग्रेस के नेताओं को मिली तो उनमें खुशी की लहर दौड़ गई तथा बधाईयों का तांता लग गया कांग्रेस के उपाध्यक्ष आशीष पप्पू मिश्रा की अगुआई में कांग्रेसियों ने मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया बधाई देने वालों में मुख्य रूप से पूर्व महासचिव कौशलेश द्विवेदी राजेन्द्र त्रिपाठी रविप्रकाश रावेंद्र बरसाती लाल पंडा सत्येंद्र प्रताप सिंह नरेंद्र सिंह सचिन शुक्ला राजकुमार यादव आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

### बरामदे में खड़ी बाइक उठा ले चोर

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के बलीपुर टाटा निवासी लोकेश कुमार त्रिपाठी पुत्र मनीष कुमार त्रिपाठी दिनांक 17 अगस्त की रात करीब 8 बजे अपनी मोटरसाइकिल हीरो स्पलेंडर काली रंग की बाइक को घर के बाहर बरामदे मे खड़ी करके अपने घर के अन्दर चले गए और खाना खाकर बाहर निकला तो बरामदे में खड़ी मोटरसाइकिल गायब मिली लोकेश कुमार त्रिपाठी ने अपनी मोटरसाइकिल की काफी खोजबीन किया और मोहल्ले के लोगों से भी पूछताछ किया किन्तु लोकेश कुमार की मोटरसाइकिल का कहीं अता पता नही मिला। काफी खोजबीन के बाद पीड़ित ने थाने में मामले की शिकायत की है।

# ट्रक की टक्कर से लैब टेक्नीशियन की मौत

## चित्रकूट जनपद के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मऊ में कार्यरत थे लैब टेक्नीशियन

अखंड भारत संदेश



**कौशांबी।** महेवाघाट थाना क्षेत्र के मवई गांव के पास शुक्रवार की सुबह बाइक सवार लैब टेक्नीशियन को ट्रक ने टक्कर मार दी है हादसा इतना जोर था कि बाइक सवार बाइक समेत आगे खड़े ट्रक में चिपक गए और तड़प तड़प कर घटनास्थल पर लैब टेक्नीशियन की दर्दनाक मौत हो गई है मामले की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई मामले की सूचना पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है घटना की जानकारी मिलने पर रोते बिलखते परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। जानकारी के मुताबिक महेवाघाट थाना क्षेत्र के मनका पुर गांव निवासी चंद्रभान सिंह उम्र 50 वर्ष स्वास्थ्य विभाग में लैब टेक्नीशियन के पद पर वर्तमान में जनपद चित्रकूट के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मऊ में कार्यरत रहे।रोजाना की भांति शुक्रवार को वह अपने बाइक से मऊ अस्पताल ड्यूटी के लिए जा रहे थे जैसे ही बाइक सवार लैब टेक्नीशियन महेवाघाट थाना क्षेत्र के मवई गांव के पास पहुँचे सामने से आ रही तेज गति ट्रक को बचाने के चक्कर मे पहले से सड़क पर खड़ी खराब ट्रक के पीछे बाइक खड़ी कर के खड़े हो गए उसी समय पीछे से एक तेज रफ्तार डंफर ट्रक आई और खड़ी बाइक सवार को जोर दार टक्कर मारते हुए पहले से खराब खड़ी ट्रक में जा घुसी हादसे में बाइक सवार दो ट्रकों के बीच चिपक गए और मौके पर उनकी स्थिति दयनीय हो गई मामले की जानकारी मिलते ही मौके पर ग्रामीणों का मजमा लग गया मामले की सूचना पुलिस को दी गई सूचना मिलते ही मौके पर थाना पुलिस पहुंची एंबुलेंस की मदद से लैब टेक्नीशियन को जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृतक घोषित कर दिया मामले की सूचना मिलते ही रोते बिलखते परिजन भी पहुंच गए हैं। मृतक अपने पीछे पत्नी रेखा सिंह एवं दो पुत्र क्रमशः पंकज सिंह उम्र 26 वर्ष और आदित्य सिंह उम्र 22 वर्ष को छोड़ गए है लैब टेक्नीशियन की मौत के बाद परिवार वालों का रो रो कर बुरा हाल है मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### गौशालाओं में भूसा-चारा चोकर की पर्याप्त व्यवस्था रखने के सीडीओ ने दिये निर्देश

**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ. रवि किशोर त्रिवेदी द्वारा उदयन सभागार में गौशालाओं के सम्बन्ध में जिला स्तरीय अनुश्रवण, मुल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों से गौशालाओं के लिए चिन्हित चारागाह भूमि पर चारे के बुआई की प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि चारागाहों में चारे की बुआई में आ रहीं समस्या का निस्तारण कराकर चारे की बुआई सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने सभी खण्ड विकास अधिकारियों एवं पशु चिकित्साधिकारियों को सभी गौशालाओं में भूसा-चारा एवं चोकर आदि की पर्याप्त व्यवस्था हमेशा सुनिश्चित रखने के निर्देश दियें। उन्होंने सभी खण्ड विकास अधिकारियों को गौशालाओं में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश देते हुए कहा कि गौशालाओं में जल-जमाव न होने पाये। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि सहभागिता योजना के तहत गोवंशों को सुपुर्दगी में लेने वालों को नियमानुसार समय से भुगतान सुनिश्चित किया जाय इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. एके सागर, प्रभागीय वनाधिकारी आरएस यादव, डीसी मनरेगा मनोज वर्मा, सभी बीडीओ, ईओ एवं पशु चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बेकसूर को पुलिस हिरासत में रखने की एसपी से शिकायत

**बेटी को पीटने के बाद महिला ने पिता के खिलाफ कर दी झूठी शिकायत**

**सीओ ने कहा कि 24 घंटे से अधिक थाना पुलिस ने हिरासत में रखा है तो पुलिस पर होगी कार्यवाही**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र के आहलाद पुर निवासी राजेंद्र सिंह को दो दिनों से सराय अकिल पुलिस ने हिरासत में ले रखा है ना पुलिस ने उनका चालान किया है और ना ही पुलिस ने उन्हें बेकसूर मान कर छोड़ा है।

बताया जाता है कि राजेंद्र सिंह बेकसूर है राजेंद्र सिंह के बेटी आकांक्षा से पड़ोसी महिला ने मारपीट किया था जिस पर दोनों पक्षों के लोगों ने थाना पुलिस को तहरीर दी है लेकिन आकांक्षा को पीटने वाली महिला पर कार्यवाही करने के बजाए पुलिस ने आकांक्षा के बेकसूर पिता राजेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया है राजेंद्र सिंह को छोड़ने के बदले भगवानपुर चौकी इंचार्ज पर 10 हजार रुपए मांगने का आरोप लग रहा है महिला थाना चौकी पुलिस को 10 हजार रुपए नहीं दे सकी जिस पर महिला के पति को थाने में नियम विरुद्ध तरीके से 2 दिन से बंद कर रखा गया है मामले को लेकर राजेंद्र सिंह की पत्नी पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची हैं भगवानपुर चौकी इंचार्ज और सराय अकिल पुलिस के कारनामे को बताते हुए राजेंद्र सिंह की रिहाई और दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्यवाही की मांग की है इस संबंध में क्षेत्राधिकारी चायल से बात की गई तो उन्होंने कहा कि यदि 24 घंटे से अधिक किसी को पुलिस ने हिरासत में रखा है तो साक्ष्य सहित शिकायत करने पर पुलिसकर्मियों पर कार्यवाही की जाएगी।

# एस एफ एस इन्वेस्टचर सेरिमनी एवं अवॉर्ड सेरिमनी का हुआ संयुक्त आयोजन

**भरवारी कौशांबी।** बेरूवा स्थित सेंट फ्रांसिस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बड़े ही भव्य एवं धूमधाम से नवगठित छात्र सभा का इन्वेस्टचर सेरिमनी एवं सत्र 2022-23 की गृह परीक्षा में टॉपर्स रहे छात्र-छात्राओं की अवॉर्ड सेरिमनी कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सेवा संकल्प फाउंडेशन की सेक्रेटरी सुखप्रीत कौर 'सीनियर एडवोकेट हाई कोर्ट नैनीताल उत्तराखंड' ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यालय ही एक ऐसा मंच होता है जहां पर बच्चा अपनी रुचि के आधार पर अपनी मेहनत और लगन से अपने सपनों को साकार करके जीवन के उच्चतम शिखर पर पहुंच कर मानव जीवन की सार्थकता को सिद्ध करता है। उक्त अवसर पर सत्र 2022 - 23 की परीक्षा में प्रथम एवम द्वितीय रैंक प्राप्त करने वाले बच्चों को मुख्य अतिथि द्वारा अवार्ड देकर एवम स्कूल कैबिनेट में शामिल छात्र-छात्राओं को स्कूल बैज एवम सैसे के द्वारा सम्मानित किया गया। स्कूल कैबिनेट में शामिल छात्र-छात्राओं में कुमारी तीक्षा को कालेज कैप्टन, दीपशिखा यादव को वॉइस कॉलेज कैप्टन, सीता पटेल को स्पोर्ट्स कैप्टन, समृद्धि केशरवानी को वॉइस कैप्टन जानवी सिंह को स्पार्टन हाउस कैप्टन , मोहित यादव वॉइस कैप्टन, शुभम यादव टाइटंस हाउस कैप्टन, निहारिका चौरसिया वाइस हाउस कैप्टन, हितेश यादव फ्लैमिंगो हाउस कैप्टन जानवी जयसवाल वॉइस हाउस कैप्टन, सिद्धेश केसरवानी फॉल्कंस हाउस कैप्टन, श्रेया वाइस कैप्टन, अंतरा कुशवाहा सेक्रेटरी, अंकिता गुप्ता असिस्टेंट सेक्रेटरी, शिवानी को ट्रेजरर, स्नेहा केसरवानी को असिस्टेंट ट्रेजरर, हिफ्जा खातून कल्चरल लीडर, श्रव्या त्रिपाठी असिस्टेंट कल्चरल लीडर, कशिश कुशवाहा डिसिप्लिन हेड, साक्षी मिश्रा डिसिप्लिन हेड, यशार्थ केसरवानी हेड मार्शल, अभिलाषा गुप्ता वाइस हेड मार्शल, प्रणव शुक्ला, मुस्कान द्विवेदी, खुशी कुशवाहा, शिवानी, नैंसी यादव, दिव्यांशी मिश्रा, पार्थ कुशवाहा, राजमणि त्रिपाठी, विभूति मोदनवाल, अभिषेक सरोज, मोहम्मद शरीफ, रोहित यादव,



अनुश्री सिंह एवम आशुतोष यादव को मार्शल नियुक्त किया गया । अवॉर्ड सेरिमनी के अंतर्गत नर्सरी क्लास से अरविंद कुमार और शान अख्तर, एलकेजी से गौरिका, महिमा त्रिपाठी, यू के जी से अंशिका, संस्कार, क्लास फर्स्ट से शिवांश वर्मा, वैदिक कुशवाहा, क्लास सेकंड से आदित्य सिंह, अभिज्ञया कुशवाहा, थर्ड से सांझी केसरवानी, दिव्यांशी केसरवानी, क्लास फोर्थ से देवांश अवधेश, काम्या केसरवानी, क्लास फिफ्थ से साक्षी कुशवाहा, श्रेष्ठा, क्लास 6 से जेष्ठा, पुनीत यादव, क्लास सेवंथ से श्रेयांश कुशवाहा, आश्विक केसरवानी, क्लास 8 से अमन अहमद, आरुषि सिंह जनवार, क्लास 9 से प्रगति केशरवानी, राधेकृष्ण शुक्ला, एवं क्लास इलेवेंथ आर्ट में जानवी सिंह, खुशी कुशवाहा, इलेवंथ कॉमर्स में तीक्षा, फलक सिद्दीकी, 113 पीसीएम में अंतरा कुशवाहा, शिवम सिंह एवं 113 बायो ग्रुप में नैंसी और दिव्या को सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य जेराल्ड पी डिसूजा ने सभी बच्चों को बधाई देते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उक्त अवसर पर उपरोक्त बच्चों के माता- पिता के साथ ही समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं तथा सेवा संकल्प फाउंडेशन की सीनियर मेंबर अनीता सूद उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक लुईस जोसेफ ने किया।

# अविश्वास प्रस्ताव के एक दिन पहले जिला पंचायत सदस्य के घर बुलडोजर चलाकर क्या साबित करना चाहता है प्रशासन

## अफसरो का कहना है कि जिला पंचायत के पूर्व सदस्य जितेंद्र कुमार के ग्राम सभा की जमीन पर बने मकान पर ध्वस्ती कारण की कार्यवाई की गई है

अखंड भारत संदेश






**कौशाम्बी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र के हजारी का पूरा गांव में जिला पंचायत सदस्य शायना सरोज के घर शुक्रवार को अफसरों द्वारा बुलडोजर चलाकार भवन में तोड़फोड़ की गई है अफसरों का कहना है कि भवन सरकारी भूमि पर बना है इसलिए भवन को तोड़ा गया है और पहले भी नोटिस दी जा चुकी है लेकिन इन दिनों जिला पंचायत अध्यक्ष के अविश्वास प्रस्ताव को लेकर सदस्य विरोधी खेमे में है यदि कई वर्षों पूर्व जिला पंचायत सदस्य का घर सरकारी भूमि पर बना था तो अभी तक प्रशासन क्या कर रहा था किस अफसर के कार्यकाल में सरकारी भूमि पर जिला पंचायत सदस्य ने भवन बनाया था अविश्वास प्रस्ताव के एक दिन पहले जिला पंचायत सदस्य के भवन पर बुलडोजर चलाकर प्रशासन क्या साबित करना चाहता है यह सवाल आम जनता अफसरों से चाहती है बुल्डोजर के साथ मौके पर भारी पुलिस फोर्स जिला पंचायत सदस्य के घर को तोड़े जाने के समय मौजूद था। जानकारी के मुताबिक चायल तहसील के सराय अकिल थाना अंतर्गत जैतपुर पूरे हजारी गांव निवासी शायना पत्नी जितेंद्र कुमार सरोज वर्तमान में जिला पंचायत कौशांबी की सदस्य हैं उनके घर पर शुक्रवार को अधिकारी बुलडोजर लेकर पहुंच गए और सरकारी जमीन पर भवन बनाए जाने की बात कह कर जिला पंचायत सदस्य के घर पर बुलडोजर चला दिया उनके पति जितेंद्र कुमार सरोज भी पूर्व में जिला पंचायत सदस्य रह चुके हैं अफसरो का कहना है कि जिला पंचायत के पूर्व सदस्य जितेंद्र कुमार का ग्राम सभा की जमीन पर बने मकान पर ध्वस्ती कारण की कार्यवाई की गई है लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि जिला पंचायत अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाना सदस्य को मंहगा पड़ा है बुलडोजर चला कर घर को जमीदोंज कर दिया गया है प्रशासनिक कार्यवाही की पूरे दिन चर्चा होती रही।



# बसुहार गांव के प्राचीन शिव मंदिर में भंडारा संपन्न

**तिल्हापुर कौशांबी।** चायल तहसील के बसुहार गांव के मिनी काशी के नाम से जाना जाने वाला लगभग पांच सौ वर्ष पुराना प्राचीन शिव मंदिर में पुरानी प्रथा के अनुसार अधिक मास के एक महीना पूर्ण होने के बाद गुरुवार को भक्तों द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है इस मौके पर क्षेत्र के तमाम गांव के लोगों ने भगवान भोलेनाथ का प्रसाद ग्रहण किया मलमास महीने में प्राचीन शिव मंदिर में लगातार ओम नमः शिवाय का जप गांव के लोगो के द्वारा किया जाता रहा सुबह शाम भोले नाथ की आरती करके प्रसाद वितरण हुआ 17 जुलाई से जप आरती पूजन प्रसाद वितरण का कार्य शुरू हो कर 16 अगस्त को पूणाहुति हवन करके 17 अगस्त को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें इलाके के हजारों लोगों ने भगवान भोलेनाथ का प्रसाद ग्रहण किया इस भंडारे में सराय अकिल कोतवाली के उपनिरीक्षक सूर्य बली पांडेय फोर्स के साथ मौजूद रहे ग्राम प्रधान तीरथ सिंह पूर्व ब्लाक प्रमुख धमेंद्र पांडेय भगौती प्रसाद पांडे रूद्र प्रसाद मिश्र अनिल कुमार मिश्र रज्जन त्रिपाठी, कैलाश मिश्र,संगम लाल मिश्र सरवन ओझा अरविंद मिश्र पुलिस प्रशासन के लोग एवम मिनी काशी की समस्त जनता का भंडारे में विशेष योगदान रहा।

# थाना स्तर पर ही समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें सुनिश्चित : एसपी

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा प्रतिदिन की भांति पुलिस कार्यालय में जनतादर्शन में जनसुनवाई कर जनसामान्य की समस्याओं को सुना गया तथा सम्बन्धित को दिये आवश्यक निर्देश पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई की गई इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों जनसामान्य की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए जिसमें पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में मौके पर जाकर शिकायतों की तत्काल, निष्पक्ष जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया तथा शिकायतकर्ता से समय-समय पर जनसामान्य की समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में फीडबैक लिये जाने सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इसी



क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थानों को सचेत किया गया कि जनसुनवाई महिला हेल्पडेस्क को और अधिक प्रभावशाली बनाये ताकि पीड़ित/ शिकायतकर्ता को अनावश्यक रुप से अपने थाने से इतनी दूर पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न हो, साथ ही सभी प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्ष को यह भी निर्देश दिये गये कि जिस समस्या का समाधान थाना स्तर से हो सकता है उनका समाधान थाना स्तर पर ही समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें।

## न्यूज झरोखा

### एसपी द्वारा पुलिस लाइन्स में शुक्रवार परेड की ली गई सलामी



कौशाम्बी पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा पुलिस लाइन के परेड ग्राउंड में पानी भर जाने के कारण सड़क पर शुक्रवार की परेड की सलामी ली गयी तथा परेड का निरीक्षण किया गया तदुपरान्त निरीक्षण के दौरान एसपी द्वारा परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों के टर्नआउट का अवलोकन कर बेहतर टर्नआउट मेंटेन करने हेतु निर्देशित किया गया तथा पुलिस कर्मियों को फिट रहने हेतु सड़क पर दौड़ लगवाई गई एवं टोलीवार ड्रिल कराई गई तथा डायल-112 की गाड़ियों का निरीक्षण किया कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसपी द्वारा मेस में भोजन की गुणवत्ता को चेक किया गया तथा समस्त शाखाओं, यातायात कार्यालय, स्टोर रूम, डायल-112, बैरक, कैंटीन, एमटी शाखा व टॉयलेट का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

### उप जिलाधिकारी ने दिलायी सद्भावना प्रतिज्ञा




**कौशाम्बी।** शासन के निर्देशानुसार एसडीएम प्रबुद्ध सिंह ने शुक्रवार को उदयन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में अधिकारियों/ कर्मचारियों व गणमान्य व्यक्तियों को सद्भावना प्रतिज्ञा-मैं प्रतिज्ञा करता हूॅ कि मै जाति, संप्रदाय, क्षेत्र, धर्म अथवा भाषा का भेदभव किये बिना सभी भारतवासियों की भावनात्मक एकता और सद्भावना के लिए कार्य करूंगा। मैं पुनः प्रतिज्ञा करता हूॅ कि मैं हिंसा का सहारा लिए बिना सभी प्रकार के मतभेद बातचीत और संवैधानिक माध्यमों से सुलझाऊंगा की शपथ दिलायी बतादें कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 राजीव गॉधी के जन्म दिवस को सद्भावना दिवस के रूप में मनाया जाता है। सद्भावना दिवस मनाने का विचार सभी धर्म, भाषा और क्षेत्र के लोगों के मध्य राष्ट्रीय एकीकरण साम्प्रदायिक सद्भाव को बढ़ावा देना है

### 67 दिव्यांग बच्चों का बनाया गया दिव्यांगता प्रमाण पत्र



**तिल्हापुर कौशाम्बी।** समग्र शिक्षा अभियान समेकित शिक्षा के अंतर्गत विशिष्ट आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चों के लिए दिब्यांगता प्रमाण पत्र यू0डी0आई.डी. हेतु मेडिकल कैंप बीआरसी नेवादा में आयोजित किया गया मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा एक टीम का गठन किया गया जिसमें डॉक्टर राहुल सिंह नेत्र सर्जन डॉक्टर नितेश सिंह मनोचिकित्सक डॉक्टर कुलदीप मिश्र अस्थि रोग विशेषज्ञ, डॉ पंकज कोटार्य नैदानिक मनोवैज्ञानिक तथा डॉक्टर ज्ञानेंद्रधर द्विवेदी ईएनटी सर्जन उपस्थित रहे स्पेशलिस्ट चिकित्सकों की टीम द्वारा दिव्यांग बच्चों का परीक्षण कर दिब्यांगता प्रमाण पत्र निर्गत किया गया इस कार्यक्रम में कुल 97 बच्चों का नामांकन किया गया जिसमें 67 दिव्यांग बच्चों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाया गया कैंप में अस्थि दिव्यांग, दृष्टि दिव्यांग, मानसिक मंद तथा मूकबधिर दिव्यांग बच्चों ने प्रतिभाग किया कार्यक्रम को सफल बनाने में फिजियोथैरेपिस्ट एवं विशेष शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा यह कार्यक्रम खंड शिक्षा अधिकारी नेवादा नीरज कुमार सिंह तथा जिला समन्वयक समेकित शिक्षा विकाश पाण्डेय के देखरेख में कुशलता पूर्वक संपन्न किया गया।

# सेंगरहा गांव के दंगल मैदान में कुश्ती देखने के लिए उमड़ा जनसमूह

## अखाड़े में मौजूद बड़े-बड़े पहलवान एक महिला पहलवान को नहीं कर सके पराजित

अखंड भारत संदेश



**बैरमपुर कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के सेंगरहा गांव में गुरुवार को विशाल दंगल का आयोजन किया गया इस दंगल में जनपद के अलावा गैर जनपद वा अन्य प्रदेशों के भी पहलवानों ने कुश्ती लड़ी रोचक कुश्ती देखने के लिए इलाके के तमाम गांव के ग्रामीण दंगल मैदान में एकत्रित हुए निर्णायक मंडल में शुभम सोनी पृथ्वी मिश्रा भोला पाल पहलवान भारत सोनी शामिल रहे विजई पहलवानों को पुरस्कृत कर उनका हौसला अफजाई किया गया। पूर्व विधायक लाल बहादुर ग्राम प्रधान प्रद्युम्न नारायण सोनी भी दंगल मैदान में पहुंचे और पहलवानों की कुश्ती देखकर उनका हौसला अफजाई करते रहे दंगल का संचालक राम यश पांडे ने किया पहलवान राकेश पांडे टेवा ने अंकित झांसी को पराजित कर चैंपियन जीती है हजारी प्रसाद सेंगरहा ने कमलेश कुमार बांदा को पराजित कर कुश्ती जीती दिव्यांशु काजू ने दीपक पाल को पराजित कर कुश्ती जीती दिल्ली से दंगल मैदान में पहुँची महिला पहलवान वैशाली ने पहलवानों को कुश्ती लड़ने के लिए ललकारा जिस पर बांदा के पहलवान राजेश की कुश्ती महिला पहलवान वैशाली से हुई काफी देर तक दोनों के बीच कुश्ती होती रही अंत में महिला पहलवान की कुश्ती को बराबर पर छोड़ा गया अंकुल टेवा ने राजबहादुर सीतापुर को पराजित किया विनय त्रिपाठी ने देव कुमार को पराजित किया विजई पहलवानों को पुरस्कृत कर उनका हौसला अफजाई किया गया दंगल देखने के लिए इलाके के तमाम गणमान्य लोगों के साथ-साथ आम जनता मौजूद रही दंगल के दौरान इलाके की थाना पुलिस सुरक्षा के इंतजाम में मौजूद रही।




### चौपाल में सीडीओ ने सुना आमजन की समस्याएं

**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी ने शुक्रवार को विकास खण्ड, नेवादा के ग्राम पंचायत घोसिया में चौपाल लगाकर आमजन की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए चौपाल कार्यक्रम में केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में ग्रामवासियों को जानकारी दी गयी। यथा-मुख्य पशुचिकित्साधिकारी द्वारा वर्तमान में चल रहे मुहपका-खूरपका टीकाकरण तथा पशुपालन विभाग द्वारा संचालित अन्य योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी भी दी गयी। पूर्ति निरीक्षक द्वारा भी अपने विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी। समाज कल्याण विभाग के अन्तर्गत मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, परिवारिक लाभ योजना एवं निराश्रित महिला पेंशन, विकलांग पेंशन व वृद्धावस्था पेंशन के बारे में जानकारी दी गयी। इसके साथ ही अन्य विभागीय योजनाओं के बारे में ग्रामवासियों को जानकारी दी गयी। मौके पर श्रीमती कुसुमा देवी को निराश्रित महिला पेंशन का लाभ न मिलने की शिकायत की गयी, जिसके सम्बन्ध में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा मौके पर ही आनलाईन आवेदन कराकर निराश्रित पेंशन एक सप्ताह के अन्दर स्वीकृत करने के निर्देश दिये गये चौपाल में डा0 एके सागर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी कमलेन्द्र कुशवाहा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,प्रदीप मौर्य खण्ड विकास अधिकारी नेवादा, श्रीमती रेनू द्विवेदी खण्ड शिक्षा अधिकारी नेवादा, सहायक विकास अधिकारी(पंचायत), सहायक विकास अधिकारी(स0/क0), बाल विकास परियोजना अधिकारी नेवादा एवं सचिव व ग्राम प्रधान उपस्थित थे।

संपादकीय

# पहाड़ी जीने के तरीकों पर सोच बदलनी होगी

**पहले** उत्तराखंड और अब हिमाचल प्रदेश की आपदाओं ने पहाड़ी जीवन पर अनेक सवाल खड़े कर दिये हैं, क्या पहाड़ी जीवन असंभव हो जायेगा या हमें नाजुक पहाड़ों पर सुरक्षित एवं निष्कंटक जीने के लिये नये तरीके से जीना सीखना होगा। इन पहाड़ों में भारी बारिश व भूस्खलन से जान-माल की तबाही चिंतित करने वाली है। पहाड़ों में यह पहली बार नहीं है कि इतनी तबाही हुई है। इससे पहले भी देश के पहाड़ी राज्यों में ऐसी तबाही होती रही है। इनमें न सिर्फ बड़ी संख्या में लोगों को जान गंवानी पड़ रही है, बल्कि निजी और सरकारी संपत्तियों को भी बड़ा नुकसान होता जा रहा है। ऐसे हालात में सवाल यही उठता है कि बार-बार की आपदाओं के कारण हो रही तबाही को न्यूनतम करने की दिशा में कदम उठाने के लिए हमने सबक क्या लिया? क्या पहाड़ों पर सामान्य धरती यानी मैदानी क्षेत्रों की तरह विकास योजनाओं, सड़क, भवन निर्माण, टनल, औद्योगिक उपक्रम, पर्यटन आदि को आकार देना उचित है। भूस्खलन की बढ़ती घटनाओं के कारणों की पड़ताल जरूरी है। पहाड़ों पर हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट लगातार हो रहे भूस्खलन की एक बड़ी वजह हैं। प्रोजेक्ट के दौरान टनल बनाने के लिए विस्फोट किए जाते हैं। भारी मशीनों के इस्तेमाल से पहाड़ों पर तेज कंपन होता है। हिमाचल प्रदेश का इकोसिस्टम अभी काफी संवेदनशील है। इन राज्यों में लगातार वृक्षों को काटने एवं मौजूद पहाड़ों की उम्र भी कम होने की वजह से लैंडस्लाइड की संभावना बढ़ जाती है। इसके अलावा जलवायु परिवर्तन को भी भूस्खलन के बढ़ते मामलों की एक वजह माना जा सकता है। पिछले साल फरवरी में नासा ने एक रिपोर्ट जारी की थी। इसके मुताबिक क्लाइमेंट चेंज से हिमालयी के ग्लेशियर झील वाले इलाकों में जून से सितंबर के दौरान लैंडस्लाइड बढ़ सकती है। साथ ही इससे बाढ़ की आपदा से जूझना पड़ सकता है। लेकिन ऐसे पूर्व अनुमानों से हमने क्यों नहीं सबक लिया? हिमालय आज चिन्ताओं का हिमालय बन गया है। कुछ दशकों में खासकर हिमालयी क्षेत्र के राज्यों में विकास के नाम पर प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन हुआ है। इतना ही नहीं, प्रकृति से खिलवाड़ कर नियमों के खिलाफ ऐसा निर्माण खड़ा किया जा रहा है, जो बाढ़ और भूस्खलन के साथ बबार्दी लेकर आया है। सवाल यह भी है कि पहाड़ी राज्यों में विकास का क्या पैमाना होना चाहिए? अगर विकास के नाम पर कहीं निर्माण गतिविधियां आवश्यक हों तो वह नियोजन के साथ ही आपदाओं को झेलने में सक्षम होनी चाहिए। आम तौर पर देखा गया है कि इन राज्यों में पर्यटन को बढ़ावा देने के नाम पर ऐसी बड़ी-बड़ी इमारतें खड़ी हो गईं जो न सिर्फ बाढ़ और भूस्खलन झेलने में अक्षम साबित हुईं, बल्कि पर्यावरण के हिसाब से भी नुकसानदेह रही हैं। ऐसे निर्माण में सरकारी स्तर पर सतर्कता की जो उम्मीद की जाती है, उसे नजरअंदाज किया गया। हमने पहाड़ों को बाजारवाद के हवाले कर दिया है, वहां पर जिस तरह का आधारभूत ढांचा गत क्षेत्र से लेकर आवास क्षेत्र, होटलों आदि तक में अंधाधुंध निर्माण कार्य किया है और पहाड़ों को एक तरफ खोदा है और दूसरी तरफ उन पर क्रंक्रीट का निर्माण कार्य करके बोझ बढ़ा दिया है उससे प्रकृति द्वारा निर्मित इन मनोहर स्थानों का स्वरूप बदल रहा है। पिछले दिनों हमने बद्रीनाथ तीर्थ की यात्रा के आधार नगर जोशीमठ की हालत देखी थी कि किस प्रकार यह शहर दरकने लगा है। उससे पहले श्री केदारनाथ धाम में आयी विनाश लीला को भी देखा था। यह सब पहाड़ों पर बोझ बढ़ाने का ही नतीजा है और पहाड़ों को बेहिसाब तरीके से काटने व खोदने का ही नतीजा है। अगर कालका-शिमला राजमार्ग पर सोलन तक की दूरी में ही दस जगह भूस्खलन होता है तो हमें सोचना पड़ेगा कि गलती कहां हुई है। यदि शिमला शहर की पहाड़ियों पर ही मकान ढहने लगते हैं तो हमें सोचना पड़ेगा कि ऐसे स्थानों में भवन निर्माण के नियम क्या हैं?

शिमला की घटनाओं ने अधिक चिन्ता में डाला है। राजधानी एवं अधिक सक्रिय, जनबहुल एवं पयर्टन नगर होने की बजह से शिमला में जो दृश्य देखें गये, वे अधिक डरावने, चिन्ताजनक एवं दहशतभरे थे। शिमला के कृष्णा नगर इलाके में 15 अगस्त को लैंडस्लाइड के चलते यहां कई मकान ढह गए। अपने आस-पास दशकों से रह रहे लोगों के घर ढहते देख पड़ोसी अपनी चीखें नहीं रोक पाए, भूस्खलन के बाद समूचे देश ने मचा हाहाकार देखा है। लेकिन जब जमीन धंसकती है और आपकी आंखों के सामने सब-कुछ नष्ट हो जाता है, वो बेबसी सरकारी योजनाओं, विकास प्रक्रियाओं एवं असंवेदनहीन होती सोच पर सवाल खड़ा करती है। शिमला के ही समर हिल इलाके में बादल फटने के बाद भूस्खलन हुआ। चपेट में इलाके का शिव मंदिर भी आ गया, जहां सावन का सोमवार होने के चलते भीड़ कुछ अधिक थी। जमीन इतनी तेजी से धंसी कि किसी को कुछ करने का मौका नहीं मिला। मंदिर के मलबे से अभी तक कुल लगभग 25 शवों को निकाला गया है। 14 अगस्त को ही शिमला में एक और जगह फागली पर भूस्खलन हुआ। यहां पांच लोगों की मौत हो गई। सोलन जिले में भी 7 लोगों के मर जाने की खबर है। भारी वर्षा ने जिस तरह विनाश का खेल खेला है उससे पर्वतीय क्षेत्रों के विकास के लिए की जा रही विभिन्न गतिविधियों पर सवालिया निशान लग रहे हैं और भूगर्भ शास्त्री इस बारे में चेतावनियां भी दे रहे हैं कि पहाड़ी क्षेत्रों के लिए विकास का पैमाना वह नहीं हो सकता जो मैदानी क्षेत्रों में होता है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के अनुसार अब तक के आकलन के मुताबिक प्राकृतिक आपदा से 10 हजार करोड़ रुपयों एवं भारी जानमाल का नुकसान हो चुका है। ये दर्दनाक एवं त्रासद घटनाएं प्रकृति के साथ तालमेल को नजरअंदाज करने का परिणाम है। यही वजह है, दोनों पहाड़ी राज्यों के लोगों को भविष्य में अंधाधुंध विकास की दौड़ से बचने के लिए तैयार रहना होगा।

# आई हरियाली तीज, सिंधारा लाई !

**डॉ घनश्याम बादल**



**भीषण** गरमी के बाद बारिश की रिमझिम फुहारें आएं तो मानिए कि कि सावन आ गया । सावन और हरियाली तीज स्त्रियों के मेहंदी रचे हाथ और तन मन बेसब्री से राह देखते हैं साजन और सावन दोनों की। जब प्रकृति चारों तरफ हरियाली की चादर बिछा देती है तो वर्षा ऋतु में प्रकृति की इस छटा को देखकर मन पुलकित होकर नाच उठता है। जगह-जगह झूले पड़ते हैं। सजी धजी स्त्रियों के समूह गीत गा-गाकर झूला झूलते हैं। उत्तर भारत में हर वर्ष श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया को श्रावणी तीज का उत्सव मनता है। सुहागिन स्त्रियों के साथ ही कुंवारी कन्याओं का अच्छा पति मिलने की कामना जगाने वाला यह पर्व हरियाली तीज के नाम से भी जाना जाता है।

**मिथक :** मिथकों के अनुसार श्रावण शुक्ल तृतीया के दिन भगवती पार्वती सौ वर्षों की तपस्या के बाद भगवान शिव से मिली थीं। माँ पार्वती का इस दिन पूजन विवाहिताओं के जीवन में हर्ष प्रदान लाता है। इसी भाव से समस्त उत्तर भारत में तीज पर्व बड़े उत्साह और धूमधाम से मनाया जाता है।

**बरखा की फुहारें :** ग्रीष्म ऋतु के समाप्त होने पर काले - कजरारे मेघों को आकाश में घुमड़ता देखकर पपीहे की पुकार और वर्षा की फुहार से मन आनन्दित हो उठता है। आसमान में घुमड़ती काली घटाओं के कारण ही इस त्यौहार या पर्व को कजली या कज्जली तीज तथा पूरी प्रकृति में हरियाली के कारण हरियाली तीज के नाम से जाना जाता है।

**मेहंदी, गीत और झूले:** आज के दिन स्त्रियाँ हाथों में भिन्न-भिन्न प्रकार की मेहंदी रचाती हैं। जब वह झूले की रस्सी पकड़ कर झूला झूलती हैं तो ऐसा लगता हैं मानो आकाश को छू रही हैं। इस दिन सुहागिन स्त्रियाँ सुहागी पकड़कर सास के पांव छूकर उन्हें देती हैं। यदि सास न हो तो जेठानी या किसी वृद्धा को देती हैं। इस दिन कहीं-कहीं स्त्रियाँ पैरों में आलता भी लगाती हैं जो सुहाग का चिह्न माना जाता है।

**सिंधारा:** यदि शादी के बाद का पहला सावन है तो नवविवाहिता लड़कियों को ससुराल से पीहर बुला लिया जाता है। नवविवाहिता की ससुराल से इस त्योहार पर सिंधारा भेजा जाता है। इस दिन नवविवाहिता लड़की की ससुराल से वस्त्र, आभूषण, श्रृंगार का सामान, मेहंदी और मिठाई भेजी जाती है। उत्तरप्रदेश व राजस्थान तथा हरियाणा में मिठाई के रूप में घेवर और रिश्ते में देवर का बहुत महत्व विशेष है ।

**कहां कहां मनती तीज :** हरियाली तीज के दिन अनेक स्थानों पर मेले लगते हैं और माता पार्वती की सवारी बड़े धूमधाम से निकाली जाती है। वास्तव में देखा जाए तो हरियाली तीज महिलाओं के लिए मिलने का एक उत्सव है। नवविवाहित लड़कियों के लिए विवाह के पश्चात पड़ने वाले पहले सावन के त्योहार का विशेष महत्व होता है। एक तरह से इस मौके को वें अपने ससुराल के अनुभवों को बांटने में इस्तेमाल करती हैं ।

**तीज मुख्यतः उत्तरी भारत का पर्व** राजस्थान में जयपुर, यू पी में बुन्देलखंड के जालौन, झाँसी,, महोबा, ओरछा आदि क्षेत्रों में इसे हरियाली तीज के नाम से व्रतोत्सव के रूप में मनाते हैं। पूर्वी उत्तर प्रदेश में बनारस, मिजार्पुर, देवलि, गोरखपुर, जौनपुर, सुलतानपुर आदि जिलों में इसे कजली तीज के रूप में मनाने की परम्परा है। तो पश्चिमी उत्तरप्रदेश में मेरठ व सहारनपुर मंडलों में तथा उत्तराखंड के हरिद्वार जिले में इसकी धूम देखते ही बनती है । तीज पूर्ण रूप से स्त्रियों का उत्सव है। स्त्रियाँ आकर्षक परिधानों से सुसज्जित हो भगवती पार्वती की उपासना करती हैं। राजस्थान में जिन कन्याओं की सगाई हो गई होती है, उन्हें सास ससुर से एक दिन पहले ही भेंट मिलती है। इस भेंट को स्थानीय भाषा में शिंझार(श्रृंगार) कहते हैं।

शिंझार में मेंहदी, लाख की चूड़ियाँ, लहरिया नामक विशेष वेश-भूषा जिसे बाँधकर रंगा जाता है तथा घेवर विशेष रूप से आते हैं । इस दिन बालाएँ दूर देश गए अपने पति के तीज पर आने की कामना करती हैं यह लोकगीतों में भी मुखरित होता है। तीज पर तीन बातें त्यागने का विधान है -पति से छल-कपट , परनिन्दा , झूठ एवं बुरा बर्ताव।

**उत्सव लोकगीतों का:** तीज को झूला उत्सव भी कहा जाता है। न सिर्फ गाँवों में बल्कि शहरों में भी झूले डालने की तैयारियाँ सावन लगते ही शुरू हो जाती हैं। शहरों में तो तीज को लेकर अनेक स्थानों पर तरह-तरह के आयोजन और समारोह भी होते हैं जहाँ महिलाओं के लिए मेहँदी, चूड़ियाँ, साज-श्रृंगार के सामान और झूला झूलने की खास व्यवस्था रहती है। तीज के दिन का विशेष कार्य होता है, खुले स्थान पर बड़े- बड़े वृक्षों की शाखाओं पर झूला बाँधना। झूला स्त्रियों के लिए बहुत ही मनभावन अनुभव है। मल्हार गाते हुए मेंहदी रचे हुए हाथों से रस्सी पकड़े झूलना एक अनूठा अनुभव ही तो है। सावन में तीज पर झूले न लगें, तो सावन क्या ? एक समय था जब नव विवाहिताएं खुले स्थानों पर बागों में पेड़ों की डाल पर झूला डालकर झूलती और एक-दूसरे को झुलाते हुए महिलाएं इंद्र राजा झुक आए बाग में जी...., अरी बहना सातों सहेली मिल संग झूलें चलके झूलें ., अरी बीबी मन में तो भरियों उमंग.., झूले पर चलके झूलन की, सखी आया रे सावन का महीना.. कच्चे नीम की निंबोली... सावण जल्दी आइयो रे... और आमण जामण के दो पेड़ , सामण जल्दी आइयो रै हरियाली तीज के लोकगीत गाती थीं उत्तरप्रदेश व हरियाणा के ये लोकगीत तीज के मौके पर आज भी कई शहर और गाँवों में गाए जाते हैं।

**आधुनिक रंग से छूटती संस्कृति:** कभी लोक गीतों से सराबोर रहने वाले त्योहार हरियाली तीज की मूल चमक अब फीकी पड़ती जा रही है। भागदौड़ की जिंदगी में महिलाओं ने इसके रंग-रूप को बदल दिया है। अब तीज का त्योहार खुले बागों में पेड़ों की डालों पर झूले डालकर नहीं बल्कि क्लब और बैंक्वेट हॉलों में डीजे की धुन पर आधुनिक गानों के साथ मनाया जा रहा है। इन कार्यक्रमों में अब ढोलक की थाप और लोकगीतों की गूंज भी नहीं सुनाई देती है।महिलाओं के परम्परागत त्योहार तीज पर भी अब पश्चिमी संस्कृति हावी हो रही है। महिलाओं और युवतियों की नई पीढ़ी अपने मूल्यों और संस्कारों को नए रूप में ढाल रही हैं। पहले हरियाली तीज पर शादी के बाद नवविवाहिता को अपने सिंधारे आने का इंतजार रहता था। इस सिंधारे को पाकर वें बहुत खुश होती थीं पर अब नकदी धन देने के रूप में यह सिंधारा आ रहा है ?। इतना ही नहीं महिलाएं अब नए अंदाज में क्लब, बैंक्वेट हॉल मॉल, सोसाइटी आदि में तीज को रस्म अदायगी के रूप में मनाती हैं । मेहंदी लगवानाव मेकअप भी बाजार में होता है। आधुनिक संगीत व फिल्मी गानों के चलते लोक गीत लगातार गायब हो रहे हैं। आधुनिकता अच्छी बात है मगर संस्कृति को बचाना भी जरूरी है इसलिए बेहतर हो कि तीज को भी प्रेम पूर्वक अपनी संस्कृति के साथ मनाया जाए।

# बिंदेश्वर पाठक ने गांधी के स्वच्छता अभियान को जमीनी स्तर पर कार्यान्वित किया

**आर.के. सिन्हा**

**बिंदेश्वर** पाठक जैसी युगांतकारी शख्सियत सदियों में जन्म लेती हैं। स्वाधीनता दिवस के दिन झंडारोहण के बाद उनकी तबीयत बिगड़ी और फिर वे कुछ देर के बाद संसार से विदा हो गए। स्वाधीनता दिवस की पूर्व संध्या पर उन्होंने अपने सुलभ ग्राम में एक कवि सम्मेलन करवाया था। वहां पर तमाम कवियों से मिले और उनकी देश भक्ति से ओत-प्रोत रचनाओं को सुना भी। वे ताउम्र एक्टिव रहे। उम्र बिंदेश्वर पाठक की भले ही अस्सी की हो गई थी, पर वे पूर्व राष्ट्रपति ए.पी.जे. कलाम की ही तरह जीवन के अंतिम क्षण तक सक्रिय रहे। उन्होंने भारत को स्वच्छता का एक नया विचार दिया। वे एक किवदंती पुरुष बन गये थे। व्यक्ति जब एक संस्था का रूप ले ले, तो आप जितना भी उन से सीखेंगे कम ही होगा। अपने गृह जनपद वैशाली, बिहार और भारत का मान बढ़ाने वाले बिंदेश्वर पाठक का निधन सामाजिक क्षेत्र में एक बहुत बड़े रिक्तांक को उत्पन करता है। वे मेरे प्रिय मित्र थे और उनसे अक्सर दिल्ली, पटना और अन्य जगहों में मुलाकातें होती रहती थीं। मैंने और बिन्देश्वर भाई ने सत्तर के दशक की शुरूआत में अपना - अपना काम शुरू किया था । हमारा व्यवसाय अलग जरूर था पर निस्वार्थ मित्रता थी जो उन्होंने आजीवन निभाई । मैं जब भी उनसे मिला अपने क्षेत्र के पुराने मित्र होने के नाते बहुत ही उत्सुकता से मिलते थे और पूछते थे कि गांव, क्षेत्र पटना में सब ठीक ठाक है न ? भारत में मैला ढोने की प्रथा के खिलाफ अभियान चलाने वाले, सुलभ इंटरनेशनल के संस्थापक बिंदेश्वर पाठक एक असाधारण इंसान थे। ब्राह्मण कुल में पैदा होकर वाल्मिकी समाज के अधिकारों की लड़ाई लड़ने वाले और देश को सुलभ शौचालय जैसा अद्भुत सिस्टम देने वाले बिंदेश्वर पाठक सच्चे गांधीवादी थे। गांधी के लिए सफाई और स्वच्छता कार्य भारत के लिये एक महत्वपूर्ण काम था। भारतीय समाज से अस्पृश्यता का धब्बा हटाने की गांधी जी की इच्छा ने बिन्देश्वर जी को शौचालयों और स्वचछता पर काम करने के लिए और वाल्मीकी समाज के उद्धार के लिए प्रेरित किया। उन्हें समाज की यह परंपरा स्वीकार नहीं थी कि कुछ लोग सफाई का काम करें और वे सही काम करने तथा करते रहने के लिए ही समाज में तिरस्कृत और अभिशप्त हों। बिंदेश्वर पाठक बचपन से ही गांधी जी के विचारों से प्रभावित रहने लगे थे। वे गांधी जी को अपना नायक मानते थे। बिंदेश्वर पाठक जी मैला ढोने वाले समाज से जुड़ी ऐसी भयावह कहानियों को सुनाते थे कि रोंगटे खड़े हो जाते थे। उन्होंने वाल्मिकी समाज को गले से लगाया और देश को सुलभ शौचालय जैसा शानदार आइडिया दिया। बेशक, बिंदेश्वर पाठक का जीवन बदलने में गाधी जी के छुआछूत के खिलाफ चलाए गये आंदोलन का गहरा असर रहा। उन्होंने अगर गांधी जी को नहीं पढ़ा होता तो वे शायद सुलभ जैसी संस्था को खोलने के विषय में नहीं सोचते। वे बिहार गांधी स्वच्छता समिति में भी रहे। यह समिति गांधीजी के जन्म के 100वीं वर्षगांठ को मनाने के लिए बनी थी। उस दौरान उन्हें समझ आया कि सिर पर मैला ढोने की प्रथा कितनी अमानवीय है और इसे समाप्त करना कितना जरूरी है। वे मैला ढोने वालों के बीच में रहे। उनके दुख-दर्द को जाना समझा। वे उनके साथ आरा, वैशाली और चंपारण में रहे और उन्हें पढ़ाया भी। गांधी जी जब 1946 में राजधानी दिल्ली की वालिम्की कॉलोनी में रहते थे तो वे वहां पर रहने वालों के बच्चों को पढ़ाते भी थे। उन्हें इस बात की जानकारी थी। इसलिए वे भी गांधी जी की तरह मैला ढोने वालों के गुरु बन गये। बिंदेश्वर पाठक 1968 में स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद गांधी शताब्दी समारोह समिति में शामिल हुए थे, जिसने वाल्मिकी समाज को सिर पर मैला ढोने आदि से राहत दिलाने की गारंटी दी। वह इन गरीब दलितों की दुर्दशा देखकर अत्यधिक चिंतित थे। उन्होंने इस समाज को सदियों पुरानी बेड़ियों से मुक्त कराने का संकल्प लिया। ऐसे में उन्होंने 1970 में सुलभ इंटरनेशनल की स्थापना की, जो देश में सस्ती जगहों पर साफ-सुथरे शौचालय देने की गारंटी देता था। मुझे याद है कि 1970 में सीमांत गांधी के नाम से सुप्रसिद्ध खान अब्दुल गफ़्फ़ार खान पटना आये हुए थे और गंगा किनारे गांधी शांति प्रतिष्ठान में ठहरे हुए थे । मैं उन दिनों दैनिक सर्चलाइट और प्रदीप में कार्यालय संवाददाता था । मेरे संपादक जी ने मुझे खान साहब के गतिविधियों पर प्रतिदिन की रिपोर्ट डालने को कहा था । खान साहब खुद बाहर कम ही निकलते थे । कभी जाते भी थे तो मात्र जय प्रकाश नारायण के पास । लेकिन , जब मैं प्रतिदिन उनके पास जाने लगा तो वह भी मेरा इंतजार करने लगे और कौन उनसे मिलने आया था और क्या बात हुई , सब स्वयं ही बताने लगे । बिन्देश्वर जी सस्ते शौचालयों की एक प्रदर्शनी लगाना चाहते थे जिसका उद्घाटन खान साहब से करवाना चाहते थे । मेरे प्रयासों से यह संभव हुआ और प्रदर्शनी लगी। यहीं से सुलभ शौचालय संस्थान की शुरूआत हुई जो आज सुलभ इंटरनेशनल के नाम से प्रसिद्ध है । कल्पना कीजिये सुलभ शौचालय के बिना ये देश आज कैसा होता? आज रोज 2 करोड़ लोग सुलभ शौचालय इस्तेमाल करते है, जिनमें शामिल है देश के हर स्टेशन, बस अड्डे, बाजार और चौराहे पर स्थित एकलौते सार्वजनिक शौचालय। मैं मानता हूं कि उनके इस काम के लिए उन्हें नोबल पुरस्कार दिया जाना चाहिए था। पर वे पुरस्कार पाने की दौड़ में कभी नहीं रहे। वे कई बार कहते थे कि अगर वे अपने लक्ष्य से भटके तो फिर सुलभ का काम प्रभावित होगा। उन्हीं की पहल पर महावीर एन्क्लेव में सुलभ इंटरनेशनल शौचालय संग्रहालय स्थापित किया गया। ये स्वच्छता तथा शौचालयों के वैश्विक इतिहास को समर्पित है। टाइम पत्रिका ने एक बार इस पर लिखा लिखा था कि यह संग्रहालय विश्व के सबसे विचित्र संग्रहालयों में से एक है।बिंदेश्वर पाठक ने सुलभ इंटरनेशनल में हजारों महिलाओं, पुरुषों और युवाओं को रोजगार दिया। बिंदेश्वर पाठक की संस्था सुलभ ने पूरे देश में कार्यालयों, रेलवे स्टेशनों, जे.जे. क्लस्टरों, सरकारी कार्यालयों आदि में सस्ती, बल्कि नगण्य कीमत पर सुविधा प्रदान करते हुए लाखों शौचालय स्थापित किए। उनके आंदोलन ने काम किया जिससे हजारों महिलाओं को रोजगार मिला। उनके नेतृत्व में सुलभ इंटरनेशनल ने सौर ऊर्जा, पर्यावरण उन्नयन, गैर पारंपरिक ऊर्जा स्त्रोतों और सामाजिक सुधार की विभिन्न परियोजनाओं के क्षेत्र में काम किया।

प्रसिद्ध कवि सुरेश नीरव बिंदेश्वर पाठक के साथ थे स्वाधीनता दिवस की पूर्व संध्या के मौके पर। नीरव जी ही पाठक जी के सुलभ ग्राम में हुए कवि सम्मेलन का संचालन कर रहे थे। वे फफक-फफक कर रोते हुए बता रहे थे कि ह्लमैं डॉ. पाठक के साथ ही मंच पर बैठकर कवि सम्मेलन का संचालन कर रहा था। जब कार्यक्रम समाप्त हो गया तो उन्होंने माइक पर घोषणा की कि आप सभी लोग सभागार खाली हो गया, वह मेरा हाथ पकड़े बैठे रहे। मुझे क्या पता था कि उनके हाथों का यह स्पर्श मेरे लिए आखिरी होगा। बिहार के जाति से ग्रस्त समाज में ब्राहमण परिवार से संबंध रखने वाले डॉ. पाठक वाल्मिकी समाज के नायक बन कर उभरे। वे बताते थे कि जब 1970 में अपनी संस्था सुलभ की स्थापना की तो उनके पास मात्र 400 रुपये थे। पर उनका लक्ष्य साफ था। वे मैला ढोने वालों की जिंदगी को बदलना चाहते थे। उन्होंने यह करके भी दिखा दिया। डॉ. बिंदेश्वर पाठक का निधन हमारे देश के लिए एक गहरी क्षति है। वह एक दूरदर्शी व्यक्ति थे, जिन्होंने सामाजिक प्रगति और वंचितों को सशक्त बनाने के लिए बड़े पैमाने पर काम किया।

# आस्था, प्रेम व सौंदर्य का त्यौहार है तीज

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**श्रावण** के महिने में चारों ओर हरियाली की चादर सी बिखर जाती है। जिसे देख कर सबका मन झूम उठता है। सावन का महिना एक अलग ही मस्ती और उमंग लेकर आता है। श्रावण के सुहावने मौसम के मध्य में आता है तीज का त्यौहार। श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया को श्रावणी तीज कहते हैं। उत्तर भारत में यह हरियाली तीज के नाम से भी जानी जाती है। सावन के महीने में सिंजारा, तीज, नागपंचमी एवं सावन के सोमवार जैसे लोकपर्व उत्साह पूर्वक मनाए जाते हैं। श्रावण के महीने में मनायी जानेवाली हरियाली तीज आस्था, प्रेम, सौंदर्य व उमंग का त्यौहार है। तीज को मुख्यत: महिलाओं का त्यौहार माना जाता है। यह पर्व महिलाओं की सांस्कृतिक मान्यताओं का प्रतीक है। सावन माह में मनाया जाने वाला हरियाली पर्व दंपतियों के वैवाहिक जीवन में समृद्धि, खुशी और तरक्की का प्रतीक है। तीज का त्यौहार भारत के कोने-कोने में मनाया जाने वाला एक महत्वपूर्ण त्यौहार है। यह त्यौहार भारत के उत्तरी क्षेत्र में हर्षोउल्लास के साथ मनाया जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए इस व्रत का पालन किया था। परिणामस्वरूप भगवान शिव ने उनके तप से प्रसन्न होकर उन्हें पत्नी रूप में स्वीकार किया था। माना जाता है कि श्रावण शुक्ल तृतीया के दिन माता पार्वती ने सौ वर्षों के तप उपरान्त भगवान शिव को पति रूप में पाया था। इसी मान्यता के अनुसार स्त्रियां माता पार्वती का पूजन करती हैं। वर्षा ऋतु में श्रावण के महीने में हमारे देश में चारों तरफ पानी बरसता रहता है। इस दौरान चारों तरफ हरियाली ही हरियाली नजर आती है। हरियाली के आगोश में प्रकृति इस तरह झूम उठती है मानो पृथ्वी अपनी हरी-भरी बाहें फैलाकर सबका अभिनंदन कर रही हो। श्रावण के महीने को हिंदू धर्मावलंबी भगवान शिव का महीना मान मानकर भगवान शिव की पूजा अर्चना करते हैं। कावड़िए देशभर में विभिन्न नदी, तालाबों से जल लाकर भगवान शिव का अभिषेक करते हैं। गणगौर के बाद त्योहारों का सिलसिला रुक जाता है वह एक बार फिर श्रावण मास की तीज से प्रारंभ हो जाता है। श्रावण का महीना महिलाओं के लिए विशेष उल्लास का महीना होता है। इस महीने में आने वाले अधिकांश लोक पर्व महिलाओं द्वारा ही मनाए जाते हैं।

श्रावण का आगमन ही इस त्यौहार के आने की आहट सुनाने लगता है। समस्त सृष्टि सावन के अदभूत सौंदर्य में भिगी हुई सी नजर आती है। यह पर्व भारतीय जनमानस के अटूट विश्वास को और अधिक प्रगाढ़ता प्रदान करने का पर्व है। इस पर्व में हरियाली शब्द से ही साफ है कि इसका ताल्लुक पेड़-पौधों और पर्यावरण से है। यह त्योहार जीवन में जश्न का प्रतीक है और हरियाली तीज का पर्व प्रकृति का त्योहार हैं। इस मौके पर महिलाएं अच्छी फसल के लिए भी प्रार्थना करती हैं। तीज पर मेहंदी लगाने, चूडियां पहनने, झूला झूलने तथा लोक गीतों को गाने का विशेष महत्व है। तीज के त्यौहार वाले दिन खुले स्थानों पर बड़े-बड़े वृक्षों की शाखाओं पर, घर की छत पर या बरामदे में झूले लगाए जाते हैं जिन पर स्त्रियां झूला झूलती हैं। हरियाली तीज के दिन अनेक स्थानों पर मेलों का भी आयोजन होता है। हाथों में रची मेंहंदी की तरह ही प्रकृति पर भी हरियाली की चादर सी बिछ जाती है। इस नयनाभिराम सौंदर्य को देखकर मन में स्वत: ही मधुर झनकार सी बजने लगती है और हृदय पुलकित होकर नाच उठता है। इस समय वर्षा ऋतु की बौछारें प्रकृति को पूर्ण रूप से भिगो देती हैं। सावन की तीज में महिलाएं व्रत रखती हैं। इस व्रत को अविवाहित कन्याएं योग्य वर को पाने के लिए करती हैं तथा विवाहित महिलाएं अपने सुखी दांपत्य की चाहत के लिए करती हैं। राजस्थान में जिन कन्याओं की सगाई हो गई होती है। उन्हें अपने होने वाले सास ससुर से एक दिन पहले ही भेंट मिलती है। इस भेंट को स्थानीय भाषा में सिंझारा कहते हैं। सिंझारा में मेंहदी, लाख की चूडियां, लहरिया नामक विशेष वेश-भूषा, घेवर नामक मिठाई जैसी कई वस्तुएं होती हैं। पीहर पक्ष द्वारा अपनी विवाहित पुत्री को भी सिंजारा भेजा जाता है। जिसे पूजा के बाद सास को सुपुर्द कर दिया जाता है। राजस्थान में नवविवाहिता युवतियों को सावन में ससुराल से मायके बुलाने की भी परम्परा है। अपने सुखी दांपत्य जीवन की कामना के लिये स्त्रियां यह व्रत किया करती हैं। इस दिन उपवास कर भगवान शंकर-पार्वती की बालू से मूर्ति बनाकर शोडशोपचार पूजन किया जाता है जो रात्रि भर चलता है।

# सौंदर्य और प्रेम का उत्सव है हरियाली तीज

**प्रियंका सौरभ**

**हरियाली** तीज का उत्सव श्रावण मास में शुक्ल पक्ष तृतीया को मनाया जाता है। मुख्यतः यह स्त्रियों का त्योहार है। इस समय जब प्रकृति चारों तरफ हरियाली की चादर सी बिछा देती है तो प्रकृति की इस छटा को देखकर मन पुलकित होकर नाच उठता है। जगह-जगह झूले पड़ते हैं। स्त्रियों के समूह गीत गा-गाकर झूला झूलते हैं। श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को श्रावणी तीज कहते हैं। इसे हरितालिका तीज भी कहते हैं। जनमानस में यह हरियाली तीज के नाम से जानी जाती है। श्रावण के महिने में चारों ओर हरियाली की चादर सी बिखर जाती है। जिसे देख कर सबका मन झूम उठता है। सावन का महिना एक अलग ही मस्ती और उमंग लेकर आता है। श्रावण के सुहावने मौसम के मध्य में आता है तीज का त्यौहार। स्त्रियां अपने हाथों पर त्योहार विशेष को ध्यान में रखते हुए भिन्न-भिन्न प्रकार की मेहंदी लगाती हैं। मेहंदी रचे हाथों से जब वह झूले की रस्सी पकड़ कर झूला झूलती हैं तो यह दृश्य बड़ा ही मनोहारी लगता है, मानो सुहागिन आकाश को छूने चली हैं। इस दिन सुहागिन स्त्रियां सुहागी पकडकर सास के पांव छूकर उन्हें देती हैं। यदि सास न हो तो स्वयं से बड़ों को अर्थात जेठानी या किसी वृद्धा को देती हैं। इस दिन कहीं-कहीं स्त्रियां पैरों में आलता भी लगाती हैं जो सुहाग का चिह्न माना जाता है। हरियाली तीज के दिन अनेक स्थानों पर मेले लगते हैं और माता पार्वती की सवारी बड़े धूमधाम से निकाली जाती है। वास्तव में देखा जाए तो हरियाली तीज कोई धार्मिक त्योहार नहीं वरन महिलाओं के लिए एकत्र होने का एक उत्सव है। नवविवाहित लड़कियों के लिए विवाह के पश्चात पडने वाले पहले सावन के त्योहार का विशेष महत्त्व होता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए इस व्रत का पालन किया था। परिणामस्वरूप भगवान शिव ने उनके तप से प्रसन्न होकर उन्हें पत्नी रूप में स्वीकार किया था। माना जाता है कि श्रावण शुक्ल तृतीया के दिन माता पार्वती ने सौ वर्षों के तप उपरान्त भगवान शिव को पति रूप में पाया था। इसी मान्यता के अनुसार स्त्रियां माता पार्वती का पूजन करती हैं। तीज पर मेहंदी लगाने, चूडियां पहनने, झूला झूलने तथा लोक गीतों को गाने का विशेष महत्व है। तीज के त्यौहार वाले दिन खुले स्थानों पर बड़े-बड़े वृक्षों की शाखाओं पर, घर की छत पर या बरामदे में झूले लगाए जाते हैं जिन पर स्त्रियां झूला झूलती हैं।

# जिला मुख्यालय में चहुंओर विकास को प्रतिबद्ध हैं डीएम

## विभिन्न सडकों का होगा चौड़ीकरण -प्राधिकरण बढाये आय

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण बोर्ड बैठक में चकरेही चैराहा से लोढवारा तक फोरलेन सडक चैड़ीकरण, ट्रैफिक चैराहा से पुरानी कोतवाली चैड़ीकरण, पटेल चैराहे से ट्रैफिक चैराहे तक चैड़ीकरण, बनाडी में आवासीय कॉलोनी प्रगति बाबत चर्चा की।
शुक्रवार को जिलाधिकारी ने कलेक्टेªट सभागार में हुई बैठक में वित्तीय वर्ष में आय-व्यय पर चर्चा की। उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत व जल संस्थान को निर्देश दिये कि सर्वे कराकर बतायें। इन सब बिंदुओं पर शासन को प्रस्ताव भेजा जाए, प्रस्ताव मंजूर होते ही कार्य शुरू किया जा सके। पटेल चैराहे से ट्रैफिक चैराहे चैड़ीकरण की बाबत कहा कि इसे प्रमुखता से लेते हुए एक माह में कार्य शुरू करायें। उन्होंने अधिशासी अभियंता



विद्युत को निर्देश दिये कि ट्रैफिक चैराहे पर जो पोल हैं, उसे शिफ्ट करायें। प्राधिकरण अपनी आय बढ़ाये, क्योंकि इसी मद से खर्च होगा, जेई विशेष ध्यान दे।
उन्होंने कहा कि नक्शा पर विशेष ध्यान दिया जाये, ताकि आय बढ सके। शासन की मंशानुसार मानचित्र समाधान दिवस प्रत्येक शनिवार को लगायें। जिसका नक्शा जमा हो गया है, उससे पैसा जमा करायें। आवासी परियोजना पर जल्द कार्यवाही करें। इससे जो पैसा आएगा, उसे विकास में लगाया जाएगा। जो कार्य रुके हैं, महायोजना के टाइमलाइन अनुसार प्रस्ताव भिजवायें। जो नक्शे रुके हैं, उसे जल्द भेजें, ताकि शासन से जल्द कार्रवाई हो सके। जिलाधिकारी ने कहा कि विकास प्राधिकरण सीमा पर स्वागत द्वार को इलाहाबाद-बांदा रोड पर स्वागत द्वार लगायें। बैठक में यूपीटीयू व रामघाट तक होटल, सामुदायिक भवनों को सुनहरे पीले रंग से एक रंग में कराने का फैसला लिया। बैठक में एडीएम न्यायिक वंदिता श्रीवास्तव, एई आईएलडी आरपी वर्मा, ईई आरईडी एसपी पांडेय, उपनिदेशक अर्थ एवं संख्या अधिकारी बांदा अमलेंदुराम, एएमए जिला पंचायत सुधीर कुमार, एक्सईएन विद्युत आरयस वर्मा, क्षेत्रीय वनाधिकारी हरिशंकर सिंह, एक्सईएन प्रांतीय खंड लोनिवि सत्येंद्र नाथ, एएमओ जिला पंचायत भगत सिंह, अधिशासी अधिकारी कर्वी लालजी यादव आदि मौजूद रहे।

## भव्य ढंग से होगी रामलीला: नरेन्द्र गुप्ता, 25 को बोर्ड बैठक में लेंगे निर्णय

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** इस वर्ष पुरानी बाजार की ऐतिहासिक रामलीला इमारत में नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता भव्य ढंग से रामलीला करवायेंगे। रामलीला भवन की रंगाई-पोताई का कार्य शुरू हो गया है। 25 अगस्त को पालिका बोर्ड बैठक में भव्य रामलीला बाबत और निर्णय लिये जायेंगे।



शुक्रवार को नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता ने बताया कि जनसहयोग व नगर पालिका की ओर से पुरानी बाजार के ऐतिहासिक रामलीला भवन में इस वर्ष भव्य ढंग से रामलीला मंचन किया जायेगा। इसकी तैयारी अभी से शुरू कर दी गई है। रामलीला मंचन को और भव्य बनाने को 25 अगस्त को पालिका बोर्ड की बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिए जायेंगे।
उन्होंने कहा कि जनसहयोग और नगर पालिका के सौजन्य से रामलीला मंचन पिछले वर्षों की अपेक्षा और बेहतर होने के आसार हैं। इसके लिए अभी से रामलीला मंचन को मंडलियों से वार्ता जारी है।

## पुलिस ने एक वारंटी दबोचा

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में थानाध्यक्ष भरतकूप सूबेदार बिन्द की अगुवाई में वरिष्ठ दरोगा यदुवीर सिंह की टीम ने अपहरण के वारंटी कल्लू पुत्र रनजोर सिंह निवासी पतौड़ा को गिरफ्तार किया है। टीम में वरिष्ठ दरोगा यदुवीर सिंह, सिपाही अजीजुद्दीन शामिल रहे।




## मारपीट के दो आरोपियों को हुई दो वर्ष परिवीक्षा अवधि से दंडित

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर जारी ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत न्यायालय में लम्बित मामलों की पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निदेशों के अनुपालन में थानाध्यक्ष भरतकूप सूबेदार बिन्द व पैरोकार रामकिशोर की पैरवी से मारपीट के दो आरोपियों को जेल में रहने की अवधि से दंडित किया।
शुक्रवार को सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी अजय कुमार सिंह की प्रभावी बहस के नतीजतन अपर सत्र न्यायधीश प्रथम ने भरतकूप में दर्ज मारपीट के मामले के आरोपी वीरु पुत्र विजय पाल आरख व विक्रम पुत्र लल्लूराम आरख निवासी गोंडा को दो-दो वर्ष की परिवीक्षा अवधि से दंडित किया।
ज्ञात है कि 19 अगस्त 2020 को सच्चिदानन्द निवासी टिटिहरा ने भरतकूप थाने में रिपोर्ट लिखाई थी कि उसके पुत्र राहुल के साथ मारपीट हुई थी। उसे गम्भीर चोटें आयी थी। सूचना पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्जकर विवेचक दिनेशचन्द्र तिवारी ने आरोप पत्र 15 दिसम्बर 2020 को न्यायालय में दाखिल किया था।

## चित्रकूट से अयोध्या को मिली सीधी ट्रेन

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के जिला मंत्री हरिशंकर गुप्ता पिछले वर्षों से रेलमंत्री एवं रेलवे बोर्ड अध्यक्ष, रेल सेवा समिति से पत्राचार कर श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूटधाम को अयोध्या से जोड़ने को सीधी ट्रेन की मांग कर रहे थे।
शुक्रवार को उन्होंने बताया कि रेल मंत्रालय ने हरीझंडी दे दी है। संगठन के पदाधिकारियों ने रेल मंत्री के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है। चित्रकूटधाम को अयोध्या से जोड़ने को तुलसी एक्सप्रेस ट्रेन का विस्तारीकरण कर धर्म नगरी चित्रकूट से जोड़ने का कार्य किया है। जिले के व्यापारी व आमजनता ने खुशी जताई है। वे और टेज्नों की मांग कर रहे हैं।

## सद्भावना दिवस के रुप में मना पूर्व पीएम राजीव का जन्मदिन

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** सभी धर्म, भाषा, क्षेत्र के लोगों के बीच राष्ट्रीय एकीकरण/सांप्रदायिक सद्भाव को बढ़ावा देने को स्व पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के जन्मदिवस को सद्भावना दिवस के रूप में जिला प्रशासन ने मनाया।
शुक्रवार को शासन के निर्देश पर जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने कलेक्ट्रेट सभागार में सद्भावना दिवस पर मौजूद अधिकारियों को शपथ दिलाई। इस मौके पर एडीएम न्यायिक वंदिता श्रीवास्तव समेत कलेक्ट्रेट के अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

## 187 दिन बाद जेल से रिहा हुई निखत बानो

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** मुख्तार अंसारी की बहू और विधायक अब्बास अंसारी की पत्नी निखत बानो 187 दिन बाद जिला जेल रगौली से रिहा हो गई।
गुरुवार देर रात साढे दस बजे निखत जेल से बाहर आई। जेल के बाहर एक साल का बेटा और भाभी खड़ी थी। मां को देखते ही बेटा रोने लगा। निखत ने भी दौड़कर बेटे को सीने से लगा लिया। मां-बेटे खूब रोये। फिर कार में बैठकर रवाना हो गई।
11 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट से निखत को जमानत मिली थी। जमानत देते हुए कोर्ट ने कहा था कि निखत बानो का एक साल का बच्चा है। मानवीय आधार पर जमानत दी जा रही है। इसी साल 11 फरवरी को निखत बिना अनुमति के जेल में बंद पति अब्बास अंसारी से मिलने गई थी, तभी पुलिस ने गिरफ्तार किया था। निखत पति अब्बास से अक्सर मिलने जेल जाती थी।

## एलआईसी अभिकर्ता हुए सम्मानित




**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** भारतीय जीवन बीमा निगम के अभिकताओं के चतुर्मुखी विकास एवं पालिसी धारकों को बेहतर सर्विस देने बाबत अभिकताओं की बैठक हुई।
शुक्रवार को अभिकताओं की बैठक की अगुवाई एलआईसी विकास अधिकारी संतोष जायसवाल व कर्वी शाखा प्रबंधक अखिलेश सिंह तथा मऊ शाखा प्रबंधक दिव्यगणेश ने किया। पालिसी धारकों में बीमा के महत्व को बेहतरीन ढंग से समझाया। अभिकताओं के चतुर्मुखी विकास को वित्तीय वर्ष के विशिष्ट एजेंटों को सम्मानित भी किया।
पालिसी धारकों में बीमा के महत्व को समझाते हुए अभिकताओं से कहा कि बेहतर ढंग से पालिसी धारक के हित में कार्य करें। सम्मानित होने वाले अभिकताओं में अवधनरेश यादव, राजेश कुमार मिश्रा, राजकुमार प्रजापति, चन्द्रप्रकाश वर्मा, करुणाशंकर त्रिपाठी, अशरफ अली, नईम अहमद, प्रेमनारायण शुक्ल, शिवकरण यादव शामिल रहे। इस मौके पर अन्य अभिकर्ता भी मौजूद रहे।

## त्रि-स्तरीय पंचायत के रिक्त 24 पदों पर होंगे उप निर्वाचन

**बहराइच।** राज्य निर्वाचन आयोग उत्तर प्रदेश की अधिसूचना के क्रम में जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पं.) मोनिका रानी द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार जनपद बहराइच में सदस्य ग्राम पंचायत के 16, प्रधान ग्राम पंचायत के 03 तथा सदस्य क्षेत्र पंचायत के 05 रिक्त पद पर उप निर्वाचन होना है। जारी अधिसूचना के अनुसार विकास खण्ड हुजूरपुर अन्तर्गत ग्राम पंचायत सिरौला, महसी की ग्राम पंचायत गदामार केला तथा मिहींपुरवा की ग्राम पंचायत कटघर में प्रधान ग्राम पंचायत, महसी की ग्रा.पं. रायपुर-1, बलहा की बलसिंहपुर, शिवपुर की पिपरिया एवं अनरवा, जरवल की गौर एवं हिसामपुर तथा विशेश्वरगंज की ग्रा.पं. गंगवल-3 में रिक्त सदस्य क्षेत्र पंचायत के पद पर उप निर्वाचन होना है। इसी प्रकार विकास खण्ड बलहा की ग्रा.पं. भटेहटा के वार्ड सं. 09, नरायनपुर कलां के वार्ड सं. 8 व राजापुर कलां के वार्ड सं. 7, शिवपुर की ग्रा.पं. देवदत्तपुर के वार्ड सं. 6, मुसल्लमपुर के वार्ड सं. 5, खैराधौकल के वार्ड सं. 14 व जूड़ा के वार्ड सं. 1, कैसरगंज की ग्रा.पं. करैला शहबाजपुर के वार्ड सं. 1 व मरौठी के वार्ड सं. 13, तजवापुर की ग्रा.पं. भिरवा के वार्ड सं. 6, खैरा के वार्ड सं. 14, ख्वाजगीपुर के वार्ड सं. 11, टेण्डवा बसन्तपुर के वार्ड बी सं. 7 व चौखड़िया के वार्ड सं. 10 तथा ब्लाक मिहींपुरवा की ग्राम पंचायत लालबोझा के वार्ड सं. 10 तथा मधवापुर के वार्ड सं. 14 में उप निर्वाचन होना है।

## गैंगस्टर एक्ट का वांछित अन्तर्जनपदीय पशुतस्कर अवैध असलहे के साथ गिरफ्तार

**भांवरकोल/ गाजीपुर।** स्थानीय पुलिस ने बीती रात थाना क्षेत्र के बदौली गांव के समीप तरांव मोड़ के पास गैंगेस्टर एक्ट में वांछित अन्तर्जनपदीय पशुतस्कर को अवैध असलहे के साथ गिरफ्तार किया है । इस संबंध में थानाध्यक्ष राजेश बहादुर सिंह ने बताया कि बीती रात थाने के एसआई राजकुमार यादव एवं हमराहियों के साथ वांछितों की तलाश में भ्रमणशील थे। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली की गैंगस्टर एक्ट का वांछित बदौली गांव के पास कहीं जाने के फिराक में है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर तलाशी ली। तलाशी में उसके पास 315 बोर का तमंचा तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया था। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार वांछित भुवाल यादव पुत्र शिवमुनि यादव इसी थाना क्षेत्र के वीरपुर गांव का रहने वाला है। वह अंतर्जनपदीय पशु तस्कर गिरोह का सक्रिय सदस्य है। उसके ऊपर स्थानीय थाने सहित विभिन्न स्थानों मे गोबध अधिनियम के तहत कुल तीन मुकदमे पंजीकृत है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपी को 25 आर्म्स एक्ट सहित वांछित धाराओं में कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। गिरफ्तारी टीम में थानाध्यक्ष राजेश बहादुर सिंह, उ0 नि0 राजकुमार यादव,का0 विकास कुमार,आकाश सिंह, राजू कुमार, संन्तोष कुमार आदि शामिल रहे।
गोली खाकर अष्ट शहीदों ने फहराया तहसील पर तिरंगा
भांवरकोल/ गाजीपुर। शहीदों की मजारों पर लगेंगे हर बरस मेले, वतन पर मरने वालों का बाकी यही निशा होगा। 18 अगस्त सन 1942 में अगस्त क्रांति के दौरान मुहम्मदाबाद तहसील भवन पर तिरंगा फहराने के लिए शेरपुर गांव के 8 नौजवानों ने अपने प्राणों की आहुति दे दी।

# शिक्षकों ने प्रदर्शन कर उठाई 18 सूत्रीय मांगें

## बेसिक शिक्षकों ने विधायक अनिल प्रधान को सौंपा ज्ञापन


**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रान्तीय अध्यक्ष डॉ दिनेशचन्द्र शर्मा व महामंत्री संजय सिंह के निर्देश पर जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार पाण्डेय व जिला मंत्री आराधना सिंह की अगुवाई में तमाम शिक्षकों ने सदर विधायक अनिल प्रधान को सौंपे पत्र में कहा कि बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में शिक्षकों की मांगों का निराकरण कराया जाये।
शुक्रवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार पाण्डेय व जिला मंत्री आराधना सिंह की अगुवाई में तमाम शिक्षकों ने सदर विधायक अनिल प्रधान को सौंपे ज्ञापन में कहा कि बेसिक शिक्षा



परिषद के शिक्षक पुरानी पेंशन बहाली, राज्य कर्मचारियों की भांति अवकाश, द्वितीय शनिवार अवकाश, प्रतिकर अवकाश, अध्ययन अवकाश, कैशलेश चिकित्सा सुविधा, प्रत्येक प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक पद पर पदोन्नति, उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद के शिक्षकों की भांति चयन वेतनमान में 12 वर्ष की सेवा पूरी कर चुके शिक्षकों को प्रोन्नत वेतनमान समेत 18 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। कहा कि सरकार से समस्या समाधान को अनुरोध कर चुके हैं। अभी तक उप्र सरकार ने मांगों के निराकरण बाबत कोई कार्यवाही नहीं की। प्रदेश के शिक्षक क्षुब्ध है। शिक्षकों की समस्याओं का निराकरण नहीं हो रहा। विभागीय अधिकारियों एवं बेसिक शिक्षकों तथा शिक्षा से संबंधित तथ्यों को तोड-मरोडकर समाचार पत्रों में छपवाया जा रहा है। इससे बेसिक शिक्षा एवं शिक्षकों की छवि पर प्रतिकूल असर पड रहा है। शिक्षकों में भारी आक्रोश है।
शिक्षकों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि शिक्षकों की मांगें अपने स्तर से सरकार के संज्ञान में लाकर निराकरण करायें। विधायक अनिल प्रधान ने कहा कि वे सरकार से शिक्षकों की मांगें मानने बाबत पुरजोर प्रयास करेंगे। इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष आलोक कुमार गर्ग समेत तमाम शिक्षक मौजूद रहे।

# गाय को बचाने में दो ट्रक भिडे, खलासी गम्भीर

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** मानिकपुर कोतवाली क्षेत्र के बाई का कुआ में गाय बचाने के फेर में सतना से सीमेन्ट लोड कर कर्वी जा रहे ट्रक सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गया। हादसे में सीमेन्ट लोड ट्रक का ड्राइवर व कंडक्टर घायल हो गये। ग्रामीणों की सूचना पर एम्बुलेंस से सीएचसी मानिकपुर में भर्ती कराया। डॉक्टरों



ने प्राथमिक उपचार के बाद कंडक्टर को गंभीर दशा में जिला अस्पताल रेफर कर दिया।
शुक्रवार को सवेरे सतना से सीमेन्ट लोड कर कर्वी उतारने जा रहा ट्रक मानिकपुर कोतवाली क्षेत्र के सरैंया चैकी के बाई का कुआ में गाय बचाने के फेर में बेकाबू होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक से भिड गया। दोनों ट्रक बरमबाबा के पास बने शिव मंदिर को तोड़ते हुए क्षतिग्रस्त होकर पलट गये।
सीमेन्ट लोड ट्रक चला रहे ड्राइवर महेश (38) पुत्र गयादीन निवासी तमरा शिवपुर जिला रीवा मप्र को भी हल्की चोटें आई हैं। ड्राइवर के साथ मौजूद कंडक्टर को गंभीर चोट आई है। हादसा होते देख ग्रामीणों ने एम्बुलेंस बुलाकर इलाज को सीएचसी मानिकपुर भेजा। डॉक्टरों ने कंडक्टर राजेश की दशा गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# 15 साल की बालिका से सामूहिक दुष्कर्म, तीन माह का गर्भ

## मऊ पुलिस ने मामले को गम्भीर धाराओं में दर्जकर एक को किया गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** मऊ कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में बुधवार को नाबालिग लड़की के साथ मौसी, भाभी और पिता कोतवाली पहुंचे। पुलिस को दी तहरीर में कहा कि लड़की के साथ तीन युवकों ने गैंगरेप किया। तहरीर मिलते ही पुलिस ने कार्यवाही शुरू कर दी।
शुक्रवार को पुलिस ने पीड़िता के बयान दर्ज कराये। पाक्सो एक्ट समेत गैंगरेप की धारा में मामला दर्ज किया। पुलिस के मुताबिक एक युवक को गिरफ्तार किया है। दो की तलाश को छापेमारी की जा रही है। जिला मुख्यालय से 65 किमी दूर पीड़िता का गांव-घर है। पीड़िता के पिता ने साफ कहा कि बहुत बेइज्जती हो गई है। पूरा मोहल्ला चर्चा कर रहा है। बेटी बहुत मासूम है। उसके साथ दुष्कर्म हुआ है। चाहते हैं कि बेटी को न्याय मिले। पुलिस तीनों को गिरफ्तार कर कडी सजा दिलाये।
उन्होंने कहा कि पत्नी की बीमारी से मृत्यु हो गई थी।
खेती-मजदूरी कर वह परिवार का पेट पाल रहा था। किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। क्यों उसकी बेटी के साथ ऐसा हुआ है। वह अपना दुख-दर्द किसी से साझा नहीं कर सकता। पीड़िता ने कहा कि रात को वह खेत गई थी। घर से कुछ दूर पहुंची थी कि तीन लड़कों ने आकर मुंह दबाकर खेतों की ओर ले गये। यहां गला दबाते हुए कहा कि चुप रहना, नहीं मार डालेंगे। उन्होंने उसके साथ बारी-बारी से दुष्कर्म किया। बचने के प्रयास कर रही थी। लडकों ने हाथ-पैर पकड़ रखे थे। मुंह दबा होने से चिल्ला नही सकी।


# गोली खाकर अष्ट शहीदों ने फहराया तहसील पर तिरंगा

**भांवरकोल/ गाजीपुर।** शहीदों की मजारों पर लगेंगे हर बरस मेले, वतन पर मरने वालों का बाकी यही निशा होगा। 18 अगस्त सन 1942 में अगस्त क्रांति के दौरान मुहम्मदाबाद तहसील भवन पर तिरंगा फहराने के लिए शेरपुर गांव के 8 नौजवानों ने अपने प्राणों की आहुति दे दी। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान महात्मा गांधी के करो या मरो के नारे से प्रेरित होकर देश के युवाओं में एक अद्भुत प्रेरणा जागृत होती है और भारत माता को गुलामी की जंजीरों से मुक्ति दिलाने के लिए मुहम्मदाबाद तहसील क्षेत्र के शेरपुर गांव के लोगों 18 अगस्त सन 1942 को गांव में महावीर जी की पूजा होती है जहां पर गांव के सैकड़ों नौजवान इकट्ठा होते हैं और वहीं पर भारत माता को अंग्रेजी हुकूमत से मुक्ति दिलाने की कसमें खाते हैं उन्होंने सर पर कफन बांध कर मुहम्मदाबाद तहसील पर तिरंगा फहराने का संकल्प ले लिया उन दोनों देश में क्रांति की लहर चल रही थी महात्मा गांधी के आह्वान पर देश के कोने-कोने से युवाओं में देश प्रेम की जज्बा हिलोरे ले रही थी देश के लिए कुछ कर गुजरने के लिए सबके सीनों में कुछ अलग ही तमन्ना था। पूर्वी उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जनपद के मुहम्मदाबाद तहसील क्षेत्र के युवाओं में देश को आजाद कराने को लेकर एक अलग ही उत्साह था वही शेरपुर गांव निवासी डॉक्टर शिवपूजन राय के नेतृत्व में गांव से जुलूस निकालकर तहसील मुख्यालय की तरफ बढ़ने लगा तहसील मुहम्मदाबाद जैसे ही निकट आ रहा था वैसे ही देशभक्ति की भावना युवाओं में चरम पर बढ़ती जा रही थी मान की जैसे ही तहसील भवन दिखाई दे और उस पर हम लोग अपना तिरंगा लहर दे। डॉक्टर साहब के नेतृत्व में जुलूस जैसे ही मुहम्मदाबाद से पहले अहिरौली गांव के पास पहुंचता है की वही एक बगीचे में शिवपूजन राय ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वाधीनता की लड़ाई अहिंसा के मार्ग पर लड़ी जाएगी जुलूस में लोगों ने जो लाठी-डंडे और हथियार लिए हुए थे उन्हें वहीं पर उन्होंने रखवा दिया तथा कहा कि अगर हम लोग हथियार एवं लाठी-डंडे का सहारा लेंगे तो महात्मा गांधी के हृदय को काफी चोट पहुंचेगा उनकी बातों को सुनकर सारे नौजवान अपने लाठी डंडे एवं हथियारों को उसी बगीचे में रख दिया तथा निहत्थे आगे बढ़ते चले गए भारत माता की जय के नारे लगाते हुए वहां से जुलूस दो भागों में बट गया दो तिलेश्वर राय तथा दूसरे का नेतृत्व रिशेश्वर राय कर रहे थे जो पीछे से गांव के रास्ते से होते हुए तहसील के पूरब दिशा में पहुंचता था।

# नेपाली संसद में एक महीने से चल रहा गतिरोध खत्म करने के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाने की तैयारी

**काठमांडू।** संसद में पिछले एक महीने से जारी गतिरोध को खत्म करने के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाने की तैयारी हो रही है। शुक्रवार सुबह प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल 'प्रचंड' और प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष देवराज घिमिरे के बीच हुई बैठक में सर्वदलीय बैठक बुलाने पर सहमति बनी है।

प्रधानमंत्री के साथ बैठक के बाद स्पीकर घिमिरे ने कहा कि प्रधानमंत्री ने सदन सुचारू करने के लिए सभी आवश्यक प्रयास करने को कहा है। घिमिरे के मुताबिक प्रधानमंत्री इस मुद्दे पर सर्वदलीय बैठक बुलाने की तैयारी कर रहे हैं। प्रधानमंत्री प्रचंड ने स्पीकर को भी विपक्षी दल के नेताओं से बातचीत करने को कहा है।संसद का गतिरोध खत्म करने के लिए प्रयासरत प्रधानमंत्री प्रचंड ने कई बार विपक्षी दल के नेता केपी शर्मा ओली से बातचीत की, लेकिन नाकामी ही मिली। सत्तारूढ गठबन्धन की बैठक में भी संसद को सुचारू करने के लिए विपक्षी दलों से निरन्तर संवाद करने की बात हुई थी, लेकिन सभी प्रयास बेनतीजा रहे। दरअसल, एक क्विंटल सोने की तस्करी मामले में गृहमंत्री के इस्तीफे और उच्च स्तरीय जांच समिति बनाने की मांग करते हुए प्रमुख विपक्षी दल नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी लेनिनवादी-एमाले) ने संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही में अवरोध पैदा कर रखा है। इतना ही नहीं, इस विरोध का असर अब संसदीय समिति की बैठकों में भी देखने को मिल रहा है। कई महत्वपूर्ण संसदीय समिति की बैठकें विपक्षी दल के सांसदों की अनुपस्थिति के कारण नहीं हो पा रही हैं।



## जरानवाला हिंसा में 29 गिरफ्तार, मुकदमे में 34 नामजद, 600 अज्ञात व्यक्ति

**लाहौर।** फैसलाबाद के औद्योगिक जिला के जरानवाला शहर में हुई हिंसा पर दर्ज मुकदमे में स्थानीय पुलिस ने पाकिस्तान दंड संहिता की 18 धाराओं और आतंकवाद विरोधी अधिनियम की




धारा सात के तहत 34 लोगों को नामजद और 600 अज्ञात को नामित किया है। यह जानकारी पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को दी। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पुलिस ने इस हिंसा पर 29 संदिग्धों को गिरफ्तार भी किया जा चुका है। यह हिंसा मौलवियों के उकसाने पर भड़की। ईश निंदा के आरोपों के तहत ईसाई समुदाय पर हमला करने के लिए मस्जिदों से घोषणा की गई। इसके बाद जरनवाला में भीड़ ने कई चर्चों में तोड़फोड़ की और कई घरों में आग लगा दी थी।

## एमक्यूएम नेता कंवर नवीद को आज किया जाएगा सुपुर्द-ए-खाक

**कराची।** मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट (एमक्यूएम) के नेता और सिंध विधानसभा के पूर्व सदस्य कंवर नवीद जमील (59) का गुरुवार को लंबी बीमारी के बाद कराची में निधन हो गया। जमील की बेटी ने यह जानकारी मीडिया को दी। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि उन्हें शुक्रवार को नमाज के बाद मुस्तफा मस्जिद के पास सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा।एमक्यूएम ने बयान के हवाले से मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि जमील का जन्म हैदराबाद में हुआ था। वह दो बार नेशनल असेंबली और दो बार सिंध असेंबली के सदस्य रहे। 2005 में उन्हें हैदराबाद का मेयर चुना गया। सिंध के गवर्नर कामरान खान टेसोरी, कराची के मेयर मुर्तजा वहाब और सिंध के पूर्व मुख्यमंत्री सैयद मुराद अली शाह ने एमक्यूएम नेता जमील के निधन पर गहरी संवेदना जताई है।



## अमेरिका में मुंबई हमले के आरोपित तहव्वुर राणा की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका खारिज

**वाशिंगटन।** अमेरिका के सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट ऑफ कोलंबिया में यूनाइटेड स्टेट डिस्ट्रिक्ट की एक अदालत ने 2008 में मुंबई में हुए आतंकवादी हमलों के आरोपित और पाकिस्तान मूल के कनाडाई व्यापारी तहव्वुर राणा की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका खारिज कर दी। अब अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन द्वारा उसे भारत प्रत्यर्पित करने के लिए प्रमाणपत्र जारी करने का रास्ता साफ हो गया है।

स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक न्यायाधीश डेल एस फिशर ने 10 अगस्त को तहव्वुर राणा की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका खारिज करने का आदेश जारी किया। उधर, राणा ने इस आदेश के खिलाफ नाइंथ सर्किट कोर्ट में याचिका दाखिल की है। इसमें सुनवाई होने तक उसके भारत प्रत्यर्पण पर रोक लगाए जाने का अनुरोध किया गया है। राणा ने जून में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की थी, जिसमें उसे भारत प्रत्यर्पित किए जाने के अमेरिकी सरकार के अनुरोध को स्वीकार किया गया था।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार भारत में एनआईए पाकिस्तान के आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादियों द्वारा 26 नवंबर 2008 को मुंबई में किए गए हमलों में राणा की भूमिका की जांच कर रही है। इन हमलों के दौरान अजमल कसाब नामक आतंकवादी जिंदा पकड़ा गया था। उसे 21 नवंबर 2012 को भारत में फांसी की सजा दी गई। बाकी आतंकवादियों को सुरक्षाबलों ने हमलों के दौरान ढेर कर दिया था। मुंबई आतंकवादी हमलों में छह अमेरिकी नागरिक सहित कुल 166 लोगों की जान गई थी।

## अमेरिकी राष्टपति चुनाव में भारतीय मूल के दावेदार विवेक रामास्वामी के मुरीद हुए एलन मस्क

**वाशिंगटन।** अगले वर्ष होने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव की सरगर्मियां तेज हो गयी हैं। इस चुनाव में भारतीय मूल के दावेदार विवेक रामास्वामी भी लोकप्रियता की ओर बढ़ रहे हैं। दुनिया के शीर्ष धनी लोगों में शामिल एलन मस्क भी रामास्वामी के मुरीद हो गए हैं। उन्होंने प्रशंसा करते हुए रामास्वामी को राष्ट्रपति पद का होनहार उम्मीदवार बताया है। विवेक रामास्वामी रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से उम्मीदवारी पेश कर रहे हैं और उनका मुकाबला पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से है। ट्रंप हालांकि, अभी भी रिपब्लिकन समर्थकों की पहली पसंद बने हुए हैं और अन्य उम्मीदवारों से काफी आगे हैं, लेकिन धीरे-धीरे ही विवेक रामास्वामी लगातार अपनी स्थिति को मजबूत कर रहे हैं।

एलन मस्क ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर विवेक रामास्वामी का एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में विवेक रामास्वामी मशहूर पत्रकार टकर कार्लसन से बात करते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो को शेयर करते हुए कैप्शन में एलन मस्क ने लिखा कि 'यह एक होनहार उम्मीदवार है।' विवेक रामास्वामी अपने चुनाव प्रचार के दौरान कह चुके हैं कि वह चीन को अमेरिका के लिए सबसे बड़ा खतरा मानते हैं। उन्होंने ये भी कहा कि अगर वह राष्ट्रपति चुने जाते हैं, तो वह चीन के साथ संबंधों को पूरी तरह से खत्म कर लेंगे। रामास्वामी ने कहा कि वह प्रशांत महासागर में होने वाले व्यापार में अमेरिका को फिर से शामिल करेंगे। साथ ही भारत, जापान और दक्षिण कोरिया जैसे देशों के साथ व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने पर फोकस करेंगे। विवेक रामास्वामी का जन्म 9 अगस्त, 1985 को हुआ था। इससे पूर्व उनके माता-पिता भारत के केरल से आकर अमेरिका में बस गए थे। रामास्वामी का बचपन ओहायो के सिनसिनाटी में गुजरा और उन्होंने हार्वर्ड यूनिवर्सिटी से स्नातक किया और फिर येल यूनिवर्सिटी से कानून की पढ़ाई की है।




## ट्रंप को जहर मिला पत्र भेजने वाली महिला को 22 साल जेल की सजा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को उनके कार्यकाल के दौरान जहर मिला पत्र भेजने के मामले में अदालत ने एक कनाडाई महिला को सजा सुनाई है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक जिला न्यायाधीश डाबनी फ्रेडरिक ने इस मामले में दोषी 56 वर्षीय पास्केल फेरियर को 22 साल के जेल की सजा सुनाई। सजा पूरी होने के बाद उसे अमेरिका से निर्वासित कर दिया जाएगा। अगर वह कभी वापस लौटी, तो उसे जीवन भर निगरानी का सामना करना पड़ेगा। न्यायाधीश फ्रेडरिक ने महिला से कहा कि उसकी हरकतें घातक और समाज के लिए हानिकारक थीं। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि पास्केल फेरियर को फ्रांस और कनाडा की दोहरी नागरिकता प्राप्त है। फेरियर ने अदालत से कहा कि उसे अफसोस है कि उसकी योजना विफल हो गई। वह खुद को एक कार्यकर्ता के रूप में देखती हैं, आतंकवादी के रूप में नहीं। फेरियर को सितंबर 2020 में बफेलो, न्यूयॉर्क में सीमा पार करते हुए गिरफ्तार किया गया था। वह एक बंदूक, चाकू और गोला-बारूद ले जा रही थी। उल्लेखनीय है कि 2014 में तत्कालीन राष्ट्रपति बराक ओबामा और अन्य अधिकारियों को राइसिन युक्त पत्र भेजने के बाद मिसिसिपी के एक व्यक्ति को 25 साल जेल की सजा सुनाई गई थी।



## नाइजीरिया : डाकुओं के हमले के शिकार सैनिकों की मदद को गया हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, 25 की मौत

**अबूजा।** नाइजीरिया में डाकुओं के हमले के शिकार सैनिकों की मदद के लिए गया हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसमें 21 नाइजीरियाई सैनिकों सहित 25 की मौत हो गयी। जानकारी के मुताबिक नाइजीरिया की राजधानी अबूजा के पास नाइजर चुकुबा गांव में सशस्त्र डाकुओं ने सैनिकों पर हमला कर दिया था। डाकुओं के हमले में मारे और घायल हुए सैनिकों की मदद के लिए भेजा गया हेलिकॉप्टर अबूजा में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना में 21 नाइजीरियाई सैनिकों सहित 25 लोगों की जान चली गई। नाइजीरियाई सेना के प्रवक्ता मेजर जनरल एडवर्ड बूबा ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि दुर्घटना के समय विमान में दो पायलट और दो चालक दल के सदस्यों के अलावा 14 सैनिक और सात घायल जवान थे। दुर्घटना के कारणों की जांच चल रही है। अधिकारियों ने अभी तक निकासी मिशन की जानकारी या दुर्घटना के बारे में कोई बड़ा खुलासा नहीं किया है। अभी यह भी नहीं बताया गया कि हादसे में कोई जीवित बचा भी है या नहीं।

इससे पहले नाइजीरिया के राष्ट्रपति बोला टीनुबू ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि ये अधिकारी और जवान एक निकासी मिशन के दौरान ड्यूटी पर थे। देश के प्रति अपनी समर्पित सेवा में उन्होंने अपनी जान कुर्बान कर दी। चुकुबा में हेलिकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से पहले डाकुओं के हमले में मारे गए सुरक्षाकर्मियों के शवों को निकाला जा रहा था। यह भी दावा किया जा रहा है कि हथियारबंद लोगों के पास अत्याधुनिक हथियार थे, जिससे हेलिकॉप्टर को भी मार गिराया जा सकता था। हेलिकॉप्टर ने कडुना एयरफील्ड से मिन्ना के लिए उड़ान भरी थी, लेकिन कडुना और मिन्ना दोनों के नियंत्रण टावरों से इसका संपर्क टूट गया।



## नेपाल में सोना तस्करी मामले में 48 घंटे में चीन के दो और नागरिक गिरफ्तार

**काठमांडू।** एक क्विंटल सोने की तस्करी मामले में पुलिस ने 48 घंटे के दौरान दो अन्य चीनी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में यह छठी गिरफ्तारी है। इस सनसनीखेज मामले में पुलिस अब तक चीन के 12 नागरिकों को गिरफ्तार कर चुकी है। नेपाल पुलिस के प्रवक्ता डिआईजी कुबेर कडायत ने बताया कि इस मामले की जांच कर रहे केन्द्रीय अनुसंधान ब्यूरो ने बीती रात काठमांडू स्थित एक अपार्टमेंट में छापा मारकर अवैध रूप से लम्बे समय से रह रहे दो चीनी नागरिकों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने फिलहाल इनके नामों का खुलासा नहीं किया है।दोनों को आज काठमांडू जिला अदालत में पेश किया जाएगा। सीआईबी ने बुधवार को दो अलग-अलग ठिकानों पर छापा मारकर चार चीनी नागरिकों को गिरफ्तार किया था। इनमें डिंग सेल्फा और ली नेंकाइ को काठमांडू के डाउन टाउन अपार्टमेंट से हिरासत में लिया गया था। ये दोनों सोने की खेप को एयरपोर्ट से लेकर उन्हें उस गोदाम तक पहुंचाना जो सिर्फ इसी काम के लिए बनाया गया था। इसी तरह तियान मिन और वेंग तोई को काठमांडू के ठमेल में एक रेस्टोरंट केटीबी कराओके से हिरासत में लिया गया था। इनके जिम्मे सोने की तस्करी से जुड़े चीनी नागरिकों को ठहराने और उनके मनोरंजन कराने की जिम्मेदारी थी।



## पाकिस्तान के कार्यवाहक मंत्रिमंडल में आतंकी यासीन मलिक की पत्नी पीएम की सलाहकार

**– राष्ट्रपति डॉ. आरिफ अल्वी ने कार्यवाहक प्रधानमंत्री की मौजूदगी में सोलह मंत्रियों को शपथ दिलाई**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कार्यवाहक मंत्रिमंडल ने शपथ ली। सोलह मंत्रियों के शपथ लेने के साथ ही भारत की जेल में सजा काट रहे आतंकी यासीन मलिक की पत्नी कार्यवाहक प्रधानमंत्री का सलाहकार बनकर सरकार का हिस्सा रहेंगी। पाकिस्तान के कार्यवाहक मंत्रिमंडल का हिस्सा बनाया गया। सभी मंत्रियों को कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवर उल हक काकर की उपस्थिति में राष्ट्रपति डॉ. आरिफ अल्वी ने शपथ दिलाई।

कार्यवाहक मंत्रिमंडल में वरिष्ठ पत्रकार मुर्तजा सोलांगी को सूचना मंत्री, डॉ. उमर सैफ को सूचना एवं दूरसंचार मंत्री, स्टेट बैंक के पूर्व गवर्नर शमशाद अख्तर को वित्त मंत्री बनाया गया है। इनके अलावा गोहर इजाज को उद्योग और व्यापार मंत्री, जलील अब्बास जिलानी को विदेश मंत्री, अहमद इरफान को कानून मंत्री, सरफराज बुगती को आंतरिक मंत्री, जमाल शाह को संस्कृति मंत्री और डॉ. नदीम जन को स्वास्थ्य मंत्री और अनीक अहमद को धार्मिक मामलों का मंत्री बनाया गया है।

पाकिस्तान की कार्यवाहक सरकार के शपथ की तैयारियों के बीच चर्चा रही कि भारत की जेल में बद आतंकी यासीन मलिक की पत्नी मुशाल हुसैन मलिक भी कार्यवाहक मंत्री बनेगी। मुशाल को मानवाधिकार मामलों का मंत्री बनाने की चर्चा रही। बाद में यह तथ्य प्रकाश में आया कि मुशाल को पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवर उल हक काकर का सलाहकार बनाया जाएगा।



## भारतीय मूल के थरमन सहित तीन लोग राष्ट्रपति चुनाव में भाग लेने के लिए योग्य, एक सिंतबर होगा चुनाव

**सिंगापुर।** सिंगापुर में जन्मे भारतीय मूल के थर्मन शनमुगरत्नम और सरकार से जुड़ी कंपनियों के दो चीनी मूल के पूर्व अधिकारियों ने एक सितंबर को राष्ट्रपति चुनाव में भाग लेने के लिए अर्हता प्राप्त कर ली है। इसकी घोषणा शुक्रवार को की गई। चुनाव विभाग (ईएलडी) ने कहा कि राष्ट्रपति चुनाव समिति (पीईसी) को गुरुवार की समय सीमा तक पात्रता प्रमाणपत्र के लिए कुल छह आवेदन प्राप्त हुए। सिंगापुर ने पहले कहा था कि अगर एक से अधिक व्यक्ति राष्ट्रपति पद के लिए अर्हता प्राप्त करते हैं तो वह एक सितंबर को राष्ट्रपति चुनाव कराएगा। निवर्तमान राष्ट्रपति हलीमा याकूब का छह साल का कार्यकाल 13 सितंबर को समाप्त होगा। राष्ट्रपति चुनाव के लिए उम्मीदवार के रूप में अर्हता प्राप्त करने वाले दो चीनी मूल के मुख्य निवेश अधिकारी एनजी कोक सोंग और पूर्व एनटीयूसी आय मुख्य कार्यकारी टैन किन लियान हैं।चुनाव विभाग ने कहा कि थर्मन ने सार्वजनिक क्षेत्र के सेवा ट्रैक के तहत अपनी उम्मीदवारी पेश की, जबकि एनजी कोक ने सार्वजनिक क्षेत्र के विचार-विमर्श ट्रैक के तहत आवेदन किया और टैन किन ने निजी क्षेत्र के विचार-विमर्श ट्रैक के तहत आवेदन किया है। 26 जुलाई को राष्ट्रपति पद के लिए अपनी उम्मीदवारी शुरू करने वाले थर्मन ने सार्वजनिक क्षेत्र की सेवा आवश्यकताओं को पूरा किया। इसके लिए जरूरी कम से कम तीन वर्षों तक मंत्री के रूप में उन्होंने पद संभाला है। 66 वर्षीय थर्मन ने राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़ने के लिए पिछले महीने सार्वजनिक और राजनीतिक पदों से इस्तीफा दे दिया था। 2001 में राजनीति में शामिल होने से पहले थर्मन मुख्य रूप से सिंगापुर के मौद्रिक प्राधिकरण में एक अर्थशास्त्री और सिविल सेवक थे।

उन्होंने शिक्षा और वित्त मंत्री के रूप में कार्य किया और 2011 से 2019 तक देश के उपप्रधान मंत्री रहे। एनजी, टैन और थर्मन के लिए अगला कदम उम्मीदवारों के रूप में नामांकित होना है। उन्हें अपना नामांकन पत्र - पात्रता प्रमाण पत्र, सामुदायिक प्रमाण पत्र और राजनीतिक में योगदान के प्रमाण पत्र के साथ 22 अगस्त को नामांकन के दिन जमा करना होगा। ईएलडी ने उन उम्मीदवारों के नाम नहीं बताए हैं जो राष्ट्रपति पद की दौड़ के लिए अर्हता प्राप्त नहीं कर सके, लेकिन मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि व्यवसायी जॉर्ज गोह उन लोगों में से हैं, जो योग्यता आवश्यकताओं को पूरा नहीं करते। गोह पिछले एक महीने से प्रचार कर रहे थे।

ईएलडी ने कहा, लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष ली त्जु यांग की अध्यक्षता वाली और सुप्रीम कोर्ट के दो न्यायाधीशों सहित छह सदस्यीय पीईसी इस बात से संतुष्ट है कि एनजी, टैन और थर्मन ईमानदार, अच्छे चरित्र और प्रतिष्ठा वाले व्यक्ति हैं।शों सहित छह सदस्यीय पीईसी इस बात से संतुष्ट है कि एनजी, टैन और थर्मन ईमानदार, अच्छे चरित्र और प्रतिष्ठा वाले व्यक्ति हैं।



## ई-संजीवनी टेलीमेडिसिन से एक करोड़ से अधिक रोगियों को मिला उपचार

**लखनऊः** प्रदेश में जनसमुदाय को गुणवत्तापरक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवायें प्रदान करने के उद्देश्य से समस्त स्वास्थ्य उपकेन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को हेल्थ एण्ड वेलनेस सेण्टर के रूप में सुदृढ़ीकृत किया जा रहा है। विभिन्न जनपदों के चिकित्सा महाविद्यालयों, जिला चिकित्सालयों एवं अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थानों (एम्स) में स्थापित टेली मेडिसिन हब की सहायता से समस्त हेल्थ एण्ड वेलनेस सेण्टरों द्वारा टेलीमेडिसिन/टेली कन्सल्टेशन की सुविधायें प्रदान की जा रही हैं। इस प्रकार ई-संजीवनी एप की मदद से मिलने वाली टेलीमेडिसिन/टेली कन्सल्टेशन सुविधा प्राप्त करने वाले लाभार्थियों का आंकड़ा एक करोड़ को पार कर गया है।टेलीमेडिसिन/टेली कन्सल्टेशन सेवा के अन्तर्गत रोगियों द्वारा पराचिकित्सक/चिकित्सक के माध्यम से सामान्य एवं विशेषज्ञ चिकित्सक से चिकित्सकीय परामर्श प्राप्त किया जाता है। इस सुविधा के अंतर्गत रोगी सर्वप्रथम हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर पर पहुँचता है, जहाँ पर रोगी की विभिन्न प्रकार के परीक्षण व जाँचें की जाती है। तत्पश्चात हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर पर तैनात कम्यूनिटी हेल्थ ऑफिसर/चिकित्साधिकारी द्वारा रोगी के परीक्षण एवं जाँच सम्बन्धी समस्त जानकारी पोर्टल पर अंकित की जाती हैं। जहां से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात चिकित्सकों से परामर्श लिया जाता है, रोगी की स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रदेश के विभिन्न जनपदों के जिला चिकित्सालयों, चिकित्सा महाविद्यालयों एवं अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थानों (एम्स) में स्थापित टेली मेडिसिन हब पर उपलब्ध चिकित्सक एवं एक्सपर्ट डाक्टर्स को कॉल कनेक्ट करते हुए वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से रोगियों को चिकित्सकीय परामर्श प्रदान कराया जाता है। चिकित्सक एवं एक्सपर्ट डाक्टर्स द्वारा दी गई ई-प्रिसक्रिप्शन के अनुसार रोगी को हेल्थ एण्ड वेलनस सेण्टर, सी.एचसी, पी.एच.सी. पर ही औषधियाँ एवं अन्य सुविधायें प्रदान की जाती है।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।